# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार, 31 जनवरी 2026


सोने-चांदी में तूफानी तेजी में अब ब्रेक

## चांदी 67,000 गिरकर 3.32 लाख रुपए पर पहुंची



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी को बड़ी गिरावट देखी गई। एमसीएक्स पर चांदी 67 हजार रुपए (17%) गिर गई थी। 1 किलो चांदी का भाव 3.32 लाख रुपए पर आ गया था। सोने में भी सुबह के कारोबार के दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर






मप्र संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव का ऐलान

# संविदा कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए बनेगी एसीएस की अध्यक्षता में समिति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान राम को जिस तरह हनुमान की जरूरत थी, उसी तरह सरकार को संविदा कर्मचारियों की। संविदाकर्मी अनुबंध से अवश्य आते हैं, किन्तु व्यवस्थाओं के प्रबंधन में विराट भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं हों या शिक्षा, पंचायत, नगरीय निकाय या तकनीकी सेवाएं, मैदानी स्तर पर सर्वे, मॉनीटरिंग और क्रियान्वयन में संविदा भाई-बहन हर जगह व्यवस्था के भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़े हैं। डॉ. यादव ने कहा कि संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है। उन्होंने घोषणा की कि विभिन्न विभागों, योजना, परियोजना में पदस्थ संविदा कर्मचारियों की विसंगतिपूर्ण ▶▶ शेष पेज 4 पर

**»** ***संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व***

**»** ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविदाकर्मियों के लिए कीं कई महत्वपूर्ण घोषणाएं***



संबोधित करते हुए सीएम

### सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी। संविदा कर्मचारियों के लिए जो भी निर्णय हो सकते हैं, उससे अधिक करने का प्रयास करेंगे। नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा। मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच, वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के साथ ▶▶ शेष पेज 2 पर



प्रदेश भर से आए संविदाकर्मी

### संविदाकर्मियों के लिए की ये घोषणाएं

- 10 वर्ष से अधिक अनुभवी संविदाकर्मियों को नियमित पदों पर संविलियन की अभी तक 50 प्रतिशत पदों के लिए प्रक्रिया जारी है, इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा।
- सामान्य प्रशासन विभाग संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी कंडिकाओं का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य शासन के निगम मंडल इसे लागू करेंगे।
- कृषि विभाग की आत्मा योजना, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों में संविदा नीति-2023 के तहत समकक्षता का ▶▶ शेष पेज 4 पर


1984 से निरंतर सेवा...
MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


### डिप्टी सीएम बनेंगी सुनेत्रा, बैठक आज



मुंबई। एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने बताया कि हम सीएम से मिले हैं। शनिवार को विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को पार्टी नेता घोषित करेगी। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

### एपल का नया रिकॉर्ड भारत बना ग्रोथ का केंद्र



**नई दिल्ली।** एपल के सीईओ टिम कुक ने हालिया अर्निंग कॉल के दौरान बताया कि कंपनी के एक्टिव डिवाइस की संख्या अब 250 करोड़ तक पहुंच चुकी है। इसमें आईफोन, आईपैड, और अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

*सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और साफ शौचालयों को लड़कियों का 'संवैधानिक अधिकार' घोषित किया*

# सभी स्कूलों में 'मुफ्त' सैनेटरी नैपकिन देने का आदेश, नहीं तो रद्द होगी मान्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने देश की लाखों छात्राओं के पक्ष में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए साफ कर दिया है कि स्कूलों में शौचालय और सैनिटरी नैपकिन की कमी लड़कियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच न होना सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह गरिमा और निजता के अधिकार से जुड़ा है। कोर्ट के मुताबिक शिक्षा एक 'मल्टीप्लायर राइट' है जो अन्य सभी मानवाधिकारों के रास्ते खोलता है, इसलिए मासिक धर्म के दौरान सुविधाओं का अभाव लड़कियों को पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर नहीं करना चाहिए। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। यह ऐतिहासिक फैसला मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की नेता जया ठाकुर द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर आया है, जिसमें ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की बदहाली का मुद्दा उठाया गया था। याचिका में बताया गया था कि बुनियादी सुविधाओं और नैपकिन की कमी के कारण बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस रुख के बाद अब स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता ▶▶ शेष पेज 4 पर

*कोर्ट के मुताबिक शिक्षा एक 'मल्टीप्लायर राइट' है जो अन्य सभी मानवाधिकारों के रास्ते खोलता है, इसलिए मासिक धर्म के दौरान सुविधाओं का अभाव लड़कियों को पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर नहीं करना चाहिए*

**यह ऐतिहासिक फैसला मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की नेता जया ठाकुर की जनहित याचिका पर आया**



फाइल फोटो

**»** ***कोर्ट ने कहा कि इन सुविधाओं का अभाव शिक्षा और गरिमा का सीधा उल्लंघन है***

**»** ***राज्यों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे***

### प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के लिए कड़े निर्देश

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करना सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि निजी स्कूलों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में लड़कियों के लिए अलग और साफ शौचालय हो जिसमें पानी और साबुन की पूरी व्यवस्था रहे। इसके साथ ही सभी स्कूलों में अच्छी क्वालिटी के बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन मुफ्त में उपलब्ध कराए जाने चाहिए। स्कूलों में एक खास मेंस्ट्रुअल हाईजीन मैनेजमेंट (एमएचएम) कॉर्नर बनाया जाए, जहां छात्राओं को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त यूनिफॉर्म और डिस्पोजेबल बैग जैसी सुविधाएं मिल सकें।

### ये हैं निर्देश

1. हर स्कूल में लड़कियों के लिए अलग और साफ शौचालय हो जिसमें पानी और साबुन की पूरी व्यवस्था रहे
2. स्कूलों में एक खास मेंस्ट्रुअल हाईजीन मैनेजमेंट (एमएचएम) कॉर्नर बनाया जाए जहां छात्राओं को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त यूनिफॉर्म और डिस्पोजेबल बैग जैसी सुविधाएं मिल सकें

### इसमें बेटियों की क्या गलती है?

फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने समाज में व्याप्त रूढ़ियों पर बेहद संवेदनशील टिप्पणी की और उन लड़कियों को ढांढस बंधाया जो शर्म के कारण स्कूल नहीं जा पातीं। कोर्ट ने कहा कि जो लड़कियां मासिक धर्म की वजह से खुद को 'अशुद्ध' मानकर पढ़ाई से दूर हो जाती हैं, उन्हें यह ▶▶ शेष पेज 4 पर



अस्पताल में प्रसूता और नवजात

*विदिशा में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही... कई बार कॉल करने के बाद भी नहीं आई एंबुलेंस*

# ठंड में सड़क पर ही तिरपाल ओढ़ाकर मोबाइल टॉर्च की रोशनी में कराया प्रसव

**»** ***3 घंटे तक जच्चा-बच्चा सड़क पर रहे, सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले के पठारी क्षेत्र के छपारा गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। गुरुवार रात लेबर पेन शुरू होने पर संध्या पति संजय आदिवासी के परिजनों ने 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस को कई बार कॉल किया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई वाहन नहीं पहुंचा। मजबूर होकर परिजन गर्भवती को पैदल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने निकल पड़े। रास्ते में दर्द बढ़ने पर गढ़ी मोहल्ला स्थित राशन दुकान के सामने महिला को सड़क किनारे लेटा दिया गया। कड़ाके की ठंड और खुले आसमान के नीचे मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में प्रसव कराया गया। गांव की चौकीदार हरी बाई और स्थानीय दाई राजबाई ने तिरपाल ओढ़ाकर सुरक्षित डिलीवरी कराई। करीब तीन घंटे तक मां और नवजात बच्ची सड़क पर ही रहीं। रात करीब तीन बजे स्थानीय निवासी संजय जैन अपनी कार से उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में दोनों की हालत स्थिर बताई गई है। सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मोबाइल की टॉर्च जलाकर खड़ा रहा पति

खुले आसमान के नीचे, कड़ाके की ठंड में डिलीवरी के लिए संध्या का पति मोबाइल की टॉर्च जलाकर खड़ा रहा। महिला को ठंड से बचाने के लिए सिगड़ी जलाई गई। प्लास्टिक की तिरपाल ओढ़ा दी गई। पठारी की चौकीदार हरी बाई मौके पर पहुंचीं। उन्होंने हालात की गंभीरता को समझते हुए स्थानीय दाई राजबाई को बुलाया। दोनों ने मिलकर सुरक्षित प्रसव कराया।

सक्रिय बदमाश की गिरफ्तारी के लिए आई थी टीम

**20 गाड़ियों में आए थे हथियारबंद बदमाश**

# गोवा पुलिस पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला, 2 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलीराजपुर

एक आरोपी को गिरफ्तार करने आई गोवा पुलिस की टीम नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला बोल दिया। पुलिस टीम आरोपी हीरा सिंह बामनिया की गिरफ्तारी के लिए अलीराजपुर पहुंची थी। जैसे ही हीरा सिंह बामनिया को गिरफ्तार किया गया भीड़ ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। हमले में गोवा पुलिस के दो जवान घायल हो गए। गोवा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर सीताराम मलिक भी हमले में घायल हैं। उनके कंधे पर चोट आई है। अचानक हुए हमले और चोटों के बावजूद, पुलिस आरोपी को रोकने में कामयाब रही। स्थानीय पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा। बोरी पुलिस स्टेशन इलाके का रहने वाला बामनिया 2009 से एक सक्रिय अपराधी है और 2020 से कई मामलों में वांछित था। आरोप है कि वह पांच साल से ज्यादा समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। गोवा पुलिस की एक टीम ने उसे अलीराजपुर में ट्रैक किया और उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गोवा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बोरी पुलिस स्टेशन में कागजी कार्रवाई और मेडिकल जांच पूरी की। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस आरोपी की ट्रांजिट रिमांड लेकर निकली थी। जैसे ही पुलिस की गाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा से बाहर निकली, उस पर अचानक हमला हो गया। पुलिस ने बताया कि 15 से 20 बाइक सवार हमलावरों ने पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया। सभी आरोपियों ने अपने चेहरे ▶▶ शेष पेज 4 पर



जांच करती पुलिस टीम

भारत-बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग के लिए कोलकाता हाईकोर्ट ने दिए थे निर्देश

राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने लगाए आरोप: बंगाल के लगभग नौ जिले में भूमि आवंटन की प्रक्रिया होनी है

# पश्चिम बंगाल में राजनीतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ 'समझौता'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बंगाल में राजनीतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया गया। पश्चिम बंगाल की जनता आगामी चुनावों में भाजपा को निर्णायक जनादेश देगी।



डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में कोलकाता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक कड़ा निर्देश दिया है कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा फेंसिंग के कार्य के लिए, जहां पश्चिम बंगाल के लगभग नौ जिले आते हैं, वहां भूमि आवंटन की प्रक्रिया को तत्काल पूरा किया जाए और 31 मार्च 2026 तक इसे सुनिश्चित किया जाए। यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में ▶▶ शेष पेज 4 पर



सीमा पर बीएसएफ जवान

### कर्नाटक में 6000 करोड़ के शराब घोटाले का जिक्र

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक भारत का एक अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है, जिसमें अपार संभावनाएं निहित हैं, परंतु दुर्भाग्य से पिछली बार जब कांग्रेस के हाथों में शासन आया, तो राज्य की दिशा और दशा पर गंभीर प्रश्न खड़े होने लगे। हाल ही में कर्नाटक की वाइन मर्चेंट एसोसिएशन, अर्थात शराब के व्यापारियों की संस्था ने कांग्रेस सरकार पर 6000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले का आरोप लगाया है। यह आरोप भारतीय जनता पार्टी या किसी विपक्षी दल द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं उस भ्रष्टाचार के भुक्तभोगियों द्वारा लगाया गया है। कर्नाटक वाइन मर्चेंट एसोसिएशन ने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार रेस्टोरेंट से लेकर होटलों तक के अलॉटमेंट में, सरकार के विभिन्न स्तरों पर बैठे मंत्रियों और अन्य लोगों तक व्यवस्थित रूप से भ्रष्टाचार का पैसा पहुंचता था।

दो दिन मनाया जाएगा रंगों का पर्व, अलग-अलग परंपराएं 2 व 3 मार्च होलिका दहन को लेकर असमंजस की बन रही स्थिति

# इस साल होलिका दहन पर चंद्र ग्रहण और भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हर वर्ष की तरह इस बार भी रंगों का पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा, लेकिन इस साल होलिका दहन की तिथि, भद्रा और चंद्रग्रहण के संयोग के चलते असमंजस की स्थिति बन रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर मनाई जाने वाली होली इस बार 2 और 3 मार्च को दोनों दिन मनाई जाएगी। कहीं होलिका दहन 2 मार्च को होगा तो कहीं 3 मार्च को, जबकि रंगों की होली भी अलग-अलग दिन खेली जाएगी। दरअसल फाल्गुन पूर्णिमा की शुरुआत 2 मार्च को शाम 5:55 बजे होगी, जो अगले दिन 3 मार्च को शाम 5 बजकर 12 मिनट तक रहेगी। इसके बाद प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। इसी दौरान भद्रा का साया भी पड़ रहा है। भद्रा 2 मार्च को शाम 5.56 बजे से शुरू होकर 3 मार्च की सुबह 5.31 बजे तक रहेगी।

शास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन को अशुभमाना गया है, इसी कारण कई स्थानों पर लोग 2 मार्च की रात होलिका दहन नहीं करेंगे। तो वहीं 3 मार्च को अपराह्न 3.27 बजे से शाम 6.56 बजे तक चंद्रग्रहण भी रहेगा। हालांकि यह चंद्रग्रहण भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा। ग्रहण के कारण कई स्थानों पर लोग 3 मार्च को भी होलिका दहन को लेकर सावधानी बरत रहे हैं।

## दो दिन मनेगी होली


फाइल फोटो

मां चामुंडा दरबार पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार होलिका दहन व धुलेंडी पर्व को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। कुछ पंचांग में की तिथि के अनुसार दो को तो कुछ पंचांग की तिथि अनुसार 3 को होलिका दहन की बात सामने आ रही है। उन्होंने इस संबंध में जल्द ही प्रमुख पंडितों व ज्योतिषाचार्यों की बैठककर एक दिन तय किया जाएगा। इस संबंध में चर्चों का दौर चल रहा है। इसमें ज्यादातर पंडितों का मत 2 मार्च को होली मनाने को लेकर देखने को मिल रहा है। दरअसल ब्रिज में दो मार्च को होलिका दहन होकर 3 मार्च को धुड़ेली रहेगी। यानी 2 मार्च को व्रत की पूर्णिमा रहेगी। तो वहीं 3 मार्च को स्नानदान की पूर्णिमा रहेगी। तो वहीं कुछ पंडितों का कहना है कि 3 मार्च शाम को प्रदोष काल में होलिका दहन उचित रहेगा। प्रदोष काल सूर्यास्त से पौन घंटा पहले और पौन घंटा बाद में होता है। ऐसे में होलिका दहन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद करना ज्यादा उपयुक्त रहेगा। हालांकि इस दिन प्रदोष काल में प्रतिपदा शुरू हो जाएगी।

## शिव विवाह एवं बारात के लिए सभी देवी देवता को दिए न्यौता

**भोपाल।** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्रवार शुक्र प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर एवं मां कर्फ्यू वाली के विवाह उत्सव एवं भव्य शिव बारात हेतु सभी देवी देवताओं को निमंत्रित किया गया। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किए जाने वाले 21 दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात, कर्फ्यू वाली माता मंदिर में होने वाली वरमाला एवं अर्ध रात्रि में किए जाने वाले शिव- पार्वती विवाह की निमंत्रण पत्रिका पीले चावल, मिठाई, फल, मेवा के साथ सभी देवी देवताओं को अर्पित कर समस्त कार्यक्रमों में पधारने के लिए न्यौता दिया गया। वहीं मंदिर समिति द्वारा मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पहुंचकर माताजी को भी निमंत्रित किया गया। रात्रि 10 बजे महा आरती के बाद प्रसादी वितरण हुई।

मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गायत्री परिवार का व्यसन मुक्ति का संकल्प


गायत्री परिवार ने मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त भारत का संदेश दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गायत्री परिवार व्यसन मुक्ति का संकल्प बना और मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त भारत का संदेश दिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के तत्वावधान में तथा भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं, साधकों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, संस्कारयुक्त और आत्मनिर्भर जीवन शैली अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है।

## खबर संक्षेप

### न्यू मार्केट व पुराने शहर के बाजारों से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने शुक्रवार को न्यू मार्केट व पुराने शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और आठ ट्रक सामान जब्त किया। निगम अमले ने न्यू मार्केट के अलावा पुराने शहर के व्यस्ततम बाजार क्षेत्रों बुधवारा चार बत्ती चौराहा, कोतवाली रोड, मंगलवारा, आजाद मार्केट, जुमेराती, चौक बाजार, नदीम रोड, मारवाड़ी रोड, बिरजीसिया मस्जिद रोड, इब्राहिमपुरा, रंजन पेन कार्नर तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया।

### रक्तदान से बचाई जा सकती हैं कई जिंदगियां: दुबे



**भोपाल।** राजधानी के डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में शुक्रवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने बताया कि शिविर में आईएएस ऑफिसर्स व्हाइफस एसोसिएशन, नगर निगम, अस्पताल चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों सहित 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया गया। डॉ. रचना दुबे ने बताया कि शिविर में एकत्रित रक्त का उपयोग गंभीर मरीजों के लिए होगा, जिससे उनकी जान बचाई जा सके।

### निर्देश के बाद शिक्षिका को हुआ वेतन का भुगतान

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी कॉलेज की बीएड की एक शिक्षिका को वेतन नहीं देने के मामले में जांच के बाद बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षिका को वेतन दिलवाया है। मामले में विवि प्रशासन ने शिकायत की जांच से.नि. जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं लोकपाल शिशिर कांत चौबे को सौंपी थी। जांच कर कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिए गए थे कि शिक्षिका अंजू श्रीवास्तव को तत्काल 88 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाए, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा शिक्षिका को भुगतान किया गया है।

### तीन फरवरी को मनाई जाएगी शबे-बारात

**भोपाल।** शाबान माह के साथ ही 3 फरवरी को शबे-बारात का त्यौहार मनाया जाएगा, जिसमें बंदे रात भर जागकर इबादत करेंगे। इस मौके पर कब्रिस्तानों में दरूद और फातिहा भी पढ़ी जाएगी। बंदे इस दिन रोजा रखकर भी इबादत करते हैं। शबे-बारात के पंद्रह दिन बाद रमजान का चांद देखा जाएगा। इस लिहाज से 18 फरवरी को रमजान का चांद देखा जाएगा। जिसके बाद एक माह के रोजे रखने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। आल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष अहमद खुर्रम ने बताया कि 3 फरवरी को शबे-बारात मनाई जाएगी। इस रात में नफिल नमाज और इबादत करके दुआएं मांगी जाती हैं। पूरी रात इबादत का सिलसिला जारी रहता है। मस्जिदों, दरगाहों, कब्रिस्तानों की साफ-सफाई की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पुराने ढर्रे पर भोपाल नगर निगम की डॉग स्क्वॉड...

# 120 फीडिंग स्पॉट, 9 संवेदनशील, तीन एबीसी सेंटर तय, पर कागजों में, मौके पर एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद शहर में स्ट्रीट डॉग से हो रहे हादसों की रोकथाम के उपाय करना तो दूर व्यवस्था अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चल रही है। रोजाना 70 से 80 स्ट्रीट डॉग को पकड़कर उनकी नसबंदी के बाद वापस छोड़ने का काम चल रहा है। अभी तक न तो एबीसी सेंटर बने न ही स्ट्रीट डाग के लिए फीडिंग स्पॉट की चालू हो पाए, जबकि स्कूलों, कॉलेजों, अस्पताल, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर भी कोई सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था नहीं हो पाई।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शहर में स्ट्रीट डॉग के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए फीडिंग स्पॉट तय किए गए। उन्हें कहीं भी किसी के द्वारा भोजन देने पर प्रतिबंध लगाया गया, लेकिन यह स्पॉट नहीं बने। करीब सवा लाख स्ट्रीट डॉग के लिए तीन नए एबीसी सेंटर खोलने की योजना भी बनी। वर्तमान में तीन एबीसी सेंटर निगम के संचालित हो रहे हैं। शहर में 9 संवेदनशील ऐसे स्थान भी चिन्हित किए जहां से स्ट्रीट डॉग को पकड़कर शेल्टर होम भेजा जाना था यह भी कागजों में ही प्लॉन रह गया। निगम प्रशासन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही निगम काम कर रहा है।

**राजधानी की सडकों, गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में सवा लाख से ज्याद स्ट्रीट डॉग**

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कागजों में चल रही है प्लानिंग, आदेश-निर्देश दिए जा रहे हैं, काम नहीं हो रहा**

## इन निर्देशों पर भी नहीं हुआ अमल


फाइल फोटो

सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिए गए थे कि बस स्टैंड, डिपो, इंटर स्टेट बस टर्मिनल का प्रबंधन करने वाले नगरीय निकाय परिसर को इस प्रकार से सुरक्षित करेंगे कि उसमें स्ट्रीट डॉग प्रवेश न कर सके। नगरीय निकाय स्ट्रीट डॉग को भोजन देने के लिए जगह चिन्हित करेंगे। उन स्थलों के अलावा कोई व्यक्ति, संस्था भोजन के रूप में रोटी,बिस्कट व अन्य खादय पदार्थ देता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## एक साल में 30 फीसदी नसबंदी में वृद्धि का दावा

बीते एक साल में निगम शहर में स्ट्रीट डॉग की नसबंदी में भले ही 30 फीसदी वृद्धि और डाग बाइट की घटनाओं में कमी का दावा कर रहा हो, लेकिन स्ट्रीट डॉग की मौजूदा संख्या को देखते हुए 9 एबीसी सेंटर की जरूरत के बाद भी इनकी संख्या नहीं बढ़ी।

### 3 एबीसी सेंटर में रोज पहुंच रहे 70-80 कुत्ते

शहर के कजलीखेड़ा, आदमपुर और अरवलिया में एबीसी सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सेंटरों पर रोज 70-80 स्ट्रीट डॉग की नसबंदी हो रही है। शुक्रवार को निगम अमले ने 71 डॉग को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा और नसबंदी के बाद 60 स्ट्रीट डॉग को छोड़ा। बाकी उपचार के लिए रखे गए।

### नगरीय प्रशासन ने यह जारी की थी एडवाइजरी

- प्रत्येक नगरीय निकाय द्वारा एबीसी रूल 2023 के नियम 09(4) के प्रावधानित स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति का तत्काल गठन किया जाए।
- आवास पशुओं के नियंत्रण के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।
- सभी नगरीय निकाय स्कूलों, कॉलेज, अस्पताल, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर फैंसिंग, बाउंड्रीवॉल, गेट ऐसे संरक्षित किए जाएं कि उनमें स्ट्रीट डॉग प्रवेश न कर पाए।
- सभी संस्थानों का प्रबंधन अपने संस्थान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा जो संस्थानों के रखरखाव एवं सफाई के लिए उत्तरदायी होगा।

14 से 20 फरवरी तक चलेगा रुद्राक्ष महोत्सव

# कुबेरेश्वर धाम रुद्राक्ष महोत्सव के चलते कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 110 के पार


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कुबेरेश्वर धाम सिहोर में अगले माह होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव का असर ट्रेनों व टैक्सी में देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ गई है, तो वहीं राजधानी से सिहोर जाने के लिए टैक्सी बुक कराने वालों सख्या भी बढ़ाई है। दरअसल सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 14 से 20 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया जाना है। सीहोर में ट्रेनों का स्टॉपेज कम होने के चलते छतीसगढ़, महाराष्ट्र, यूपी व प्रदेश के अन्य जिलों से आने वाले अधिकांश यात्री पहले ट्रेनों से भोपाल पहुंचेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से कुबेरेश्वर धाम रवाना होंगे। इसके चलते दूसरे प्रदेश व मप्र के अन्य जिलों से आने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में 14 से 20फरवरी के बीच वेटिंग लिस्ट 80 से 110 तक पहुंच गई है। ऐसे में इस दौरान ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेनों में आरक्षित सीट नहीं मिल रही है, जिससे वे परेशान हो रहे हैं।

### शताब्दी एक्सप्रेस में भी वेटिंग देखने को मिल

ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं छतीसगढ़, महाराष्ट्र, यूपी, गुजरात व मप्र के अन्य जिलों से भोपाल की ओर आने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में 80 से अधिक वेटिंग है। इसमें जहां दिल्ली व ग्वालियर से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में भी वेटिंग मिल रही है। इसी तरह भोपाल एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, तमिलनाडु एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस, छतीसगढ़ से आने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस छतीसगढ़ व गोंड़वाना एक्सप्रेस सहित अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों के स्लीपर क्लास में 100 से ऊपर वेटिंग है। टिकट कन्फर्म होने की भी संभावना कम है।

### अब तक 14 टैक्सी की हो चुकी बुकिंग

इस आयोजन के चलते टैक्सी बुक कराने वालों की संख्या बढ़ रही है। अलग-अलग ट्रैवल्स के यहां लगातार बुकिंग की जा रही है। राजधानी सहित अन्य आस-पास के जिलों के लोग पहुंचकर व दूसरे राज्यों के ऑनलाइन बुकिंग करा रहे है। राजधानी के मुस्कान टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों में सिहोर कुबेरेश्वर धाम के लिए करीब 14 टैक्सी की बुकिंग हुई है। इसमें जहां अधिकांश भोपाल के लोगों ने कराई है।

13 फरवरी तक मनेगा कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा

# कुष्ठ रोग का इलाज संभव है कलंक ही असली चुनौती है



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुष्ठ निवारण दिवस का आयोजन सिविल डिस्पेंसरी कमला नगर में किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, लेकिन कलंक ही असली चुनौती है' की थीम पर मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा, जेपी अस्पताल के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. एमपीएस चौहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुष्ठ रोगियों को ग्रिप ऐड एवं पदरक्षक वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके लोगों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अर्चना मिश्रा ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा संचालित किया जाएगा।

# एमएलबी विद्यालय में कॅरियर फेयर का किया आयोजन


कॅरियर फेयर समारोह में उपस्थित अतिथि और शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएमश्री शासकीय एमएलबी कन्या उमा विद्यालय बरखेड़ा भेल में कॅरियर फेयर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप सिंह (आईटीएस), अधिकारी – टेलीकॉम विभाग, बीएसएनएल उपस्थित रहे। डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि युवा अपने कॅरियर के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा कॅरियर से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनके संदेह दूर किए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्मिता मेश्राम, भावना मेहता, डॉ. जितेन्द्र पाल सिंह चौहान, कॅरियर इंचार्ज डॉ. विजेता भटनागर एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

सात दिवसीय शिविर में ग्रामीणों की कर रहे स्वास्थ्य जांच

# गोद ग्राम बोरदा में स्वास्थ्य एवं मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पंचायत बोरदा में लगाया शिविर।

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पंचायत बोरदा में दो फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरुकता एवं युवा सशक्तिकरण है। शिविर का शुभारंभ सरपंच बटन सिंह सूर्यवंशी एवं पंचायत सचिव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर योग, स्वच्छता एवं बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। तृतीय दिवस पर जल-ऊर्जा संरक्षण के लिए जन-जागरुकता अभियान चलाया गया। डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में लगभग 60 नागरिकों एवं बच्चों की जांच की गई। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एवं युवाओं में आत्महत्या रोकथाम विषय पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ। शिविर में शुक्रवार को दैनिक गतिविधियों के पश्चात नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के उपरांत शिविर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना से क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

**भोपाल।** मध्यप्रदेश एवं राजस्थान को सीधे रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना क्षेत्रीय संपर्क, औद्योगिक विकास एवं यात्री सुविधाओं की दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। यह परियोजना कुल 276 किलोमीटर लंबी है, जिसकी अनुमानित कुल लागत 3,035 करोड़ है। नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत कुल 27 स्टेशन हैं, जिनमें रामगंज मंडी, जुल्मी, झालावाड़, झालरापाटन, जूनाखेड़ा, अमेठा, अकलेरा, पचोला, घटोली, नयागांव, भोजपुर, देवपुरा, खिलचीपुर, राजगढ़, नरसिंहपुर, ब्यावरा, पीपलखेड़ा, सोनकच्छ, नरसिंहगढ़, जमुनियागंज, कुरावर, श्यामपुर, दोराहा, झरखेड़ा, मुगलियाहाट, संत हिरदाराम नगर एवं निशातपुरा डी केबिन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत कुल 276 किलोमीटर में से निशातपुरा डी केबिन से व्यावरा तक 111 किलोमीटर का रेलखंड भोपाल के अधीन आता है, शेष रामगंजमंडी से नरसिंहपुर तक 165 किलोमीटर का खंड कोटा मंडल के अधीन आता है। इस परियोजना में कुल 4 टनल, 4 महत्वपूर्ण ब्रिज, 34 मुख्य ब्रिज एवं 171 अंडरपास शामिल है।

हमारा उद्देश्य समस्याएं मिलाना नहीं है, व्यावहारिक, स्थायी और दूरदर्शी समाधान प्रदान करना है

# भोपाल के व्यापार और उद्योग को एक नई दिशा देने के लिए उन्नति पैनल प्रतिबद्ध: गोयल



पत्रकारवार्ता में जानकारी देते पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की प्रतिष्ठित संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में उन्नति पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भोपाल के चुनाव 1 फरवरी रविवार को होने वाले हैं, जिसमें भोपाल के व्यापारी एवं उद्योगपति के विश्वास, सहयोग और समर्थन से भोपाल के व्यापार और उद्योग को एक नई दिशा देने के लिए उन्नति पैनल प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य केवल समस्याएं मिलाना नहीं है, बल्कि व्यावहारिक, स्थायी और दूरदर्शी समाधान प्रदान करना डोडमने सशक्त व्यापारी समृद्ध भोपाल का सपना देखा है।

### चुनाव को लेकर व्यापारियों के हित के लिए संकल्प

आपका चैंबर आपके द्वार की योजना पर काम किया जाएगा। आपका चैंबर आपके द्वार योजना के अंतर्गत चैंबर ऑफ कॉमर्स को डिजिटल करके व्यापारियों को सुविधा देने का कार्य किया जाएगा।

### सरकार के साथ सशक्त प्रतिनिधित्व करेंगे

व्यापार एवं उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार, नगर निगम, विकास प्राधिकरण, पुलिस एवं विभागों के साथ नियमित संवादाटैक्स, लाइसेंस, इन्स्पेक्शन, जीएसटी, मजबूर एवं स्थानीय निकायों में व्यापारियों के हितों की प्रभावी पैरवी करना उद्देश्य, चेंबर को केवल संस्था नहीं बल्कि व्यापारियों की मजबूत आवाज बनाना है।

### पुराने व्यापारिक शहर में पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान

पुराने शहर एवं प्रमुख बाजारों में मैकेनाइज्ड मल्टी-लेवल पार्किंग एवं लॉजिस्टिक परियोजना के लिए ठोस कार्य योजना है। शहर के अंदर बाजारों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए शासन-प्रशासन से स्थासी समाधान, जिससे व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि हो। नगर निगम व स्मार्ट सिटी मैनेजमेंट के साथ मिलकर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को बढ़ावा देना। सुगम पार्किंग से ग्राहकों की संख्या में वृद्धि और व्यापार को नया बल मिलेगा। चैंबर व्यापारियों का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है, जो भोपाल के सभी छोटे, मध्यम व बड़े व्यापारियों को जोड़ने वाला सबसे बड़ा एकीकृत व्यापारिक मंच, इसमें नियमित नेटवर्किंग मीट, बिजनेस एक्सपो बीटूबी मीटिंग्स का आयोजन किया जाएगा।

### नये औद्योगिक क्षेत्र एवं क्लस्टर का विकास किया जाएगा

भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में नए औधोगिक क्षेत्र एवं सेक्टर-विशेष क्लस्टर (एमएसएमई फूड, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स आदि) के लिए पहला उद्योग स्थापना हेतु भूमि, बिजली, पानी, इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुमतियों में सहयोग, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

भोपाल
शनिवार, 31 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-13/14
वर्ष : 12, अंक : 301
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 पांचवां टी20 : सैमसन की फॉर्म में ...
विचार पेज
06 भविष्य का रोडमैप है ...

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट का किया शुभारंभ

# राष्ट्रीय अभयारण्य के कोर एरिया-बफर जोन के बीच तार फेंसिंग का काम तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र आईएफएस एसोसिएशन की शुक्रवार से दो दिनी समिट आईएफएस मीट-2026 शुरू हो गई। पहले दिन शुभारंभ मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में आईएएस, आईपीएस एवं अब आईएफएस मीट का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विभाग के वर्तमान अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बहुत कुछ सीखते हैं। भारतीय संस्कृति में वनों के साथ हमारा विशेष संबंध है। सनातन संस्कृति के 4 आश्रमों की व्यवस्था में गृहस्थ के बाद हम वानप्रस्थ आश्रम में वनों की महत्ता को समझते हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी-कर्मचारी जंगलों के आसपास रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लिए सहयोगी और ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ***वनों की सुरक्षा** और बेहतरी में योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 प्रदान किया*
- ***मुख्यमंत्री ने** वन विभाग का आईएफएस थीम सॉन्ग किया लॉन्च*
- ***ऐसे आयोजनों** के माध्यम से विभाग के वर्तमान अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बहुत कुछ सीखते हैं*


डॉ. गंगोपाध्याय की पत्नी को अवॉर्ड देते हुए

### श्रीधर वाकणकर के नाम पर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया

पीसीसीएफ हाफ वीएन अंबाडे ने कहा कि रातापानी अभयारण्य को डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। फॉरेस्ट गार्ड जगदीश अहिरवार के प्रयास को प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सराहा है। उन्होंने 125 दुर्लभ वन औषधियों का संकलन करने का कार्य किया है। पर्यावरण संरक्षण को समाज के प्रयासों के साथ भी जोड़ा जा रहा है। मप्र के वन हमारी राष्ट्रीय धरोहर है। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### सरकार असम से वन्य जीवों को लाने का प्रयास कर रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के वन विभाग की गतिविधियों और प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार असम से वन्य जीवों को लाने का प्रयास कर रही है। वन्य जीवों के संरक्षण में प्रदेश के जल संरचनाओं की बड़ी भूमिका है। वन महकमे की गतिविधियों का विस्तार नभ, थल, जल सभी ओर है। मुख्यमंत्री ने भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्ति अधिकारी और पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पीबी गंगोपाध्याय को प्रदेश के वनों की सुरक्षा और बेहतरी में उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 प्रदान किया। यह अवार्ड डॉ. गंगोपाध्याय की पत्नी श्रीमती गौरी गंगोपाध्याय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल एवं वन अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दूषित पानी से एक और मौत, कुल 31 जानें गईं

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के कारण शुक्रवार को एक और मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 वर्षीय एकनाथ सूर्यवंशी के रूप में हुई है। अब तक कुल 31 लोगों की जान जा चुकी है। एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था।



### टीआई ने हाईकोर्ट का नहीं माना आदेश, हुए सस्पेंड

**गुना।** जिले के कोतवाली थाना प्रभारी टीआई चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को हाई कोर्ट ग्वालियर ने सस्पेंड करने और उनके खिलाफ विभागीय जांच बैठाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह कार्रवाई एक युवती की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार न करने और न्यायिक आदेशों की अवहेलना को लेकर की है। हाई कोर्ट ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि एक माह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।



### महिला से मारपीट करने वाले नेता का इस्तीफा

**सतना।** नागौद भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन पर अपनी ही पार्टी की एक महिला नेता और उनकी बेटी को गोदाम में बुलाकर छेड़खानी करने और विरोध करने पर बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। इस घटना के दो वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें आरोपी खुलेआम महिलाओं पर हाथ उठाते हुए दिखाई दे रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो आरोपी ने इस्तीफा दे दिया है। गिरफ्तारी पर अब भी सस्पेंस बरकरार है।



## ओले-बारिश का दौर थमने के बाद ठंड और कोहरे का असर तेज

# राजगढ़ में 3 डिग्री, 19 शहरों में बढ़ी ठिठुरन, रात का पारा 10 डिग्री से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। ओले-बारिश का दौर थमने के बाद ठंड और कोहरे का असर तेज हो गया है। शुक्रवार सुबह सतना, रीवा और ग्वालियर में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 19 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजगढ़ प्रदेश का सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. ई दिव्या सुरेंद्रन के मुताबिक शुक्रवार सुबह सतना, रीवा, ग्वालियर और गुना में घना कोहरा दर्ज किया गया। इसके अलावा भोपाल, दतिया, खजुराहो, टीकमगढ़, नर्मदापुरम, इंदौर, राजगढ़, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, जबलपुर, मंडला, सागर, उमरिया, बालाघाट, विदिशा, अशोकनगर, रायसेन, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, सीहोर और डिंडौरी सहित कई जिलों में कोहरे का असर देखा गया।

### सतना, रीवा और ग्वालियर में छाया घना कोहरा

### मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र में शीतलहर की स्थिति


अशोक नगर में सुबह कोहरे का दृश्य

### उत्तर की बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठंड

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाएं और पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने के बाद आसमान साफ हो गया है, जिससे रात के समय तापमान में गिरावट देखी जा रही है। मालवा और बुंदेलखंड क्षेत्र में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है।

### शीतलहर से दिन में भी बढ़ेगी ठिठुरन

31 जनवरी और 1-2 फरवरी को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ऐसा होगा। प्रदेश में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू होने से दिन के समय में भी सर्दी बढ़ जाएगी। 31 जनवरी, 1-2 फरवरी को बारिश होने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने दो फरवरी तक भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### *तीन दिन फिर बारिश का अलर्ट*

*शनिवार और रविवार को ग्वालियर, मुरैना, दतिया, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल, सागर, रायसेन, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।*

## ग्वालियर में कोहरे का कहर... तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कार को रौंदा

# चार छात्रों की मौत, कार में फंसे शवों को 'क्रेन' से निकाला गया

कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त


हादसे के बाद का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां शुक्रवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबे के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सभी भिंड जिले के हैं।

सुबह करीब 8 बजे जैसे ही इनकी कार बंटू ढाबे के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है। सौरभ बीएससी एग्रीकल्चर का पेपर देने आगरा जा रहा था। कार उसके भाई की है। रास्ते में उसे ग्वालियर के लिए सवारी मिल गई, जिनकी हादसे में मौत हो गई। सौरभ के भाई अंकित ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे सौरभ घर से निकला था। उसकी उम्र 24 साल थी। परिवार में 2 भाई और एक बहन है। सुबह ग्वालियर में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक थी।

### कार, ट्रक में पूरी तरह से फंसी हुई थी



टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने हिस्से में झाड़ियों में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के बाद कार, ट्रक में पूरी तरह से फंसी हुई थी। क्रेन से ट्रक और कार को अलग किया गया, जिसके बाद शवों को बाहर निकाला जा सका। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह घना कोहरा और तेज रफ्तार बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## शंकराचार्य को मनाने में जुटे अफसर

### *वे बोले- लिखित माफी दें, पिटाई करने वाल अफसरों पर कार्रवाई हो*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगा सकते हैं। लखनऊ के कुछ उच्चाधिकारियों ने शंकराचार्य से संपर्क कर उन्हें मनाने की कोशिश शुरू कर दी है। अधिकारी शंकराचार्य से माघी पूर्णिमा पर संगम में स्नान के लिए आग्रह कर रहे हैं। शंकराचार्य ने स्नान करने के लिए कई शर्तें भी अधिकारियों के सामने रख दी हैं। जिसमें मौनी अमावस्या को अभद्रता करने वाले अधिकारी लिखित में माफी ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ संगम में स्नान के लिए कर रहे आग्रह

## सारणी में दर्दनाक हादसा

### *दिव्यांग की तीन पहिया बैटरी साइकिल में हुआ ब्लास्ट, मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

शुक्रवार शाम लगभग 8 बजे नगर के जस्तम चौक के पास एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। दिव्यांगजनों को दी जाने वाली तीन पहिया बैटरी चालित साइकिल की बैटरी में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे साइकिल में आग लग गई और उस पर सवार दिव्यांग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की पहचान सुनील कुमार लोखंडे (गुड्डू) पिता बलीराम लोखंडे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ दिव्यांग साइकिल से बाहर नहीं निकल पाया

## भोपाल के गुलाब उद्यान में 3 दिन तक चलेगा राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव



### मध्यप्रदेश के फूलों की सुगंध अब पहुंच रही है पेरिस और लंदन तक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा गर्व का विषय है कि मप्र देश में पुष्प उत्पादन में अग्रणी राज्य है। मप्र के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पुष्प केवल प्रकृति की नहीं हमारे भावों की भी सुंदर और सशक्त अभिव्यक्ति हैं। जन्म से लेकर जीवन के हर मंगल अवसर तक पुष्प हमारे भावों को अभिव्यक्त करते हैं। यही पुष्प किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहे हैं। डॉ. यादव ने भोपाल के गुलाब उद्यान में आयोजित राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव की अवधि तीन दिन करने की घोषणा भी की। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन ने की आत्महत्या

# ऑफिस में थे इनकम टैक्स के अधिकारी बड़े कारोबारी ने खुद को मार ली गोली

- ***छापेमारी और आयकर कार्रवाई के कारण तनाव में थे***

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन रॉय चिरियानकंदथ जोसेफ उर्फ सीजे रॉय ने शुक्रवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के लैंगफोर्ड रोड स्थित अपने ऑफिस में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। सूत्रों के अनुसार, घटना के समय इनकम टैक्स के अधिकारी उनके कार्यालय में मौजूद थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना दोपहर में कार्यालय-सह-बंगले में घटी है। सीजे रॉय ने कथित तौर पर अपने पास मौजूद पिस्टल का इस्तेमाल किया है। गोली लगने के तुरंत बाद उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया और जहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि हालिया आयकर कार्रवाई और बार-बार होने वाली छापेमारी से डॉ. रॉय काफी तनाव में थे। इसी बीच, जब आयकर अधिकारी रिचमंड रोड स्थित कॉन्फिडेंट ग्रुप के कार्यालय में कार्रवाई कर रहे थे, तब डॉ. रॉय ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। रॉय केरल की अग्रणी रियल एस्टेट फर्मों में से एक के मालिक थे। उनका कारोबार देश और विदेश में फैले हुए ▶▶ शेष पेज 4 पर


सीजे रॉय

### मुफ्त राशन के लिए डिजिटल फूड करेंसी मिलेगी

*केंद्र सरकार अगले महीने चंडीगढ़, पुडुचेरी और गुजरात के 3 जिलों में मुफ्त राशन योजना के तहत डिजिटल फूड करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगी*

## मोबाइल कूपन से क्यूआर स्कैन कर मिलेगा अनाज

# अब नहीं लगाना होगा अंगूठा, डिजिटल फूड कूपन के जरिए मिलेगा फ्री में राशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

केंद्र सरकार अगले महीने चंडीगढ़, पुडुचेरी और गुजरात के तीन जिलों में सीमित संख्या में लाभार्थियों के लिए मुफ्त राशन योजना के तहत सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या डिजिटल फूड करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है। इसके तहत, लाभार्थियों को हर महीने डिजिटल फूड कूपन सीधे उनके मोबाइल फोन पर आरबीआई-इनेबल्ड डिजिटल वॉलेट में मिलेंगे और वे कूपन रिडीम करने के लिए दुकान ▶▶ शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो

### सप्लाई एफसीआई या राज्य सरकार की एजेंसी करेगी

अधिकारियों ने बताया कि अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि डिजिटल करेंसी स्वीकार करके मुफ्त अनाज बांटने के लिए कुछ आउटलेट्स की पहचान कैसे की जा सकती है। उन्होंने आगे बताया कि इन आउटलेट्स या राशन की दुकानों के ज़रिए जो मुफ्त अनाज बांटा जाएगा, उसकी सप्लाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अहमदाबाद से हो चुकी है सॉफ्ट लॉन्चिंग

इस महीने की शुरुआत में अहमदाबाद में 25 लाभार्थियों के साथ एक सॉफ्ट लॉन्च किया गया था। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि तब से अब तक लगभग 2,000 ट्रांजैक्शन सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। अगले महीने शुरू होने वाले पायलट प्रोजेक्ट में आनंद, साबरमती और दाहोद शामिल होंगे। चंडीगढ़ और पुडुचेरी के मामले में केंद्र सरकार ने 2015 में अनाज के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना शुरू की थी, जिसने अनाज के फिजिकल ▶▶ शेष पेज 4 पर

# ओबीसी आरक्षण प्रकरण में राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में रखा प्रभावी रूप से पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओबीसी आरक्षण से संबंधित प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से पूरी तैयारी के साथ सशक्त पक्ष रखा जा रहा है।

इसी क्रम में 29 जनवरी 2026 को राज्य सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज, स्टैंडिंग कॉउंसल मृगांक एलकर, अतिरिक्त महाधिवक्ता धीरेंद्र सिंह परमार, स्टैंडिंग कॉउंसल हरमीत सिंह रूपराह एवं शासकीय अधिवक्ता राजन चौरसिया सम्पूर्ण तैयारी के साथ न्यायालय में उपस्थित थे।

■ प्रिंट एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित तथ्यहीन एवं भ्रामक रिपोर्टिंग को न्यायालय ने लिया गंभीरता से



सर्वोच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्तागण।

## प्रकरण की विस्तृत सुनवाई 4 फरवरी को होगी

सर्वोच्च न्यायालय की बेंच केवल इस सप्ताह के लिए गठित थी। न्यायालय से अवगत कराया गया कि उक्त प्रकरण की विस्तृत सुनवाई 4 फरवरी को की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से न ही समय मांगा गया और न ही सुनवाई को आगे बढ़ाने का कोई अनुरोध किया गया।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नटराज ने 29 जनवरी को न्यायालय में हुई सुनवाई के संबंध में तथ्यहीन एवं भ्रामक रिपोर्टिंग के संवेदनशील मुद्दे को न्यायालय के संज्ञान में लाया गया। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के संबंध में मीडिया के समक्ष पार्टी प्रवक्ताओं की तरह जानकारी प्रस्तुत करना न्यायालय की गरिमा के विरूद्ध है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नटराज ने मीडिया के समक्ष संबंधित एडवोकेट के शासकीय अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति बताने और न्यायाधिपतियों के नाम के उल्लेख को भी न्यायालयीन गरिमा के विरूद्ध बताने पर समग्र निर्देश प्रसारित करने का आग्रह किया। इसे न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए आगामी 4 फरवरी 2026 को होने वाली सुनवाई के दौरान इस विषय को संज्ञान लेने की बात कही है।

## पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसरों का बढ़ा दायरा, हर वर्ष 600 युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य

मप्र कैबिनेट ने 'पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना–2022' में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी है। अब यह योजना 'अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार नियोजन योजना–2026' के नाम से संचालित की जाएगी। सरकार ने इस योजना के तहत जापान के साथ अन्य देशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस योजना से प्रदेश के युवाओं को जापान के साथ दुनिया के अन्य देशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं को अलग-अलग मान्य कार्यक्रमों के माध्यम से विदेश भेजा जाएगा। योजना के तहत हर वर्ष पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य रखा गया है। पहले युवाओं को केवल 'टेक्निकल इंटर्न ट्रेनिंग प्रोग्राम' के तहत जापान भेजा जाता रहा है।

### *योजना के लिए पात्रता, मप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य*

*इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का मप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का नॉन-क्रीमीलेयर जाति प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा। प्रशिक्षण के चयन के समय आयु 17 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि विदेश में नौकरी ज्वॉइन करते समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज या विचाराधीन नहीं होना चाहिए तथा संबंधित ट्रेड/कौशल के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता अनिवार्य होगी।*

### *महिलाओं और दिव्यांगजनों को आरक्षण, प्रशिक्षण शुल्क सरकार वहन करेगी*

*योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत सीटें बेटियों के लिए और 6 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित की गई हैं। प्रति युवा अधिकतम 2 लाख रुपए तक का प्रशिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा। यदि हॉस्टल सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तो प्रशिक्षुओं को 2,000 रुपए प्रतिमाह किराया भत्ता प्रदान किया जाएगा। सर्टिफिकेशन परीक्षा के पहले प्रयास की फीस भी संस्था द्वारा वहन की जाएगी।*

### 12 माह का समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रम

युवाओं को कुल 12 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स, डोमेन-स्पेसिफिक स्किल्स तथा संबंधित देश की विदेशी भाषा का प्रशिक्षण शामिल होगा। योजना के वित्तपोषण के लिए बजट के अतिरिक्त सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड (एसबीआई) और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का भी उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### निगम के सेवानिवृत्त 6 कर्मचारियों को दी विदाई

**भोपाल।** नगर निगम में सेवा से सेवानिवृत्त हुए 6 कर्मचारियों को शुक्रवार को उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने शॉल, श्रीफल से सम्मानित कर विदाई दी। माता मंदिर हर्षवर्धन काम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सुषमा रानी श्रीवास्तव, निहाल सिंह, जफ़र खां, मदनलाल, मो जफर के अलावा सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एस नजीर अहमद आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी को मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शुक्रवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में कार्मिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों ने मौन धारण कर बापू के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के संदेश को याद किया। महात्मा गांधी के आदर्श आज भी समाज और देश को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### मानव अधिकार आयोग की समझी कार्यप्रणाली

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने शीतकालीन इंटर्नशिप का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को मानव अधिकार एवं आयोग की कार्यप्रणाली, विधि विषयों पर रिसोर्स पर्सन ने प्रशिक्षण दिलाया। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को पूर्ण लगन से प्रशिक्षण के लिए निर्देशित किया। रीना शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, मप्र मानव अधिकार आयोग ने विद्यार्थियों को गोविंदपुरा थाना, सीसीटीएनएस, एससीआरबी, डायल-112, एमपी एफएसएल, डीएनए लैब, केन्द्रीय जेल, मध्यप्रदेश विधानसभा एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान का भ्रमण कराते हुए कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 33 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए गए।

### एमपी में ई-एचआरएमएस का पहला चरण फरवरी से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अब पुलिसकर्मियों और अफसरों को अब अगले महीने से छुट्टी या प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए लिखित में आवेदन नहीं देना पड़ेगा। अब उन्हें ऑनलाइन अपना आवेदन देना होगा। सर्विस बुक में अपनी सजा आदि भी पुलिसकर्मी किसी भी समय देख सकेंगे। इन दिनों सर्विस बुक को डिजिटल रूप में अपलोड करने का कामअपने आखिरी चरण में पहुंच गया है, अब तक एक लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों का रिकॉर्ड ई - एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है, जबकि इस सुविधा का पहला चरण फरवरी के पहले हफ़्ते से शुरू होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव का किया शुभारंभ

# राज्य सरकार किसानों को दे रही है फूलों की खेती के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, अनुदान

### पुष्प महोत्सव के तीन दिन तक जारी रहने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव के माध्यम से किसानों को व्यवसायिक स्तर पर फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के किसान पुष्प उत्पादन से अपनी आय बढ़ा रहे हैं। इस आयोजन में पुष्प उत्पादक किसान, नर्सरी संचालक और खरीदार तीनों एक स्थान पर जुटे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार की संभावनाओं और फूलों की खेती की जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रदेश में फूलों की खेती का रकबा निरंतर बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय गुलाब उद्यान, लिंक रोड-एक में कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत आयोजित राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और किसानों, नर्सरी संचालकों तथा पुष्प प्रेमियों से चर्चा की। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न वर्गों के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर प्रदेश में उद्यानिकी गतिविधियों पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, उद्यानिकी आयुक्त अरविंद दुबे व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



फूलों की जानकारी लेते सीएम डॉ. यादव।

### पुष्प उत्पादन से किसानों की बढ़ रही है नकद आय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 40 हजार किसान पुष्प उत्पादन से जुड़े हैं और 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों का उत्पादन हो रहा है। हर साल लाखों टन फूल गुजरात, महाराष्ट्र सहित विदेशों में भी भेजे जा रहे हैं। राज्य सरकार किसानों को पुष्प उत्पादन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान में सहायता प्रदान कर रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र देश का दूसरा सर्वाधिक पुष्प उत्पादक राज्य है। वर्ष 2021-22 तक राज्य में फूलों की खेती का रकबा 37 हजार हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 44 हजार हेक्टेयर हो चुका है।

### *किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें उद्यानिकी पर भी फोकस*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य उत्पादन जैसे सभी क्षेत्रों की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि कल्याण वर्ष में राज्य सरकार अलग-अलग 16 विभागों को एक साथ जोड़कर कार्य कर रही है। सिंचाई कृषि का आधार है, राज्य के किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए पर्याप्त अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्यान्न उद्यम योजना के माध्यम से हितग्राहियों को 45 प्रतिशत तक सब्सिडी मिल रही है। किसानों को पॉली, सेडनेट हाउस स्थापित करने में भी अनुदान दिया जा रहा है।*

### *विभाग नवाचारी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रहा*

*उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में उद्यानिकी विभाग लगातार नवाचारी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रहा है। इस पुष्प प्रदर्शनी में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित हैं। किसान प्रदर्शनी का लाभ उठाएं और आय बढ़ाएं। आयुक्त उद्यानिकी अरविंद दुबे ने कहा कि किसानों को औद्योगिक स्तर पर उपयोगी फूलों की खेती की तकनीक से अवगत कराया जा रहा है। किसान की आय बढ़ाने के लिए 3 वर्षों का रोडमैप तैयार किया है।*

## नोहलेश्वर महोत्सव होगा भव्य और ऐतिहासिक

# सीएम डॉ. मोहन करेंगे 5 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सांस्कृतिक रूप से चरमोत्कर्ष पर है। मुख्यमंत्री के इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए बुंदेलखंड के दमोह जिले में नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला नोहलेश्वर महोत्सव इस वर्ष अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री 11 से 15 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस 5 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस महोत्सव में कला, संस्कृति, साहित्य एवं भक्ति संगीत जगत की ख्यातनाम हस्तियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि बुंदेलखंड की धार्मिक आस्था के इस केंद्र पर होने जा रहे नोहलेश्वर महोत्सव में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर जहां भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे, वहीं भगवान भोलेनाथ के शिव तांडव नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, जय श्रीराम नृत्य नाटिका आदि मनभावन प्रस्तुतियां होगी। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में जहां हरिओम पवार, जानी बैरागी जैसे राष्ट्रीय कवि रचनापाठ करेंगे। समापन समारोह में प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री आशा वैष्णव प्रस्तुति देंगी।

### आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां

राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि संस्कृति विभाग की ओर से इस समूचे आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रहीं हैं। इसमें यहां आने वाले प्रदेश और देश के श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, स्थानीय प्रशासन भी इस आयोजन को और भव्यता देने के लिए पूरी तरह जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव की शुरुआत 2 वर्ष पूर्व की गई थी। इस वर्ष यह महोत्सव अपनी भव्यता और विशेषता के साथ प्रारंभ होने जा रहा है। मप्र का बुंदेलखंड अपने गौरवशाली इतिहास और समृद्धशाली परंपराओं के लिए समूचे भारत में अपनी अलग पहचान रखता है। बुंदेलखंड की शौर्य गाथाएं एवं सांस्कृतिक कला कौशल का वर्णन देश के साहित्यकारों, कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बखूबी किया है, यहां की पुरातन संस्कृति आज भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का कार्य करती है। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि हमारा प्रयास कि नोहलेश्वर महोत्सव के माध्यम से प्रदेश और देश में बुंदेलखंड की विशेष पहचान बने।

## *ओबीसी आरक्षण को लेकर दिया धरना*



**भोपाल।** तुलसी नगर स्थित आंबेडकर मैदान में ओबीसी आरक्षण को लेकर गुर्जर समाज ने धरना प्रदर्शन किया।


## कांग्रेसियों ने कोलार में किया धरना प्रदर्शन

# मनरेगा बचाओ संग्राम धरने में गाया रघुपति राघव राजा राम...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम और स्वरूप में बदलाव करने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोलार के कजलीखेड़ा दशहरा मैदान में मनरेगा बचाओ संग्राम धरना आयोजित कर नारेबाजी की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोलार के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ और अमित मीना के नेतृत्व में आयोजित धरने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों,



आदर्शों और गरीब-श्रमिक हितैषी सोच पर हमला बताया। धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजा राम गाकर केंद्र सरकार का विरोध जताया। धरने को संबोधित करते हुए राहुल सिंह राठौड़ ने मनरेगा के नाम बदलने को जान विरोधी करार दिया। धरने में कांग्रेस नेता अरुण श्रीवास्तव, सुखलाल ठाकुर, राजेंद्र मीना, अंकित ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरएसएस के अखिल भारतीय सह-प्रचारक प्रमुख ने सुनाए प्रेरक प्रसंग

# संघ के एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ना, ध्यान रखना शरदचंद्र मेहरोत्रा की कुशलता थी: अरुण जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाखा लगाने के लिए कितना परिश्रम लगता है और सतत प्रक्रिया अपनानी होती है, यह शरदचंद्र मेहरोत्रा ने अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं को सिखाया। वे संघकार्य के कुशल शिल्पी थे। एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ना और उनका ध्यान रखना, शरदचंद्र मेहरोत्रा की कुशलता थी। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने शरद स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कही।

अर्चना प्रकाशन की ओर से अपने संस्थापक शरदचंद्र मेहरोत्रा की पुण्यतिथि के प्रसंग पर मानस भवन, भोपाल में शरद स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यभारत प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने की। इस अवसर पर मंच पर अर्चना प्रकाशन न्यास के अध्यक्ष लाजपत आहूजा भी उपस्थित रहे।



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

### पुस्तकों का किया विमोचन

प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि शरदचंद्र मेहरोत्रा अपने अंतिम समय तक देश-समाज की चिंता करते रहे। कार्यक्रम में अर्चना प्रकाशन न्यास की वार्षिक स्मारिका "शताब्दी के निहितार्थ" का विमोचन किया गया। जिसका संपादन प्रो. उमेश कुमार सिंह ने किया है। डॉ. विकास दवे की भारत का जय घोष-वंदे मातरम, लाजपत आहूजा की धर्म की ढाल - गुरु गोविंद बहादुर तथा रमेश शर्मा की भगवान बिरसा मुंडा पुस्तक का विमोचन हुआ।

## टेलेंट सर्च के लिए पार्टी ने दो पदाधिकारियों को नियुक्त किया

# एमपी कांग्रेस में टैलेंट हंट: ऐसे कार्यकर्ताओं की तलाश जो 'काम करें टिकट न मांगें, संगठक के साथ मधुरभाषी, म्यूजिशियन की भी खोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस इस बार नए अंदाज में संगठन का काम करने वालों की तलाश करने जा रही है। इस बार उसे ऐसे लोग चाहिए जो चुनावी महत्वकांक्षा से दूर हो, इसके अलावा उसे ऐसे लोगों की भी तलाश है जिनकी आवाज मधुर हो और वे म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंटस भी बजा सकते हैं। यानि इस बार पार्टी अलग विधा के कर्मठ लोगों को अपने साथ जोड़ कर उनकी प्रतिभा का लाभ संगठन में लेना चाहिए है।

इसके लिए पार्टी बाकायदा टेलेंस सर्च शुरू होने जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस का संगठन के लिए प्रतिभा खोज का यह अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। टेलेंट सर्च के लिए पार्टी ने दो पदाधिकारियों को भी इस काम के लिए नियुक्त कर दिया है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के प्रदेश प्रभारी ललित सेन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने टेलेंट सर्च के लिए 5 फरवरी तक आवेदन भी मांगे हैं। इस संबंध में एक पत्र प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने जारी किया है। जो सभी जिला और शहर अध्यक्षों को भेजा गया है। ये अपने जिले में इसका प्रचार-प्रचार कर टेलेंट सर्च के लिए पार्टी की विचारधारा से जुड़े लोगों के आवेदन प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में करवाएंगे।



### 5 फरवरी तक मंगाए आवेदन

कांग्रेस इस बार साहित्यक विधा और रचनात्मक कार्य के लिए लोगों को भी टेलेंट सर्च के लिए पार्टी में लाना चाह रही है। इसके लिए शर्त रखी गई है कि ऐसे लोग जो गाना गाते हों, कोई वाद्य यंत्र बजाते हों, विभिन्न विषयों पर लेखन कार्य करते हों, कविता लिखित हों, कवि-शायर हों, मुहावरे लिखते हों । इसके साथ ही वे पार्टी के लिए बेहतर नारे लिख सकते हों। कार्यक्रम का बेहतर संचालन कर सकते हों। ऐसे लोगों को टेलेंट सर्च के जरिए कांग्रेस संगठन से जोड़ने जा रही है।

### *कार्यकर्ताओं को एक और सलाह, चुनाव से रहें दूर*

*संगठन में काम करने के लिए कांग्रेस की विचारधारा से जड़े ऐसे लोगों को पार्टी इस टेलेंट सर्च के जरिए लाना चाहिए है, जो चुनाव प्रक्रिया से दूर रहकर पार्टी के संगठन कार्य में रुचि रखते हो। यानि चुनावी महत्वाकांक्षा से दूर रहने वाले कांग्रेस की विचारधारा वाले लोगों को पार्टी टेलेंट सर्च के लिए संगठन के काम के लिए चुनना चाहती है। इसके साथ यह भी शर्त रखी गई है कि पार्टी के कार्यों के लिए अधिक से अधिक दे सकें।*

# अमृत योजना: नगरीय निकायों में गुणवत्ताहीन काम एवं लेटलतीफी पर 47 कंपनियां ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के नगरीय निकायों में अमृत 2.0 मिशन सहित विभिन्न प्रकार के काम किए जा रहे है, लेकिन प्रदेशभर में निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार, संस्थाएं, निजी कंपनियां अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं।

ऐसे मामले सामने आने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने ऐसे लापरवाह 47 ठेकेदारों और उनकी निर्माण कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया है। राजधानी में गंगवार कंस्ट्रक्शन को वार्ड 55 अरविंद बिहार बागमुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी में सड़क डामरीकरण का काम दिया गया था। ठेकेदार ने काम गुणवत्ताहीन किया और समय पर नहीं किया। इसके चलते उसे काली सूची में डालने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह सागर में स्मार्ट सिटी योजना रिडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग रोड फेज का काम मेंसर्स लेंडमार्क विक्ट्रीवन जेव्ही का अनुबंध भी समाप्त कर दिया गया और इन्हें काली सूची में डाला गया है। नगर निगम ग्वालियर में मरुति इंटरप्राइजेज को अमृत मिशन के तहत दिये गए कार्य पर्याप्त समय देने के बाद भी पूरे नहीं किए गए। इस फर्म को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026



ये ब्लॉक तैयार है, बिना किसी सुविधा के कुछ लोग यहां रहने पहुंच गए हैं।



# निगम के 247 करोड़ के हाउसिंग फॉर आल प्रोजेक्ट का ये हाल...

## 8 साल में बन पाए 3 ब्लॉकों में 216 आवास, लिफ्ट-फायर हाइड्रेंट सिस्टम अब भी इंस्टाल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंगा नगर प्रोजेक्ट 8 साल में भी पूरा नहीं हो पाया। अब तक केवल 3 ब्लॉक ही तैयार हुए वो भी अधूरी सुविधाओं के साथ। इन ब्लॉकों में कई जगह फिलहाल लिफ्ट नहीं लगी है, जबकि फायर हाइड्रेंट सिस्टम भी पूरी तरह से इंस्टाल नहीं है। हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को मौके पर जब स्थिति देखी तो निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा था और मौके पर कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं था।


247 करोड़ के हाउसिंग फॉर आल प्रोजेक्ट के तहत तीन ब्लॉकों में 216 आवास तो तैयार हैं, लेकिन सुविधाएं अब भी नहीं हैं। दिसंबर-25 में महापौर के निरीक्षण के दौरान यहां निर्माण कार्य से थोड़ी गति पकड़ी है, महापौर को लोगों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ा था। महापौर मालती राय का कहना है कि गंगा नगर में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। श्रमिकों की संख्या बढाई गई है। अप्रैल-26 तक निर्माण व आवंटन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

*2 ब्लॉकों में 144 और 4 ब्लॉकों में 192 मकानों का निर्माण अब भी पूरा नहीं*

*दिसंबर में महापौर के निरीक्षण के दौरान लोगों ने जाहिर की थी नाराजगी*



कुछ ब्लॉक में निर्माण कार्य जारी है।



यह लिफ्ट अभी चालू भी नहीं हुई है।



हाईड्रेंट सिस्टम अभी लगा नहीं है।

### दो ब्लॉकों का निर्माण अब भी जारी

*इस प्रोजेक्ट के तहत 2017-2018 में बुकिंग शुरू हुई थी, लेकिन जनवरी-2026 तक भी यह प्रोजेक्ट अधूरा है। तीन ब्लॉकों में चुनिंदा परिवार ही रहने पहुंचे हैं, जबकि अधिकांश हितग्राहियों की पूरी राशि जमा है। यहां 2 ब्लॉकों में 144 आवासों और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 4 ब्लॉकों में 192 आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है। निगम प्रशासन का दावा है कि अप्रैल-26 तक यह पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। तीन ब्लॉकों में नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस 82 आवास अब भी खाली हैं। ब्लॉक-ए-9 में 19, ब्लॉक-ए-10 में 9, ब्लॉक ए-12 में 6 जबकि ब्लॉक ए-11 में 48 आवास खाली हैं, जिनकी बुकिंग की जा रही है।*

### 500 से ज्यादा मकानों के खरीदारों की 100 फीसदी राशि जमा

उक्त आवासीय योजना के तहत 500 से ज्यादा हितग्राहियों की पूरी राशि जमा है, लेकिन उन्हें कब्जा नहीं मिला। इसे लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन भी हो चुके हैं। कई बार कांट्रेक्टर बदलने और लागत बढने के चलते निर्माण कार्य भी रुका। यहां रह रहे परिवारों ने कुछ भी करने से इंकार तो कर दिया, लेकिन ऐसे कई हितग्राही हैं जो सालों से किराए के भवन में रह रहे हैं और लोन की किस्त भी चुका रहे हैं, लेकिन आवास उन्हें नहीं मिला।

---

## ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन से मोबाइल नंबर अपडेट का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** भोपाल सहित प्रदेशभर के वाहन चालकों और लाइसेंस होल्डर्स को परिवहन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। परिवहन विभाग ने अपने मोबाइल नंबर को परिवहन विभाग की अधिकृत बेवसाइट डेटाबेस में अपडेट करने को लेकर निर्देश जारी किए थे। लेकिन अभी तक करीब एक लाख 71 हजार लोगों ने अपने नंबर अपडेट नहीं किए हैं तो वहीं नंबर अपडेट कराने को लेकर शनिवार 31 जनवरी अंतिम तारीख है। आरटीओ जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार वाहन मालिक वाहन से संबंधित सभी कार्यों के लिए अपना मोबाइल नंबर वाहन डेटा बेस में अपडेट कराएं, क्योंकि वर्तमान में वाहन पोर्टल पर उपलब्ध होने वाली सभी सेवाएं जैसे वाहन का अंतरण, लोन कटवाना एवं लोन दर्ज करवाना, वाहन के कार्ड की द्वितीय प्रति, फिटनेस, परमिट एवं टैक्स जमा करने के साथ साथ वाहन पर किसी भी प्रकार के चालान की जानकारी वाहन डेटाबेस में दर्ज मोबाइल नंबर पर आती है। इसलिए सभी वाहन स्वामी अपने मोबाइल नंबर अपने वाहन के साथ डेटाबेस में लिंक कराएं, ये प्रक्रिया पोर्टल पर आधार ऑथेंटिकेटेड ओटीपी के माध्यम से हो जाएगा। इसके लिए आरटीओ कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

---

### बिना कुछ कहे पहुंचा पास और चाकू मारकर हुआ फरार

## सिरफिरे ने पिपलानी में दो और अयोध्या नगर में एक युवती को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी में गुरुवार रात सवा दस बजे साढ़े दस बजे के बीच महज पंद्रह मिनट में एक बाइक सवार बदमाश ने दो युवतियों पर बिना कुछ कहे चाकू से हमला कर दिया। पिपलानी में हुई इस वारदात के महज एक घंटे बाद अयोध्या नगर में भी इसी तरह की एक वारदात हुई। हालांकि इस वारदात में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो पता चला कि बाइक सवार और युवती के बीच पहले हॉट टॉक हुई है। इसके बाद उसकी नाक के पास किसी नुकीले हथियार से हमला किया। एक साथ हुई तीन वारदात से जोन के सभी थानों की पुलिस एक्टिव हो गई है। पुलिस की अलग-अलग टीम बाइक सवार आरोपी की तलाश में जुटी है।

एक साथ तीन वारदातों के बाद जोन टू की पुलिस आई सकते में

सभी थानों की पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुटी, तलाश तेज

### पहली वारदात रात 10.15 बजे



आरोपी की तलाश में सक्रिय हुई पुलिस।

अमीषा चन्देल पिता विकास सिंह चन्देल (21) सोनागिरी पिपलानी में रहती है। अमीषा ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वह करियर कॉलेज में बीबीए सेकंड ईयर में पढ़ती हैं। गुरुवार रात करीब सवा 10 बजे वह अपने घर के सामने टहल रही थी। इसी बीच एक बाइक सवार आया। उसकी उम्र 30 से 35 वर्ष होगी। उसने चलती बाइक पर कुछ नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे अमीषा को कमर के नीचे दाहिने तरफ चोट लगी। उसने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। अमीषा उसकी बाइक का नंबर नहीं देख सकी।

### दूसरी वारदात रात 10.30 पर

इस घटना के महज पंद्रह मिनट बाद अवनी पटेल पिता संजू पटेल (18) एलआईजी-43 ए-सेक्टर सोनागिरी पिपलानी के साथ इसी तरह की वारदात हुई। अवनी ने पुलिस को बताया कि वह सेंट पॉल स्कूल में कक्षा बारहवीं में पढ़ती है। गुरुवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर से कुछ दूर किराना दुकान से मेहंदी खरीदकर लौट रही थी। घर से कुछ दूरी पर पहुंचते ही एक बाइक सवार उसके बगल में आया और उसने चाकू से हमला कर दिया। चाकू हिप्स पर दाहिने तरफ लगा। उसने शोर मचाया तो बाइक वाला मौके से भाग निकला। इधर, शोर सुनकर परिचित बिट्टू भैया पहुंचे और वह उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

### तीसरी वारदात देर रात 11.30 बजे

इसी तरह की एक अन्य घटना अयोध्या नरेला जोड़ पर रात करीब साढ़े 11 बजे हुई। इस वारदात में भवानी धाम निवासी 21 साल की युवती पर बाइक सवार बदमाश ने किसी नुकीले हथियार से हमला कर दिया। युवती प्राइवेट जॉब करती है। गुरुवार रात घर लौट रही थी। नरेला जोड़ पर एक बाइक सवार ने किसी नुकीली हथियार से हमला कर दिया। उसने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो पता चला कि युवक और युवती के बीच हॉट टॉक हुई थी।

---


### 40 लाख के नुकसान का अनुमान, कारणों का खुलासा नहीं

## तड़के 5.30 बजे ऑटोमोबाइल शॉप में आग 7 कारें जलीं, सीसीटीवी सहित पार्ट्स भी जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जेल रोड स्थित एक ऑटोमोबाइल शॉप पर शुक्रवार तडके करीब साढे पांच बजे आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 7 कारें धू-धू कर जल गईं। यह कारें सुधरने के लिए शॉप पर आई थीं। आग लगने से सीसीटीवी कैमरा और कई पार्ट्स जल गए। निगम के फायर कंट्रोल को सुबह 5.50 पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद आइएसबीटी, गोविंदपुरा से फायर दमकलें मौके पर पहुंची। तीन दमकलों ने आग पर करीब दो घंटे में काबू पाया। आग के लगने के कारणों को खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि इस आग से कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं आग से करीब 40 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

जेल रोड स्थित महाकाल ऑटोमोबाइल शॉप में आग इतनी भीषण थी कि वहां खड़ी 7 कारें देखते ही देखते पूरी तरह से जल गई। शॉप में अंदर पांच और दो कारें बाहर खड़ी थी। शॉप के मालिक को सुबह साढ़े 5 बजे आग लगने की जानकारी मिली। वे तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर कंट्रोल रूम पर जानकारी दी। इसके बाद फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची, लेकिन जब तक कारें पूरी तरह से जल गई थी। फायर कर्मियों के दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



जेल रोड स्थित एक ऑटोमोबाइल गैरेज में एक साथ 7 कारों में आग लग गई।

### तीन दमकलों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि जेल रोड स्थित महाकाल ऑटोमोबाइल शॉप में आग की सूचना फायर कंट्रोल रूम को सुबह 5.50 पर मिली। इसके बाद आइएसबीटी, गोविंदपुरा से फायर दमकलें मौके पर पहुंची। तीन दमकलों ने आग पर करीब दो घंटे में काबू पाया। आग की चपेट में करीब करीब 6-7 वाहन आए हैं। आग के लगने के कारणों को खुलासा नहीं हुआ है। आग की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई।



धू-धू कर जलती कारें।

### सीसीटीवी भी आग की चपेट में आने से जले

शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे भी पूरी तरह से जल गए। निगम के फायर अमले को आटो मोबाइल शॉप के मालिक ने 40 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान जताया है।

---

### 7 दिन में राशि जमा नहीं की तो होगी नीलाम

## शहीद नगर में ताज पेट्रोल पंप की संपत्ति कुर्क, 5 लाख संपत्ति कर था बकाया



शहीद नगर के ताज पेट्रेल पंप पर कार्रवाई करता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन-5 के अमले ने शहीद नगर स्थित ताज पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 5 लाख 14 हजार 851 रूपए का भुगतान न करने पर उक्त पेट्रोल पंप की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की। पेट्रोल पंप संचालक वसीम द्वारा निगम कोष में जमा न कराने पर उक्त पेट्रोल पंप की 300 वर्गफिट रिक्त भूमि असेधित की गई। निगम द्वारा बकायादार को चेतावनी भी दी गई कि यदि सात दिन में अधिभार सहित बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई गई तो असेधित भूमि नीलाम कर दी जाएगी।

## कबाड़ा कारोबारी की संदिग्ध मौत

**भोपाल।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित होटल उमराव में गुरुवार रात कबाड़ा कारोबारी की लाश कमरे में बेड पर मिलने से सनसनी फैल गई। विदिशा के कबाड़ा कारोबारी करीब चार दिन से होटल में रुके हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस के अनुसार अनवर हुसैन (46) विदिशा के रहने वाले थे। वे कबाड़ा दुकानों से कबाड़ा खरीदकर उसे बाहर भेजते थे। गत 25 जनवरी को भी वे विदिशा से आए थे। 28 जनवरी को उन्हें लोगों ने देखा था। 29 को भी जब वह कमरे से बाहर नहीं आए तो होटल कर्मियों ने उन्हें आवाज दी, लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था। दरवाजे को धक्का दिया तो चिटकनी खुल गई। इस दौरान अनवर हुसैन की लाश बेड पर पड़ी मिली।

---

### बैंक ने निगम के हैंडओवर कीं 4 मशीनें, किया शुभारंभ

## शहर को धूलमुक्त और साफ-सुथरा बनाएंगी ट्रैक्टर माउंट रोड स्वीपिंग मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की सड़कें अब जल्द ही धूमलमुक्त और साफ-सुथरी नजर आएंगी। एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर फंड के तहत नगर निगम को चार ट्रैक्टर माउंट रोड स्वीपिंग मशीनें उपलब्ध करवाई हैं, जिन्हें शुक्रवार को महापौर मालती राय और आयुक्त संस्कृति जैन की मौजूदगी में निगम के हैंडओवर किया गया।

महापौर मालती राय ने निगम आयुक्त संस्कृति जैन की उपस्थिति में आईएसबीटी परिसर में एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फंड के तहत नगर निगम भोपाल को उपलब्ध कराई गईं 4 ट्रैक्टर माउंट रोड स्वीपिंग मशीनों का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इससे पहले के अधिकारियों ने चाबी सौंपकर मशीनें निगम के हैंड ओवर कीं। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी, आरके सिंह बघेल, उपायुक्त चंचलेश गिरहारे सहित निगम व बैंक के अधिकारी मौजूद थे।



महापौर-निगमायुक्त को मशीनों की चाबी सौंपते बैंक अफसर।

### 170 से ज्यादा सार्वजनिक स्थलों के लिए जारी किया है ईओआई

नगर निगम ने एक दिन पहले ही शहर के 170 से अधिक सार्वजनिक स्थलों के कायाकल्प के लिए एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया है। इसके तहत शहर को ग्रीन सिटी बनाना है। रोटरी, पार्कों आदि को संवारने के लिए निगम द्वारा प्लान तैयार किया गया है। इससे निगम पर किसी तरह का आर्थिक बोझ नहीं आएगा और शहर ग्रीन सिटी के रूप में विकसित हो सकेगा।

---

### स्टेंडिंग कमेटी में उठा फर्जी आपत्तियों का मुद्दा

## दो हजार बीएलओ करेंगे दस हजार वोटर्स के नाम काटने की जांच





स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का एक दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे चरण का काम जारी है। जिसके तहत नए फार्म, नाम काटने के दावे-आपत्तियां और पता और नाम में संशोधन कराने के आवेदन लिए जा चुके हैं। अब 14 फरवरी तक नो मैपिंग वाले मतदाताओं और एक महीने के दौरान मिले दावे-आपत्तियों की जांच कर वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा।

इस बार फार्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटने के लिए 10 हजार 143 आपत्तियां आई हैं। इन आपत्तियों की तादाद 22 जनवरी के बाद से लगातार बढ़ रही है। अब 14 फरवरी तक जिले के 2 हजार 289 बीएलओ को इन मतदाताओं के नाम काटने की आपत्तियों की जांच सौंपी गई है। जिनका घर-घर जाकर दोबारा से वेरिफिकेशन किया जाएगा।

### 14 फरवरी तक होगी सुनवाई

*जिले के एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई पहले से जारी है। जिसकी सुनवाई 14 फरवरी तक की जाएगी। आपत्तियों का निराकरण भी इसके साथ ही किया जाएगा। राजधानी की बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 4 लाख 38 हजार 317 नाम पहले ही काट दिए गए हैं। शुक्रवार को दिल्ली से आएं विशेष रोल पर्यवेक्षक श्रुति सिंह ने जिले के राजनैतिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी, जिसमें प्रतिनिधियों ने बताया कि भोपाल में बड़ी संख्या में फर्जी आपत्तियां लगाई गई हैं, जिसकी वजह से मतदाताओं को परेशानी उठाना पड़ेगी। जिस पर उन्होंने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम से कहा कि आपत्ति वाले मतदाताओं का वेरिफिकेशन कराने के बाद ही नाम काटने की कार्रवाई की जानी चाहिए।*

### जिले की सातों विस में 80 हजार नए नाम जुड़ेंगे

एक महीने चले अभियान के दौरान जिले की सात विस में 80 हजार 892 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरा है। चार दिन पहले यह आंकड़ा 60 हजार के आसपास था। अफसरों का कहना है कि बीएलओ के पास आवेदन की तादाद अधिक होने की वजह से नाम जोड़ने के आवेदन अपलोड करने का काम जारी है। इसी तरह वोटर कार्ड में नाम और पते में बदलाव कराने के लिए 47 हजार 493 आवेदन आए हैं।

---

### 12 रुपए किराया देकर आम लोग भी सुबह छह से शाम छह तक घूम सकेंगे

## सबसे पहले स्कूली बच्चों ने पैदल देखा चंदनपुरा बाघ मूवमेंट क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के एकमात्र शहरी बाघ मूवमेंट क्षेत्र में विकसित चंदनपुरा नगर वन को शुक्रवार को भोपाल वन मंडल ने आम नागरिकों के लिए खोल दिया। सुबह इसे हरी झंडी दिखाकर खोला गया। सबसे पहले स्कूली बच्चों ने चंदनपुरा नगर वन देखा। शाम को भी बड़ी संख्या में लोग नगर वन में घूमने पहुंचे। डीएफओ लोकप्रिय भारती, एसडीओ धीरेंद्र सिंह चौहान समेत वन अमले की मौजूदगी में चंदनपुरा नगर वन की शुरुआत की गई। कोलार से 10 किमी दूर नगर वन में भ्रमण के लिए कुल 9 किमी का पाथवे बनाया गया है। इसमें 6 किमी बाहरी और 3 किमी आंतरिक पाथवे शामिल हैं। चंदनपुरा नगर वन 50 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इसमें 12 फीट ऊंची फेंसिंग है। ताकि, सुरक्षा रहे। वहीं, 300 से ज्यादा प्रजाति के पेड़-पौधे हैं।

### *12 फीट ऊंची जालीदार फेंसिंग लगाई गई*



हरी झंडी दिखाकर बाघ मूवमेंट क्षेत्र का शुभारंभ करते डीएफओ भारती।

चंदनपुरा नगर वन बाघ और भालू मूवमेंट वाले क्षेत्र में विकसित किया गया है। मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए पूरे परिसर में करीब 12 फीट ऊंची जालीदार फेंसिंग की गई है। डीएफओ भारती ने बताया, नगर वन को इस तरह विकसित किया गया है कि लोग सुरक्षित माहौल में प्रकृति के करीब समय बिता सकें। परिसर में किसी भी प्रकार के वाहन की अनुमति नहीं है। पर्यटकों को बाहर पार्किंग कर पैदल ही घूमना होगा। पहले दिन भी यही व्यवस्था रही।

### सुबह 6 से 10, शाम 4 से 6 तक मिलेगा प्रवेश

चंदनपुरा नगर वन में सुबह 6 से 10 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक घूमा जा सकता है। पैदल भ्रमण शुल्क 12 रुपए है। वहीं, मासिक पास 300 रुपए निर्धारित किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। यदि कोई कार से जाता है तो 12 रुपए और बाइक ले जाने पर 6 रुपए पार्किंग शुल्क देना होगा। कैमरा ले जाने पर 550 रुपए प्रति घंटा लगेगा।

# शहर तय करेंगे भारत की ग्रोथ, भोपाल को चाहिए विशेष पुनर्निर्माण पैकेज




वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

वित्त मंत्री 1 फरवरी को बजट 2026 पेश करने वाले हैं, ऐसे में घर खरीदार उन उपायों पर उत्सुकता से नजर रख रहे हैं जो सामर्थ्य और वित्तपोषण को प्रभावित कर सकते हैं। वित्त विशेषज्ञों का कहना है कि उधार लेने की लागत, कर छूट और ऋण तक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि खरीदारों को पहला या अगला घर खरीदने की योजना बनाने में मदद मिल सके। आर्थिक सर्वेक्षण के प्रमुख संकेत- घर खरीदना अब तेजी से औपचारिक वित्त से जुड़ रहा है व्यक्तिगत हाउसिंग लोन का आकार मार्च, दो हजार पच्चीस तक रुपए सैंतीस लाख करोड़ से अधिक बताया गया है। किफायती आवास में सरकार का काम दिखता है। पीएमएवाई शहरी के तहत रुपए एक सौ बाईस दशमलव शून्य छह लाख घर स्वीकृत बताए गए हैं। शहरी ढांचे में अब"सिर्फ कवरेज" नहीं, "सिस्टम की गुणवत्ता" की जरूरत है, सर्वेक्षण में अगले पंद्रह वर्षों के लिए लगभग आठ सौ चालीस अरब डॉलर के शहरी निवेश की जरूरत का संकेत है।

## भोपाल को दफ्तरों का नहीं, नवाचार और ज्ञान का शहर बनाना होगा

- *कर छूट और ऋण तक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए*
- *शहरों की कार्यक्षमता से लिखा जाएगा भारत की ग्रोथ का अगला अध्याय*

क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण ने साफ संकेत दिया है कि भारत की ग्रोथ का अगला अध्याय 'शहरों की कार्यक्षमता' से लिखा जाएगा और इसके लिए बजट को अब कवरेज से आगे बढ़कर क्वालिटी, रिडेवलपमेंट और गवर्नेंस क्षमता पर फोकस करना होगा। आने वाले वर्षों में शहरों पर आबादी, रोजगार और सेवाओं का दबाव और बढ़ेगा। अब बजट का फोकस शहरों की कार्यक्षमता, आवासीय आपूर्ति, पुनर्विकास और नगरीय वित्तीय क्षमता पर होना चाहिए।

## बजट से राजधानी भोपाल की अपेक्षाएं

पहली और सबसे महत्वपूर्ण अपेक्षा यह है कि शहरी विकास के लिए घोषित "अर्बन चैलेंज फंड" को इस बजट में व्यावहारिक और परिणाम देने वाले रूप में लागू किया जाए। क्रेडाई भोपाल की मांग है कि भोपाल जैसी राजधानी के लिए इसके अंतर्गत एक विशेष "कैपिटल रिडेवलपमेंट पैकेज" की स्पष्ट व्यवस्था बने। राजधानी होने के कारण भोपाल पर प्रशासनिक और संस्थागत दबाव अधिक है, जबकि वर्षों से यहां का पुनर्विकास लंबित रहा है। ऐसे में भोपाल के लिए अलग प्राथमिकता पूरी तरह उचित है। दूसरी अपेक्षा यह है कि राज्य सरकार द्वारा घोषित नॉलेज एंड एआई सिटी को केंद्रीय स्तर पर आवश्यक संसाधनों और समर्थन के साथ देश के एआई मिशन से जोड़ा जाए।

### भोपाल के लिए विशेष कैपिटल रिडेवलपमेंट पैकेज की जरूरत

भोपाल देश के मध्य स्थित एक ख़ूबसूरत राजधानी है पर उन्नीस सौ चौरासी की औद्योगिक त्रासदी के बाद यह शहर लंबे समय तक दबाव, ठहराव और अवसर-हानि से गुजरा है। आज भोपाल को केवल नई परियोजनाओं से नहीं, बल्कि एक "विशेष पुनर्निर्माण पैकेज" से आगे बढ़ाया जा सकता है जिसमें रिडेवलपमेंट, ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर, सार्वजनिक भूमि का बेहतर उपयोग, और नगर निकाय की आय बढ़ाने के उपाय साथ-साथ हों। "अर्बन चैलेंज फंड" के भीतर भोपाल के लिए अलग विशेष विंडो बनाना इसी सोच का व्यावहारिक कदम होगा।

## रिडेवलपमेंट और नई अर्थव्यवस्था का मौका देने वाला बजट चाहिए



मनोज मीक

भारत की ग्रोथ का अगला इंजन शहर हैं और भोपाल जैसी राजधानी को अब 'ठहराव' नहीं, 'रिडेवलपमेंट और नई अर्थव्यवस्था' का मौका देने वाला बजट चाहिए। भोपाल के संदर्भ में यह केवल विकास की बात नहीं है यह राजधानी की विश्वसनीयता, निवेश आकर्षण, रोजगार सृजन और नागरिक जीवन-गुणवत्ता का प्रश्न है। 'कमाल का भोपाल' नागरिक अभियान के तहत हम चाहते हैं कि नया बजट भोपाल को "दफ्तरों का शहर" नहीं, बल्कि "नवाचार, ज्ञान, और सुव्यवस्थित शहरी विकास, का मॉडल बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए।

**मनोज मीक , अध्यक्ष** क्रेडाई भोपाल और फाउंडर, 'कमाल का भोपाल' अभियान

### टेक्नोलॉजी टैक्सेशन में स्पष्ट और स्थिर नीति बनाई जाए



राजीव अग्रवाल

उद्योग जगत की केंद्रीय बजट से अपेक्षा है कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स में वृद्धि करे। सड़क, रेलवे, पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स में भारी निवेश करें, लॉजिस्टिक्स की लागत घटाए और निजी निवेश और औद्योगिक विकास को गति दे। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई और मेक इन इंडिया को बढ़ावा दें। राजधानी भोपाल के समस्त उद्यमियों की ओर से मेरी और उद्योग जगत की मांग यह है कि पीएलआई स्कीम का विस्तार हो। घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को अधिक प्रोत्साहन दिया जाए। एमएसएमई के लिए सस्ता कर्ज, टैक्स राहत और आसान काम्पलाइंसेज, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और डीप-टेक सेक्टर को सपोर्ट किया जाना चाहिए। इसके साथ ही डिजिटल इकॉनमी, एआर् और टेक्नोलॉजी पर फोकस किया जाए। रही बात बजट से उम्मीद की तो इंडिया एआई मिशन को तेजी से लागू करें, डेटा सेंटर्स, क्लाउड और सेमीकंडक्टर सेक्टर में निवेश हो, टेक्नोलॉजी टैक्सेशन में स्पष्ट और स्थिर नीति बनाई जाए।

**राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष** मंडीदीप इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

### आगामी बजट में कौशल विकास एवं एमएसएमई को प्राथमिकता मिले



आरजी द्विवेदी

वर्तमान में देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है वर्तमान शिक्षा में युवक डिग्री प्राप्त करने के बाद रोजगार लायक नहीं रहते हैं इसलिए कौशल विकास करने वाली संस्थाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। ऐसी संस्थाओं को आय कर में छूट दें कर प्रोत्साहित जाना चाहिए, जिससे वह युवकों को रोजगार लायक बना सके। साथ ही एमएसएमई का सरल घरेलू उत्पाद में (जीडीपी )में 30 फीसदी का योगदान है तथा यह सेक्टर सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। अतः इस सेक्टर को भी कुछ सस्ता ऋण देकर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ऋण व्यवस्था में सुधार, करो का सरलीकरण तथा जीएसटी के प्रक्रियाओं में अधिक सुधार कर लघु व्यापारियों एवं उद्यमियों की मदद की जानी चाहिए।

**आरजी द्विवेदी**, सलाहकार
पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री,भोपाल

## नाबार्ड ने स्टेट फोकस पेपर 2026-27 पेश किया

# मध्यप्रदेश के लिए 3.75 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट क्षमता पर दिया जोर

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मध्य प्रदेश रीजनल ऑफिस ने स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग , कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना, श्रीमती सी सरस्वती मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, सुश्री रेखा चंदनवेली-रीजनल डायरेक्टर आरबीआई , धीरज गोयल-एसएलबीसी संयोजक, मनोज गुप्ता, प्रबंध निदेशक राज्य सहकारी बैंक के साथ-साथ वरिष्ठ बैंकर और सरकारी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। स्टेट फोकस पेपर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल प्राथमिकता क्षेत्र क्रेडिट क्षमता 3,75,384.29 करोड़ होने का अनुमान है, जो राज्य की कृषि, एमएसएमई और ग्रामीण विकास की जरूरतों का एक व्यापक मूल्यांकन दर्शाता है।




स्टेट फोकस पेपर

इस कुल अनुमान में से 2,08,743.78 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए रखे गए हैं। जिसमें फार्म क्रेडिट, कृषि बुनियादी ढांचा और सहायक गतिविधियां शामिल हैं । जबकि 1,46,269.36 करोड़ रुपए एमएसएमई क्षेत्र के लिए संभावित क्षमता के रूप में आंका गया है और शेष 20,371.15 करोड़ रुपए निर्यात क्रेडिट, शिक्षा, आवास, सामाजिक बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को कवर करता है।

### बना हुआ है मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का दबदबा

*स्टेट फोकस पेपर में बताया गया है कि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का दबदबा बना हुआ है, जो राज्य के जीएसडीपी में 44.36 फीसदी का योगदान देती है, जिसे विशाल खेती योग्य भूमि और अनुकूल कृषि जलवायु परिस्थितियों का समर्थन प्राप्त है। इसी के अनुसार एसएफपी ने कृषि ऋण क्षमता 1,79,589.97 करोड़, कृषि बुनियादी ढांचे के तहत 6,461.67 करोड़ और सहायक गतिविधियों के लिए 22,692.14 करोड़ का अनुमान लगाया है। जबकि राज्य की अर्थव्यवस्था के संदर्भ में उल्लेख किया गया कि राज्य ने 2024-25 में 15.03 लाख करोड़ का जीएसडीपी दर्ज किया, जिसमें 6.05फीसदी की ग्रोथ रेट और प्रति व्यक्ति आय 1,52,615 रुपए थी।*

### नाबार्ड की 27,331 करोड़ की वित्तीय सहायता शामिल

*कार्यक्रम में नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी सरस्वती ने बताया की यह दस्तावेज 2024-25 के दौरान नाबार्ड के विकासात्मक हस्तक्षेपों को भी दिखाता है, जिसमें 27,331 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता शामिल है, जिसमें से 4,132 करोड़ राज्य सरकार को आरआईडीएफ के तहत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए और 23,199 करोड़ ग्रामीण वित्तीय संस्थानों को पुनर्वित्त के रूप में प्रदान किए गए। नाबार्ड ने 95,404 हेक्टेयर को कवर करते हुए 90 वाटरशेड परियोजनाएं लागू की हैं, जिससे 39,000 लोगों को फायदा हुआ है।*

## लॉर्ड्स मार्क ने मल्टी स्टेट निवेश विस्तार की रणनीति पेश की

**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड खुद को इस बदलाव को संभव बनाने में एक लॉन्ग-टर्म प्राइवेट सेक्टर पार्टनर के रूप में स्थापित कर रही है। स्विट्ज़रलैंड के दावोस-क्लोस्टर्स में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के दौरान कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय के नेतृत्व में हुई रणनीतिक बातचीत के बाद कंपनी ने स्वच्छ ऊर्जा, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग में एक मल्टी-स्टेट इन्वेस्टमेंट रोडमैप बताया है। लॉर्ड्स मार्क ने महाराष्ट्र सरकार के साथ दो प्रोजेक्ट्स के लिए एक एमओयू साइन किया है, जिसमें कुल 225 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है। पहला प्रोजेक्ट किफायती मेडिकल और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है, जिसमें ?150 करोड़ का निवेश शामिल है, यह प्रोजेक्ट मई 2026 में शुरू होने वाला है और अगले 3-4 सालों में पूरा हो जाएगा।

## चंदन को 550 करोड़ का पीपीपी अनुबंध प्राप्त

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड को आसाम में एक पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप परियोजना प्रदान की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत आसामके मालेगांव स्थित नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में अत्याधुनिक रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर का विकास, संचालन और रखरखाव किया जाएगा। यह अनुबंध 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रदान किया गया है। पिछले दो महीनों में कंपनी ने पंजाब के आठ जिला अस्पतालों तथा आसामके एक अतिरिक्त रेलवे अस्पताल में पीपीपी परियोजनाएं हासिल की हैं। इन सभी परियोजनाओं का संयुक्त मूल्य 10 वर्षों में 550 करोड़ है, जो औसतन लगभग 55 करोड़ रुपए प्रति वर्ष के बराबर है।

## मध्यप्रदेश विकास सफर और भविष्य की प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय मंच पर रखेगा

# दो दिवसीय राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास सम्मेलन 13 को

वाणिज्य डेस्क ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश का रियल एस्टेट निरंतर प्रगति कर रहा है, जिसे विस्तारित बुनियादी ढांचे, बेहतर सड़क और रेल कनेक्टिविटी तथा प्रमुख शहरों में योजनाबद्ध शहरी विकास का समर्थन प्राप्त है। राजमार्गों, औद्योगिक गलियारों, आवास और शहरी अवसंरचना में बढ़ते निवेश के साथ मध्य प्रदेश अब अपने विकास सफर और भविष्य की प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने के लिए तैयार है।

क्योंकि राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नारेडको) मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास सम्मेलन 2026 में राज्य की भागीदारी का नेतृत्व कर रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन 13 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह सम्मेलन राज्यों को अपने विकास अनुभवों और भविष्य की योजनाओं को साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

### मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचा आधारित विकास मॉडल होगा प्रस्तुत

इस भागीदारी के दौरान मध्य प्रदेश के बुनियादी ढांचा आधारित विकास मॉडल को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें राजमार्ग, मेट्रो एवं जन परिवहन परियोजनाएं, औद्योगिक क्षेत्र और एकीकृत टाउनशिप शामिल हैं। राज्य द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, नीतिगत सुधारों और प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन पर दिए जा रहे जोर ने रियल एस्टेट और अवसंरचना क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे देशभर से आए उद्योग हितधारकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### सम्मेलन में नीति-निर्माता, सरकारी अधिकारी डेवलपर्स और उद्योग विशेषज्ञ होंगे शामिल

सम्मेलन में वरिष्ठ नीति-निर्माता, सरकारी अधिकारी, डेवलपर्स, वित्तीय संस्थान, निवेशक, शहरी योजनाकार और उद्योग विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो भारत के रियल एस्टेट और शहरी विकास के भविष्य पर विचार-विमर्श करेंगे। चर्चा का केंद्र शहरी अवसंरचना को मजबूत करने, निवेश को प्रोत्साहित करने, सतत विकास पद्धतियों को अपनाने और शहरी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर रहेगा। मध्य प्रदेश की भागीदारी के माध्यम से शहरी अवसंरचना को सुदृढ़ करने, आवास आपूर्ति बढ़ाने और भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन सहित अन्य उभरते शहरी केंद्रों में योजनाबद्ध विकास को समर्थन देने के प्रयासों को रेखांकित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पेंशन पर टैक्स को फिक्स्ड ब्याज हो: अय्यर

**नई दिल्ली।** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल की इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के को-चेयरपर्सन वेंकी अय्यर ने कहाकि पेंशन पाने वालों की आमदनी पर टैक्स का असर ज़्यादा पड़ता है। हमारा मानना है कि पेंशन पर टैक्स की व्यवस्था को अन्य फिक्स्ड-इंटरेस्ट साधनों के अनुरूप बनाया जा सकता है, जहां केवल ब्याज या मुनाफे पर ही टैक्स लगाया जाए। इससे रिटायरमेंट के बाद पेंशनधारकों के हाथ में आने वाली आमदनी बढ़ेगी और जीवन बीमा के जरिए लंबी अवधि की बचत को भी बढ़ावा मिलेगा।

### रियलमी ने पेश किया रियलमी पी4 पावर 5जी

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज रियलमी पी4 पावर 5जी पेश किया। यह स्मार्टफोन बैटरी इनोवेशन को एक नए आयाम में ले गया है। एक बड़ी टेक्नोलॉजी प्रगति के साथ इसमें उद्योग की पहली 10,000 एम.ए.एच से अधिक क्षमता की बैटरी दी गई है। रियलमी ने पी4 पावर 5जी को एक दमदार मिड-रेंज फोन के रूप में पेश किया है, जिसकी शुरुआती कीमत बेस वेरिएंट के लिए 25,999 रुपए से शुरू होती है।

### अपटिक ने फंड संरचना विकास की घोषणा की

**मुंबई।** फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म अपटिक ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंवेस्टमेंट्स एंड ग्लोबल अफेयर्स में प्रमुख प्लेटफॉर्म और फंड संरचना विकास की घोषणा की। सम्मेलन में वरिष्ठ उद्योग नेताओं, बाजार सहभागियों, और नीति निर्माताओं ने वैश्विक निवेश रुझानों, वैकल्पिक परिसंपत्तियों और सीमा पार पूंजी ढांचे पर विचार-विमर्श किया, जबकि अपटिक को संस्थागत प्लेटफॉर्म दृष्टिकोण को रेखांकित करने का मंच प्रदान किया।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण में नाड़ी विज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर हुई कार्यशाला



**भोपाल ।** राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल में नाड़ी विज्ञान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीमच स्थित अम्बा आरोग्य आश्रम से महामंडलेश्वर संत सुरेशानन्द सरस्वती महाराज मुख्य वक्ता के रूप में विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यशाला के दौरान सुरेशानंद ने नाड़ी विज्ञान के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने 42 वर्षों के अनुभव को फैकल्टी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के साथ अत्यंत सरल और व्यावहारिक शैली में साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. प्रमेंद्र रघुवंशी ने संत श्री का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दर्पण गांगिल, डॉ. गोविंद मोयल एवं डॉ. अमन गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने कहाकि राधारमण समूह का निरंतर प्रयास रहा है कि आयुर्वेद के प्राचीन और वैज्ञानिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जाए। नाड़ी विज्ञान जैसी विधाएं न केवल आयुर्वेद की आत्मा हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### मानसरोवर कॉलेज में वार्षिक उत्सव तत्व 6.0 की धूम

**भोपाल।** मानसरोवर डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के एनुअल फेस्ट तत्व 6.0 का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्या में आधुनिक और पारंपरिक कला का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने बॉलीवुड फ्रीस्टाइल, कथक सहित तारक मेहता का उल्टा चश्मा थीम पर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की सीएमडी श्रीमती मंजुला तिवारी का स्वागत मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरुदत्त नायक द्वारा किया गया, सीईडी इंजी. गौरव तिवारी का स्वागत वाइस डीन डॉ. तृप्ति रहंगडाले द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि में कुलगुरु डॉ. ए.एस. यादव, प्रति कुलगुरु कर्नल एच.आर. और डीन डॉ. अरविंद अठावले उपस्थित रहे।




### नगर राजभाषा समिति की बैठक में कैलेंडर लोकार्पण और पुरस्कार वितरण



**भोपाल ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां, राजभाषा के कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) भोपाल भी सार्वजनिक क्षेत्रों के 25 उपक्रम सदस्यों के साथ अपने इस दायित्व के प्रति पूर्ण जागरूक एवं गंभीर है। यह बात मिथिलेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) भोपाल ने समिति की 53 वीं अर्धवार्षिक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि हमारे सभी सदस्य कार्यालय अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों के साथ राजभाषा हिन्दी के प्रगामी विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। प्रतिवर्ष की भांति हमने एक सूचनाप्रधान कैलेंडर बनाया है। यह कैलेंडर हमारे राष्ट्रगीत "वन्देमातरम" पर आधारित है। बैठक में हडको की क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. तृप्ति एम दीक्षित ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। तत्पश्चात वंदे मातरम कैलेंडर का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में मिथिलेश कुमार ने श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कार प्रदान किए। प्रथम पुरस्कार केंद्रीय भंडारण निगम तथा रेल विकास निगम लिमिटेड, द्वितीय पुरस्कार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण व आरईसी लिमिटेड, तृतीय पुरस्कार भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय व एमएसटीसी, प्रोत्साहन पुरस्कार राष्ट्रीय बीज निगम, भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय, रेलटेल कार्पोरेशन लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम को प्राप्त हुए। विशेष प्रशस्ति पत्र से हडको की कार्यालय प्रमुख डॉ. तृप्ति एम दीक्षित और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

### श्री सत्य साई महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेला संपन्न

**भोपाल।** प्रदेश के प्रतिष्ठित नेक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में जिला रोजगार कार्यालय भोपाल एवं महाविद्यालय के कॅरियर प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार एवं कौशल विकास मेला 'युवा संगम' प्रतिभा को अवसर से जोड़ने का आयोजन किया गया। मेले के उदघाटन अवसर पर स्वप्निल श्रीवास्तव, जिला रोजगार अधिकारी भोपाल तथा सुश्री ऋतु सिंह बघेल, जिला उद्योग केंद्र रोजगार मेला में मौजूद रहे। साथ ही 'शहीद दिवस' के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि यह मेला मध्यप्रदेश की रोजगारोन्मुखी नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया है। महाविद्यालय की कॅरियर एवं प्लेसमेंट सेल की टीम डॉ. श्रीजी सेठ, डॉ.वर्षा सक्सेना, डॉ. सीमा सोनी, डॉ. मिनेश हिंडोलिया के कुशल मार्गदर्शन में रोजगार मेला सम्पन्न हुआ।




### सीआईएमएस में कार रैली ड्राइव अगेंस्ट कैंसर का आयोजन 1 को

**भोपाल।** कॅरियर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (सीआईएमएस), भोपाल द्वारा स्टेज ज़ीरो कैंसर अवेयरनेस कार रैली ड्राइव अगेंस्ट कैंसर का आयोजन रविवार 1 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस रैली का उद्देश्य आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शुरुआती अवस्था में कैंसर की पहचान के महत्व को समझाना है। इस कार रैली के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि यदि कैंसर की पहचान स्टेज जीरो या शुरुआती चरण में हो जाए, तो इसका इलाज अधिक प्रभावी और सफल हो सकता है। रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागी समाज को यह संदेश देंगे कि जागरूकता और समय पर जांच से कैंसर को हराया जा सकता है। इस आयोजन मेंडॉ. हमीदुज्जफर घोरी, एचओडी एवं प्रोफेसर , उपस्थित रहेंगे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला - हरदा (म.प्र.)

**Email : cmoharda@mpurban.gov.in** **Phone No.: 07577-225301**

क्रमांक / 472/रा.वि./2026 हरदा, दिनांक 27/01/2026

:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व की 01 छत को म.प्र.न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 109 के साथ पठित धारा 355 तथा म.प्र.न.पा. अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं म.प्र. राजपत्र आसाधारण दिनांक 04 मई 2021 में प्रकाशित प्रावधानों के अंतर्गत 30 वर्ष की अवधि हेतु स्वत्व अधिपत्थ मूल्य प्रीमियम बेसिस वार्षिक किराये पर देने हेतु घोष, विक्रय हेतू निविदा बेवसाईड www.mptender.gov.in निम्नानुसार दरें आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र बेवसाईड पर दिनांक 28-1-26 से 27- 2-26 तक क्रय की जा सकती है। है। बिड समिट दिनांक 27-2-2026 समय 5:30 तक निविदा संशोधित होने की स्थिति में बेवसाईड पर ही देखा जा सकता है।

| क्रं. | भूखण्ड / छत क्रं. | वार्ड का नाम / वार्ड क्रमांक / स्थान | छत का नजरी नक्शा एवं क्षेत्रफल वर्गफुट | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | अमानत राशि (2.5%) | वार्षिक भू-भाटक अंतिम बोली पर देय होगा | आरक्षण की स्थिति | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छत क्रमांक 01 | शनि मंदिर के सामने काम्प्लेक्स के ऊपर वार्ड क्रं. 13 | 38.5 x 22.5 = 866 | 13,27,420 | 33,185 | 0.5% | अनारक्षित | 5000 |


निविदा की नियम एवं शर्ते की जानकारी एवं अन्य शर्ते नगर पालिका कार्यालय में कार्यालय दिवस व समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

चिंतन

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरिमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी ज़रूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरिमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए

**भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।**

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत



करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
कैलाश चंद्र



# जागरुक नागरिक, समरस समाज निर्माण की मूल धुरी


भारतीय समाज की रचना में परिवार केवल रक्त-संबंधों का केंद्र नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, अनुशासन और भविष्य का निर्माण करने वाली संस्था है। जब दुनिया व्यक्तिगतता, उपभोक्तावाद और क्षणिक सुख की संस्कृति में उलझकर अपने मूल्यों से दूर जा रही है, तब हमारे लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि राष्ट्र-निर्माण किसी एक नीति, किसी एक नेतृत्व या किसी एक विचारधारा से नहीं चलता, उसका वास्तविक केंद्र परिवार होता है। परिवार ही वह स्थान है जहां भविष्य की पीढ़ियां अपना पहला श्वांस, पहला संस्कार, पहली दृष्टि और पहला जीवन-शिक्षण प्राप्त करती हैं। अतः परिवार में संस्कारों की स्थापना केवल निजी जीवन का विषय नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रश्न है। भारतीय संस्कृति में 'संस्कार' कोई बाह्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्मा को गढ़ने वाली आग है, जो धातु को स्वर्ण में बदलने का सामर्थ्य रखती है।

परिवार में संस्कारों का स्थान राष्ट्र-निर्माण की प्रथम आधारशिला माना गया है। जब परिवार के भीतर सद्भाव, सम्मान, संवाद और परस्परता का वातावरण होता है, तो वह ऊर्जा केवल घर की चहारदीवारों में नहीं रुकती, बल्कि बाहर मोहल्ले तक फैलती है। एक संस्कारित परिवार मोहल्ले में तनाव, हिंसा, विवाद या अव्यवस्था का कारण नहीं बनता; बल्कि वह वातावरण को सुसज्जित और शांत रखने में सहायक होता है।

ऐसे परिवार सामाजिक विश्वास को बढ़ाते हैं और एक प्रकार की अदृश्य सामाजिक पूंजी का निर्माण करते हैं, जिससे पूरा नगर और समाज अधिक स्थिर, सुरक्षित और सामंजस्यपूर्ण बनता है। संस्कारों का यह प्रभाव केवल मानव-व्यवहार तक सीमित नहीं रहता, वह प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तक भी विस्तारित होता है। आज दुनिया पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रही है, जल-स्रोत सूख रहे हैं, ऊर्जा का अत्यधिक अपव्यय हो रहा है, वृक्ष कट रहे हैं, और जीव-जगत असुरक्षा में जी रहा है। भारतीय परंपरा में प्रकृति पूज्यनीय है, और यह पूज्यता परिवार की संस्कृति से ही जीवन का अंग बनती है। अतः पर्यावरण का संरक्षण तभी संभव है जब परिवार अपनी जीवन-शैली में संवेदनशीलता का बीज बोए। परिवार का दायित्व केवल नैतिकता या व्यवहार तक सीमित नहीं है; वह सांस्कृतिक स्वत्व को बनाए रखने का केंद्र भी है। भजन, भोजन, भ्रमण और भेष जैसे विषय केवल क्रिया नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास के वाहक हैं। यदि परिवार अपने घर में अपनी परंपराओं के भजन, मंत्र, कथा और लोकध्वनियों को स्थान देता है, तो बच्चों में आध्यात्मिकता कृत्रिम नहीं, सहज बनती है। भोजन में स्थानीयता और स्वदेशीता अपनाने से बच्चे यह सीखते हैं कि जीवन का पोषण धरती के अपने अनाज और अपनी परंपरा से होता है। जब परिवार 'स्व' का भाव अपनाता है, तब उसकी संतति सांस्कृतिक रूप से मजबूत, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से स्थिर बनती है। इन सबके साथ ही समरसता का महत्व सर्वोच्च है। समरस परिवार वह है जिसमें सभी सदस्य एक-दूसरे को सम्मान देते हैं, किसी को कमतर या अधिकतर नहीं मानते, और सबके स्वभाव और कर्तव्य को समझते हैं। समरसता का यह भाव घर से निकलकर समाज में समान रूप से फैलता है। आज दुनिया विभाजनों, उपहास, तनाव और घृणा की राजनीति से जूझ रही है। यदि परिवार के भीतर समरसता होगी तो समाज विभाजन से मुक्त होगा। समरस परिवारों से ही समरस समाज जन्म लेता है, और ऐसा समाज ही एक समरस राष्ट्र का आधार बन सकता है। जाति, भाषा, वर्ग और क्षेत्र के कृत्रिम भेद तभी समाप्त होंगे जब परिवारों में एकात्मता की भावना विकसित होगी। समरस परिवार समाज के लिए एक जीवंत उदाहरण बनता है कि विविधता संघर्ष का नहीं, बल्कि सहयोग और पूरकता का आधार है। अंततः राष्ट्र-निर्माण किसी विशाल नारे या महंगी योजना से नहीं, बल्कि एक छोटे से परिवार की संस्कृति, अनुशासन और दैनंदिन आचरण से शुरू होता है। संस्कारित परिवार ही जागरुक नागरिक तैयार करता है। यही 'स्व' के भाव को पोषित करते हैं, और यही समरसता को पल्लवित करते हैं। इसलिए भारत के उज्ज्वल भविष्य का वास्तविक प्रकाश-स्तंभ कोई बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि अंदर बैठे छोटे-छोटे परिवार हैं, जिनमें संस्कार, प्रेम, मर्यादा, स्वाबलंबन और एकात्मता की दीप्ति जल रही है। इन्हीं परिवारों से वह पीढ़ी जन्म लेगी जो केवल विकसित भारत नहीं, बल्कि विचारवान, समरस, संवेदनशील और आत्मगौरवयुक्त भारत का निर्माण करेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ॐ' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ॐ' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# मित्रता मुश्किल समय के लिए भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

सटाका




आज की पाती

## काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़यां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया।

**- प्रदीप देशपांडे**, बिलासपुर

ट्रेंड

## बापू को नमन



महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गाँधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

## प्रेम-सुंदर सम्मान



दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

## सूचना का अधिकार



आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## सोशल मीडिया




बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।

**- सोनू सूद, फिल्म अभिनेता**

करंट अफेयर

# अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा


अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की 'शिव नटराज', चोल काल (12वीं शताब्दी) की 'सोमस्कंद' और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की 'संत सुंदरार विद परवई' हैं। ये मूर्तियां 'दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं', जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभायात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि 'शिव नटराज' प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।



ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

अंसारी के बयान पर मचा बवाल भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# 'हिंदुस्तानी लुटेरे' वाले बयान को कांग्रेस की मानसिकता बताया, वे हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करने में जुटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हामिद अंसारी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अंसारी की टिप्पणी कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह इस बात का नया उदाहरण है कि कैसे कांग्रेस 'हिंदू विरोधियों का महिमामंडन करती है।' पूनावाला ने कहा कि अब कांग्रेस इकोसिस्टम और हामिद अंसारी उस गजनवी का महिमामंडन कर रहे हैं, जिसने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र किया। वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं और औरंगजेब और उन लोगों के अपराधों को सफेदपोश बनाते हैं जिन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार किए। दिल्ली दंगा के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को लपेटे में लेते हुए पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी रही है। भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस की मानसिकता है।

**कांग्रेस ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध किया**

वह अलगाववादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी

### इतिहास से खिलवाड़ कर रही कांग्रेस ने शरजील, खालिद को बताया था 'युवा नेता'


भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला

पूनावाला ने अंसारी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए एक लंबा सोशल मीडिया पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस का इकोसिस्टम है। पूनावाला ने कहा कि पहले यही इकोसिस्टम शरजील इमाम और उमर खालिद जैसे लोगों को 'युवा नेता' बताता था। अब यही लोग गजनवी को हिंदुस्तानी बताकर उसके अपराधों को हल्का करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हिंदू आस्था और इतिहास के साथ खिलवाड़ का एक नया तरीका है।

### भाजपा हर स्तर पर इसका विरोध करेगी

ये यही लोग हैं, जो औरंगजेब जैसे शासकों के अपराधों पर पर्दा डालते हैं और हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को कमतर आंकते हैं। भाजपा ने साफ किया है कि वह ऐसे बयानों का हर स्तर पर विरोध करती रहेगी।

पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने यह कहा था

## गजनवी और औरंगजेब विदेशी आक्रांता नहीं, हिंदुस्तानी लुटेरे

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के एक बयान पर फिर सियासी बवाल मच गया है। अंसारी ने महमूद गजनवी और लोदी वंश के बारे में कहा था कि ये लोग हिंदुस्तानी लुटेरे थे। इन्हें विदेशी आक्रांता नहीं, बल्कि हिंदुस्तानी लुटेरे कहा जाना चाहिए। अंसारी कांग्रेस के सदस्य रह चुके हैं। ये बातें गजनवी के संदर्भ में थीं, जिन्होंने भारत पर कई आक्रमण किए थे और वह गजनवी वंश के शासक थे।



### वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए

अंसारी की टिप्पणी पर एक बार फिर से बवाल हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम ही ऐसे लोगों का महिमामंडन करता है, जो कि हिंदुओं के खिलाफ थे। एक वीडियो में अंसारी यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गजनवी और लोधी बाहर से नहीं आए थे, बल्कि वेभारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा कि वे यहीं के थे, बाहर से नहीं आए थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति को अयोध्या का न्योता, मार्च में जाएंगी

**नई दिल्ली।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू मार्च में अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन और पूजा कर सकती हैं। अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मिश्रा ने संकेत दिया कि राष्ट्रपति ने अनौपचारिक रूप से इस दौरे के लिए सहमति दे दी है।

### आईएडीएमके को मशीन में किया साफः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया।



उन्होंने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार के मामलों में कथित तौर पर संलिप्त उनकी सहयोगी एआईएडीएमके को उनकी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया गया है। जो यहां के विकास को पचा नहीं पाते। वे वॉट्सएप विश्वविद्यालय से झूठ फैलाते हैं।

### सैनिक अभ्यास के बाद फटा बम, 1 की मौत

**गया।** सैनिक अभ्यास के बाद सुरक्षा मानकों के पालन में हुई गंभीर लापरवाही एक नाबालिग की



जान पर भारी पड़ गई। बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बुमेर पंचायत के विघी पहाड़ी के समीप स्थित सैनिक अभ्यास फील्ड रेंज में शुक्रवार को अप्रस्फुटित विस्फोटक के फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### अजहर ने बंगले पर खर्च किए 76 लाख रुपए

**हैदराबाद।** तंगी से जूझ रहे राज्य ने मंत्री पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन के बंगले की मरम्मत पर खर्च किए 76



लाख खर्च किए। इसके बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया। सरकार का कहना है कि इमारत 15 साल से खाली थी और खराब हालत में थी। विपक्ष सवाल उठा रहा सरकार वित्तीय तंगी का हवाला दे रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर साधा निशाना

# राहुल को नॉर्थ-ईस्ट से क्या दुश्मनी? असम की पहचान गमछा नहीं पहना

## डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता पर उठाए सवाल

भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी


डिब्रूगढ़ के कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने असम में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए गमछा विवाद को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जब राहुल गांधी ने गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में असम की पारंपरिक पहचान गमछा नहीं पहना, तो असम कांग्रेस इस पर चुप क्यों है? डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरे कार्यक्रम में केवल राहुल गांधी ही ऐसे नेता थे जिन्होंने नॉर्थ ईस्ट का गमछा नहीं पहना। आखिर उन्हें नॉर्थ ईस्ट से ऐसी क्या दुश्मनी है? शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल देश में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ये गमछा पहनकर नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक नेता के व्यवहार से नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति कमजोर नहीं होगी। राहुल चाहे जो करें, नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति हमेशा फलती-फूलती रहेगी। भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

■ उनके आचरण से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**शाह ने चला चुनावी दांव, कांग्रेस को नहीं मिली 'छांव'**

पीएम मोदी ने बड़े मंच पर भी संस्कृति का सम्मान किया



सीएम हिमंत सरमा के साथ गृहमंत्री शाह

### अवैध घुसपैठ पर भी कांग्रेस को घेरा

गमछा विवाद के अलावा शाह ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में अवैध प्रवासियों को राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने सिर्फ अपना वोट बैंक मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाली अगली भाजपा सरकार असम से चुन-चुनकर घुसपैठियों को भगाएगी।

**राहुल 'नॉर्थ ईस्ट विरोधी'**

गणतंत्र दिवस के बाद तस्वीरों और वीडियो में राहुल कुछ समय बाद गमछा पहने हुए नजर नहीं आए, जिसे भाजपा नेताओं ने इसे असम और नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का अपमान बताया है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई भाजपा नेताओं ने राहुल की "नॉर्थ ईस्ट विरोधी सोच" करार दिया।

### डिब्रूगढ़ को दूसरी राजधानी बनाने की सराहना की

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी राजधानी बनाने का फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि यहां 250 एकड़ में नए विधानसभा परिसर की आधारशिला रखी जा चुकी है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह ने कहा कि सीएम सरमा ने असम के विकास में कई आयाम गढ़े। यहां कई संस्थान खुले। नए हवाई इड्डे भी सरमा के कार्यकाल में मिले। वे घुसपैठियों की पहचान कर रहे हैं।

### भाजपा ने इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ा

गमछा को लेकर उठा विवाद अब सांस्कृतिक सम्मान बनाम राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का रूप ले चुका है। भाजपा इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ रही है, जबकि कांग्रेस इसे बेवजह का राजनीतिक मुद्दा बता रही है। चुनावों के मद्देनज़र यह बहस असम की राजनीति में और तेज होने की संभावना है। शाह और भाजपा चाहती है कि असम में होने वाले चुनाव से पहले गमछा विवाद जोर पकड़े ताकि उनकी पार्टी के लोग असमिया लोगों को यह समझा सकें कि कांग्रेस असम और पूर्वोत्तर की संस्कृति के संरक्षक नहीं है।

कांग्रेस का जवाब

### कार्यक्रम की शुरुआत में पहना था 'पटका'

कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कार्यक्रम की शुरुआत में गमछा (पटका) पहना था और बाद में बैठने के दौरान उसे उतार दिया। उस समय कई अन्य नेता, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे, गमछा पहने हुए नहीं दिखे। कांग्रेस ने भाजपा पर चुनिंदा राजनीति करने और एक औपचारिक कार्यक्रम को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया।

महाराष्ट्र में एनसीपी नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट

## सुनेत्रा संभालेंगी डिप्टी सीएम का पद, राज्यसभा जाएंगे पार्थ पवार

प्रफुल्ल पटेल हो सकते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अजित पवार की विमान हादसे में आकस्मिक मृत्यु के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करने पर हामी भर दी है। वह कल शाम शपथ ले सकती हैं। वर्तमान में सुनेत्रा राज्यसभा की सांसद हैं। महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद उन्हें राज्यसभा सीट खाली करनी पड़ेगी।

सूत्रों की मानें तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को उनकी मां की जगह राज्यसभा भेजने की तैयारी में है। वहीं, शुक्रवार को एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल फडणवीस के 'वर्षा' बंगले पहुंचे और सीएम से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी नेताओं ने पवार के पास रहे विभागों पर अपना दावा पेश किया।

### आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

सूत्रों के अनुसार, सुनेत्रा का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई राजभवन में शनिवार (30 जनवरी) शाम 5 बजे होगा। वह पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी लड़ेंगी, जो उनके पति अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है। एनसीपी ने पार्टी व्हिप जारी कर 31 जनवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे मुंबई के विधान भवन में महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद के अपने सभी सदस्यों की बैठक बुलाई है।

### सीएम फडणवीस को नहीं है आपत्ति

एनसीपी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए छगन भुजबल ने कहा कि हम शुक्रवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले, हम गुरुवार रात भी उनसे मिले थे। हमने पूछा कि क्या शपथ ग्रहण समारोह और दूसरी सभी औपचारिकताएं शनिवार को पूरी की जा सकती हैं। सीएम ने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। वह शनिवार को डिप्टी सीएम पद की शपथ ले सकती हैं, बशर्ते विधायक दल औपचारिक रूप से इस पर फैसला ले लें। इससे पहले भी नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि एनसीपी डिप्टी सीएम पद के लिए जो भी फैसला लेना होगा, वह लेगी और सरकार व भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगी। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और एनसीपी के साथ खड़े हैं। बता दें, अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था।

नए महीने में कई नियम बदलेंगे

## एलपीजी से लेकर सिगरेट व फास्टैग में होंगे कई बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार फरवरी आम लोगों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। 1



फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई बड़े नियमों में बदलाव भी लागू होंगे। इन बदलावों का असर सीधे आपकी जेब, घरेलू खर्च, टैक्स प्लानिंग, निवेश और दैनिक जरूरतों पर पड़ेगा। गैस सिलेंडर से लेकर सिगरेट, ईंधन से लेकर बैंकिंग और फास्टैग तक हर क्षेत्र में कुछ न कुछ बदलाव संभव है। एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जाएंगी। खास तौर पर 14 किलो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव की उम्मीद है। एयर टर्बाइन फ्यूल की नई कीमतें भी जारी होंगी। एटीएफ की कीमतों में बदलाव का असर सीधे हवाई यात्रा के किराए पर पड़ता है। पिछले महीने 1 जनवरी को दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में करीब 7 फीसदी की कटौती हुई थी। तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अतिरिक्त टैक्स लग सकता है।

परमहंस आचार्य का बड़ा दावा

## ट्रंप ने कराया था पीएम मोदी का वशीकरण, हमने 'भगाया'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां के परमहंस आचार्य ने बड़ा रोचक दावा किया है। आचार्य ने



कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी पर तंत्र-मंत्र कराए थे और उसके असर के चलते ही वह वशीकरण का शिकार हो गए थे। इसी के चलते यूजीसी ने ऐसा नियम बनाया था, लेकिन अब हमने वैदिक मंत्रों से उन्हें मुक्त करा लिया है। मीडिया से बात करते हुए परमहंस आचार्य ने कहा कि हमें लगा कि आखिर ऐसा कैसे हो गया? इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि उनके बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए जरूर दुनिया ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया है। इसके बाद जब मैंने ध्यान लगाया तो पता लगा कि ट्रंप ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया था। अब हमने यहां वैदिक मंत्रों का पाठ किया है और अब उन पर वशीकरण का असर नहीं पड़ेगा। अब हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी ऐसा कोई कानून न बनाएं, जिससे देश का विकास रुक जाए।

गोवा में चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

## नबीन ने कोर ग्रुप बैठक की और नेताओं में भरा जीत का 'उत्साह'

### जगाया जोश, फिर से जीतेगी पार्टी

एजेंसी ▶▶ पणजी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को गोवा की राजधानी पणजी में पार्टी की कोर ग्रुप बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पहले, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सुबह हवाई अड्डे पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

पत्रकारों से बात करते हुए, सावंत ने भाजपा की गोवा इकाई में उच्च स्तर के उत्साह को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी आगामी चुनावों में फिर से विजयी होगी।



गोवा में बैठक के दौरान भाजपाध्यक्ष नबीन और सीएम प्रमोद सावंत (बाएं)

### आगामी रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया

सीएम सावंत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन गोवा पहुंच गए हैं और हमने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी चुनावों में फिर से विजयी होगी। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय रणनीति बैठक की।

आंध्र प्रदेश में तिरुपति प्रसाद विवाद में खुलासा

## लड्डू में नहीं था गोमांस वाला 'घी' उसमें एस्टर की मिलावट पाई गई

### नकली सामान को लेकर सीबीआई ने चार्जशीट पेश की

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं में मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी एक अहम मुद्दा बन गया था। अब सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अपनी फाइनल चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कहा गया कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू वाला प्रसाद बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में गोमांस की चर्बी या लार्ड नहीं था। नेल्लोर स्थित भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की अदालत में 23 जनवरी को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।



2024 में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यह आरोप लगाकर एक विवाद खड़ा कर दिया था कि पवित्र तिरुपति लड्डू में पशु वसा की मिलावट की गई है। जांच सीबीआई की विशेष जांच टीम ने की।

### कंपनी के उत्पादन पर उठे थे सवाल

आरोप पत्र के अनुसार लड्डू बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेलों और डेयरी मानकों की रासायनिक नकल करने के लिए प्रयोगशाला में तैयार किए गए एस्टर की मिलावट पाई गई। इसमें पशु वसा का उपयोग नहीं पाया गया। उत्तराखंड के भगवानपुर स्थित प्रमुख आपूर्तिकर्ता भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी एक ऐसी उत्पादन इकाई चला रही थी जिसे जांचकर्ताओं ने 'आभासी' उत्पादन इकाई बताया है।

झांकियों में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और केरल टॉप-3 में रहे शामिल

## नौसेना को मिला सेनाओं के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार

### रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने दिल्ली में विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर तमाम देशी-विदेशी मेहमानों के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सैन्य मार्चिंग दस्तों और राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों को शुक्रवार को राजधानी स्थित राष्ट्रीय रंगशाला में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

तीनों सशस्त्र सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में नौसेना को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। शीर्ष तीन झांकियों में महाराष्ट्र की गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक, जम्मू-कश्मीर (जम्मू-कश्मीर के हस्तशिल्प एवं लोक नृत्य) और केरल की (वाटर मेट्रो और 100% डिजिटल साक्षरताः आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल) की झांकी को सम्मानित किया गया।

### मंत्रालयों की झांकी में छाया रहा वंदे मातरम




केंद्रीय मंत्रालय, विभागों की सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कार से रक्षा राज्य मंत्री ने संस्कृति मंत्रालय को नवाजा। जिन्होंने वंदे मातरम की टैगलाइन के साथ बेहद अनोखे अंदाज में तैयार किया था। सीपीडब्ल्यूडी की झांकी वंदे मातरम-150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव और वंदे मातरम-भारत की शाश्वत गूंज नृत्य समूह मुख्य हैं।

**विकसित भारत को लेकर प्रतिबद्ध सरकार**

सेठ ने सबसे पहले परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को बधाई दी और कहा कि 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर राष्ट्र के संकल्प की फिर से पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने पीएम की उस अपील को भी अपने संबोधन में दोहराया। जिसमें प्रधानमंत्री ने एनसीसी की रैली में युवाओं से हर सप्ताह कम से कम एक घंटा स्वच्छता अभियान के लिए समर्पित करने और किसी चयन किए हुए स्थान पर उस संबंध में गतिविधि आयोजित करने का आग्रह किया था।

### जनता की लोकप्रिय पसंद

आम-जनता द्वारा अपनी पसंदीदा झांकी और परेड दस्ते के लिए मायगॉव पोर्टल पर आयोजित किए गए ऑनलाइन मतदान के आधार पर तैयार की गई लोकप्रिय पसंद श्रेणी के तहत भी समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने कुछ पुरस्कार वितरित किए। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में असम रेजिमेंट, सीएपीएफ व अन्य सहायक बलों में सीआरपीएफ मुख्य है। जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों में गुजरात (स्वदेशी मंत्र-आत्मनिर्भरता-स्वतंत्रताः वंदे मातरम), उत्तर-प्रदेश (बुंदेलखंड की संस्कृति) और राजस्थान (मरुस्थल का स्वर्णिम स्पर्शः बीकानेर स्वर्ण कला (उस्ता कला) मुख्य हैं।

भारत-अरब संवाद को मजबूती

# जयशंकर ने अरब लीग महासचिव के साथ की बैठक, सहयोग और समन्वय बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लीग ऑफ अरब स्टेट्स (एलएएस) के महासचिव अहमद अबुल घीत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। मुलाकात को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज सुबह लीग ऑफ अरब स्टेट्स के महासचिव अहमद अबुल घेट के साथ एक सार्थक मुलाकात हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समन्वय बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा, क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

## पीएम मोदी से आज मुलाकात करेंगे अरब देशों के विदेश मंत्री


एलएएस के महासचिव अहमद अबुल से जयशंकर की भेंट

भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक (आईएएफएमएम) आज 31 जनवरी को होगी। बैठक वाले दिन अरब देशों के विदेश मंत्री सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से शिष्टाचार भेंट करेंगे और उसके बाद उनकी औपचारिक बैठक की शुरुआत होगी। जिसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। इस वर्ष एक दशक के बाद यह बैठक हो रही है। पूर्व में इसका आयोजन वर्ष 2016 में बहरीन में किया गया था। बतौर पहली बैठक समूह के विदेश मंत्रियों ने सहयोग से जुड़े प्राथमिकता वाले पांच क्षेत्रों का चयन किया था। जिसमें ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति मुख्य थे।

## कोमोरोस के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग

विदेश मंत्री जयशंकर ने कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से भी मुलाकात की। मबे के साथ मुलाकात को लेकर उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद से मिलकर खुशी हुई। स्वास्थ्य, खेल, इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेसिटी बिल्डिंग में सहयोग पर चर्चा हुई। हमारे दोनों देशों के बीच ज्यादा बार बातचीत के महत्व पर सहमति हुई।


कोमोरोस के विदेश मंत्री मबे मोहम्मद और जयशंकर

## फिलिस्तीन के साथ गाजा शांति योजना पर चर्चा

*जयशंकर ने फिलिस्तीन की विदेश मंत्री और प्रवासी मंत्री वारसेन अगाबेकियान शाहीन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विकास सहयोग, गाजा शांति योजना और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि फिलिस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियान से मिलकर खुशी हुई। गाजा पीस प्लान और इलाके के विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारे विकास सहयोग की समीक्षा की और इसे आगे बढ़ाने के लिए पहलों पर सहमति जताई।*


फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन शाहीन और एस. जयशंकर

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

फिलिस्तीन की विदेश मंत्री शाहीन ने कहा कि भारत फिलिस्तीन और इजराइल दोनों का दोस्त है और इस तरह वह दोनों पक्षों के बीच पुल बनाने और विचार देने में बहुत अहम भूमिका निभा सकता है। हम उम्मीद करेंगे कि भारत किसी भी शांति कोशिश में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगा।

### सभी 22 अरब देशों की होगी भागीदारी

भारत की मेजबानी में होने वाली इस बैठक में सभी 22 अरब देशों की भागीदारी देखने को मिलेगी। जिसमें उनके विदेश मंत्री, अन्य मंत्री, राज्य मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बता दें कि अरब राष्ट्र वे राष्ट्र हैं। जहां अरबी भाषा बोली जाती है। इनमें यूएई, सऊदी अरब, मिस्र, इराक, अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, यमन और मॉरिटानिया जैसे देश शामिल हैं।

## खबर संक्षेप


### कुवैत से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को शुक्रवार के दिन बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया, जिसके बाद एहतियातन रूप से विमान की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की।



### निपाह के डर से भारत से पशु उत्पादों पर बैन

**नई दिल्ली।** सेंट्रल एशियाई देश किर्गिस्तान ने भारत से जानवरों और पशु उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निपाह वायरस के डर के बीच राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश में अपने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग कड़ी कर दी है। भारत में फैल रहे वायरस के कारण बिश्केक और ओश के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। ये उपाय भारत में निपाह वायरस के प्रकोप के जवाब में लागू किए गए हैं।



नहीं थमता दिख रहा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी

# परमाणु ठिकानों पर हमले और तख्तापलट की योजना, खास 'कमांडो' मिशन को देंगे अंजाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसमें मिलिट्र रेड और स्पेशल फोर्सेज ऑपरेशन शामिल हैं। इसके जरिए ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर हमला किए बगैर तख्तापलट करने और उसके परमाणु महत्वाकांक्षा को खत्म करने पर विचार कर रहा है। अगर इस प्रस्ताव को अमल में लाया जाता है, तो इसमें ईरानी परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल फैसिलिटी पर तेज हवाई हमले और हाई रिस्क ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए अमेरिकी सैनिकों की खास टुकड़ियां ईरानी जमीन पर उतरेंगी और मिशन अंजाम देकर वापस लौट जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन जिन योजनाओं पर विचार कर रहा है, इनमें अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से ईरानी इलाके में भेजना और जून 2025 के हमलों के बाद बचे हुए न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट करना या उन्हें बेकार करना शामिल है।

यूएस स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से जाएंगे

*तुर्की ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को कहा*

## ईरान से बात कर रहे हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप


आयतुल्लाह खामेनेई


डोनाल्ड ट्रंप

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई से बचना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वह ईरान से बात कर रहे हैं। उन्होंने मिलिट्री ऑपरेशन से बचने की संभावना को खुला रखा, जबकि पहले चेतावनी दी थी कि तेहरान के लिए समय 'खत्म हो रहा है' क्योंकि अमेरिका इस क्षेत्र में एक बड़ा नौसैनिक बेड़ा भेज रहा है। ट्रंप ने कहा कि मैंने ईरान से बात करने की भी योजना बनाई है। हमने एक समूह को ईरान भेजा है। उम्मीद है कि हमें सैन्य कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।

### अमेरिकी हमला पूर्ण युद्ध माना जाएगा: ईरान

ईरान ने ट्रंप की धमकियों पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर अमेरिका की तरफ से कोई भी हमला होता है तो उसे पूर्ण पैमाने पर युद्ध की तरह देखा जाएगा। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी भी दी है। ईरानी सेना का कहना है कि वह पहले से ज्यादा तैयार है और उसकी उंगलियां ट्रिगर पर है। ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि किसी भी अमेरिकी कार्रवाई पर तेहरान की प्रतिक्रिया सीमित नहीं होगी बल्कि यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया होगी जो तुरंत दी जाएगी।

## ईरान की आईआरजीसी आतंकी संगठन: ईयू

यूरोपीय संघ (ईयू) ने ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कर दिया है। ईयू ने बताया कि ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई के चलते यह कदम उठाया गया है। यूरोपियन यूनियन कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। ईयू की शीर्ष राजनयिक काया कलास ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि तेहरान में प्रदर्शनों के दमन का जवाब दिया जाना जरूरी है।



### इजराइल पहुंचा अमेरिका का 'विध्वंसक' पोत

अमेरिकी नौसेना का एक विध्वंसक पोत इजराइल के इलात बंदरगाह पर पहुंचा है। मिस्र और जॉर्डन के साथ इजराइल की सीमाओं के पास, अकाबा की खाड़ी पर स्थित दक्षिणी बंदरगाह पर विध्वंसक पोत का आगमन पूर्व निर्धारित था। ये अमेरिकी और इजराइली सेनाओं के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है। यह गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर है। इसमें एजिस सिस्टम है, जो एयर डिफेंस, मिसाइल डिफेंस और क्रूज मिसाइल (टोमाहॉक) लॉन्च करने की क्षमता रखता है। यह जहाज हवाई हमलों, मिसाइलों और जहाजों से लड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।



### परमाणु वार्ता शुरू करें: तुर्की

तुर्की के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच वार्ता फिर से शुरू करना अमेरिका द्वारा संभावित हमलों के तनाव को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस्तांबुल में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ हाकान फिदान ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए वार्ता जरूरी है।

भारत-अमेरिका के बीच चर्चा


## टैरिफ संकट और बीटीए पर असमंजस के बीच जयशंकर से मिले अमेरिकी राजदूत गोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एक ओर अमेरिका ने भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। तो दूसरी ओर अभी तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

आपसी संबंध भी बहुत अच्छे नहीं कहे जा सकते हैं। लेकिन इन सबके बीच नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम घटा है। जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के मध्य एक द्विपक्षीय मुलाकात हुई। इस दौरान बातचीत में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी और उससे जुड़े हुए रक्षा, व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों तथा अन्य जरूरी पहलुओं पर चर्चा की गई है। यह मुलाकात हालांकि बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली में हुई है, जिसे लेकर जानकारी डॉ. जयशंकर ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए साझा की है। यहां बता दें कि संबंधों में तनातनी के बीच दोनों देशों के मध्य बीते कुछ वक्त से हाईप्रोफाइल संवाद प्रक्रिया जारी है।

अमेरिका के राजदूत गोर ने भी इसी जनवरी महीने की शुरुआत में भारत के राजदूत के रूप में अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद कहा था कि वह अमेरिका के साझेदार के रूप में भारत को अत्यधिक महत्व देते हैं और दोनों देश व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं।


सर्जियो गोर और एस. जयशंकर

### भरोसेमंद सप्लाई चेन की जरूरत

रूस-यूक्रेन और पश्चिम-एशिया में जारी सैन्य संघर्षों के चलते चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य में इस महत्वपूर्ण बैठक के आयोजन के पीछे अमेरिका की मंशा जटिल खनिजों पर आधारित एक सुरक्षित, भरोसेमंद और लचीली सप्लाई चेन को लेकर वैश्विक सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। अमेरिका के विदेश विभाग का कहना है कि बैठक में आर्थिक सुरक्षा, तकनीकी नेतृत्व और इंटरनेशनल ऊर्जा ट्रांजिशन जैसे कदमों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे जयशंकर

देश के कूटनीतिक हलकों में जयशंकर और सर्जियो गोर की इस मुलाकात की चर्चा इसलिए जोरों पर है। क्योंकि भारत के विदेश मंत्री अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं। जिसका उद्देश्य वाशिंगटन डीसी में अमेरिका की मेजबानी में 4 से 5 फरवरी तक जटिल खनिजों के विषय पर आयोजित की जाने वाली उच्च मंत्रिस्तरीय बैठक है।

## चिल्ला-ए-कलां का दौर समाप्त


**श्रीनगर।** भीषण सर्दी के दौर 'चिल्ला-ए-कलां' की शुक्रवार को हुई समाप्ति के बीच कश्मीर घाटी के अधिकतर हिस्सों में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। श्रीनगर सहित कई इलाकों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे इस अवधि की कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। चिल्ला-ए-कलां की शुरुआत 21 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में कई बार अच्छी बर्फबारी हुई, श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई।

बांग्लादेश ने दिया भारत को धोखा

## चटगांव क्षेत्र में ड्रोन बनाने के लिए 850 एकड़ जमीन चीन को सौंप दी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने चटगांव के मीरसराय क्षेत्र में भारत को आवंटित स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सेज) की करीब 850 एकड़ जमीन आधिकारिक तौर पर रद्द कर दी है। अंतरिम सरकार के इस फैसले के बाद अब यही भूमि चीन को ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए दे दी गई है। नई योजना के तहत चीन यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल टेकऑफ-लैंडिंग ड्रोन बनाएगा। बांग्लादेश सरकार के मुताबिक, प्लांट में इस साल के अंत तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। चीन ने ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी सहमति दे दी है। यह प्लांट भारतीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा, जिससे



बांग्लादेश में सेज के लिए जमीन

रणनीतिक चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद ड्रोन निर्माण करने वाला तीसरा देश बन जाएगा।

भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में पीएम नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान तत्कालीन पीएम शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारतीय निवेशकों के लिए इंडियन इकोनॉमिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया था।

इंडिया-ईयू एफटीए का दिखा असर

## अमेरिका ने पैक्स सिलिका गठबंधन में अब 'भारत' को भी किया शामिल


विदेश उप सचिव जैकब हेलबर्ग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीयू) को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता कि अमेरिका भारत के सामने घुटनों पर आ गया। अमेरिकी विदेश उप सचिव (आर्थिक मामलों के) जैकब हेलबर्ग ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि भारत फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होगा।

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

हेलबर्ग ने स्पष्ट किया कि एआई की यह दौड़ 21वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था को तय करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधी देश सप्लाई चेन को राजनीतिक दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए पैक्स सिलिका जैसा आर्थिक सुरक्षा गठबंधन जरूरी है। यह गठबंधन केवल बातचीत तक सीमित नहीं रहेगा। इसकी नीतियों के तहत निर्यात नियंत्रण, निवेश की जांच और रिसर्च के लिए सब्सिडी जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भरोसेमंद तकनीक दुश्मनों के हाथ न लगे। भारत के शामिल होने से देश में घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### चीन को रोकेगा भारत

जैकब हेलबर्ग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में इस गठबंधन का केंद्र जापान और दक्षिण कोरिया जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब थे। लेकिन अब सप्लाई चेन को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए भारत का साथ आना जरूरी है। भारत के पास न केवल खनिज संसाधन हैं, बल्कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विशाल प्रतिभा भी है। अमेरिका का मानना है कि भारत के आने से हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक नया विकल्प तैयार होगा। सच्चाई यह है कि अमेरिका अब अपनी तकनीकी सप्लाई चेन के लिए पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहता। चीन के बढ़ते तकनीकी ताकत से निपटने के लिए एक बार फिर भारत की याद आई है।

2026 की प्राथमिकताओं को लेकर यूएन महासचिव एंतोनियो गुटेरेस बोले

# वैश्विक समस्याओं का समाधान एक दो ताकतों से संभव नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने दुनिया में बहुआयामी व्यवस्था (मल्टी-पोलैरिटी) को समर्थन देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक या दो ताकतों द्वारा संभव नहीं है। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए कहा कि देशों के बीच मजबूत साझेदारी ही स्थिर और संतुलित विश्व व्यवस्था की आधारशिला बन सकती है। 2026 की प्राथमिकताओं को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा समय में अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली शक्ति है, जबकि भविष्य में अमेरिका और चीन के दो ध्रुवों वाली व्यवस्था की चर्चा होती है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो एक ताकत और न ही दो ताकतें दुनिया की समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। इसके लिए देशों के बीच व्यापक नेटवर्क और सहयोग जरूरी है।

पारंपरिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक हिस्सेदारी घट रही

उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से प्रभाव और आत्मविश्वास बढ़ा रही

## भारत-ईयू एफटीए सकारात्मक कदम



गुटेरेस ने हालिया अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए भारत और ईयू के बीच हुए एफटीए को सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के मार्कोसुर और इंडोनेशिया के साथ समझौते, भारत-ईयू डील, साथ ही चीन के साथ कनाडा और ब्रिटेन के व्यापार संबंध वैश्विक सहयोग के बढ़ते नेटवर्क को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक हिस्सेदारी घट रही है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से प्रभाव और आत्मविश्वास बढ़ा रही हैं। ऐसे में वैश्विक संस्थाओं और संरचनाओं को नए समय की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलना होगा।

### भारत-ईयू समझौता: 2 अरब लोगों का भविष्य

गुटेरेस ने पीएम नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व में हुए इस समझौते को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने बताया कि यह समझौता करीब 2 अरब लोगों के बाजार को जोड़ेगा। इसमें व्यापार के साथ-साथ रक्षा और 'टैलेंट मोबिलिटी' (प्रतिभा गतिशीलता) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय शांति की जिम्मेदारी यूएन पर

गुटेरेस ने गाजा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए बोर्ड ऑफ पीस पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की है। केवल सुरक्षा परिषद ही अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बाध्यकारी फैसले ले सकती है और बल प्रयोग को मंजूरी दे सकती है। उन्होंने सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता पर सवाल उठाने वाले ही अक्सर इसके सुधार का विरोध करते हैं, जिससे संस्था अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं हो पाती।

अमेरिका में आयातित दवाओं पर सवाल

## सुरक्षा कारणों से सीनेट ने मूल देश का नाम 'लेबल' पर लिखने की मांग रखी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसदों ने एक बार फिर मांग उठाई है कि दवाओं पर स्पष्ट रूप से यह दर्ज किया जाए कि उनका निर्माण किस देश में हुआ है। उनका कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सहित कई देशों द्वारा दवाओं और उनके कच्चे माल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने यह उजागर कर दिया कि अमेरिका की दवा आपूर्ति श्रृंखला अब भी बड़े पैमाने पर विदेशी देशों पर निर्भर है और इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा को गंभीर जोखिम हो सकता है।

यह मांग अमेरिकी सीनेट की एजिंग पर बनी विशेष समिति की


समिति अध्यक्ष रिक स्कॉट

सुनवाई के दौरान उठी। सुनवाई का विषय था, 'लेबलिंग में सच: अमेरिकी नागरिकों को यह जानने का हक है कि उनकी दवाएं कहां से आती हैं।' समिति के अध्यक्ष रिक स्कॉट ने अपनी नई विधेयक पहल 'क्लियर लेबल्स एक्ट' का ऐलान किया। इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका में बिकने वाली सभी पर्ची वाली दवाओं पर यह बताना जरूरी होगा कि दवा और उनके मुख्य इंग्रेडिएंट्स कहां बने हैं।

नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार की शिकायती आवेदन पर कलेक्टर ने गठित किया जांच दल

# 7 सदस्यीय टीम को अलग-अलग विभाग की जांच का सौंपा दायित्व, जल्द ही कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे अपनी रिपोर्ट... दोषी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रायसेन में जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को विगत दो हफ्ते पहले नगर के कुछ लोगों द्वारा नगर पालिका में हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के शिकायती आवेदन दिया था। जिला कलेक्टर ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए जांच के लिए 7 सदस्यीय टीम का गठन किया। जांच टीम में एसडीएम गौहरगंज चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमंत शर्मा, जल संसाधन से श्याम डोले, सीएमओ प्रशांत जैन, लोक निर्माण विभाग से जितेंद्र चौहान, समेत दो अन्य लोगों को टीम में लिया गया है, जिसमें मुख्य रूप से शुक्रवार को सभी टीम नगर पालिका में आकर उन्हें, प्रधानमंत्री आवास योजना, कायाकल्प, जल विभाग, तहबाजारी, समेत अन्य विभाग की जांच के लिए अलग-अलग दायित्व दिया गया, जो अपने स्तर पर जांच कर तय समय पर जांच रिपोर्ट कलेक्टर रायसेन को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट में मिले भ्रष्ट जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।



गठित जांच दल को विभागों की जानकारी देते एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव। इस दौरान अन्य लोगा भी मौजूद थे।

### इन बिंदुओं पर हुई थी कलेक्टर से शिकायत

***विगत दो सप्ताह पहले नगर की मीडिया हाउस द्वारा जिला कलेक्टर को 5 एहम बिंदुओं पर भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को लेकर शिकायत आवेदन दिया गया था, जिसमें मुख्य बिंदू हैं...***

- *कायाकल्प 01, 02, पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर।*
- *नगर में चल रही तहबाजारी का प्रतिदिन की वसूली पर पैसे का बंदरबांट।*
- *नगर पालिका में घर बैठे कर्मचारियों को पैसा देने संबंधी एवं फर्जी कर्मचारियों को लेकर।*
- *अमृत टू योजना में पहले की मुख्यमंत्री पेयजल योजना का सम्मिलन किस नियम से हुआ और नहीं हुआ तो पहले के पैसे का क्या हुआ?*
- *सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण में हुई*

### नगर में चर्चाओं का रहा बाजार गरम

*एक और जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने नपा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कलेक्टर को लेकर शिकायत की, तो वहीं नगर के आम जन भी इस कार्यकाल से त्रस्त हैं। जांच टीम के गठन के बाद से नगर में भ्रष्टाचार कर्मचारियों पर कार्रवाई को लेकर बाजार गरम है। हर कोई कार्रवाई के लिए एक दूसरे से काना फूसी कर रहे है।*

### जांच दल का गठन किया

नपा में हुए अनियमितताओं को लेकर जांच दल का गठन कर दिया गया है। सभी अधिकारी को अलग-अलग जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच कर रिपोर्ट जल्द ही कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव**, एसडीएम गौहरगंज।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**औबेदुल्लागंज।** श्रीमद् भागवत कथा के लिए शुक्रवार को कलश यात्रा निकली गई। भागवत कथा श्याम बाबा मंडल एवं समस्त महावीर कॉलोनीवासियों के सौजन्य से प्रारंभ हुई। कथावाचक पंडित मनोज शास्त्री के मार्गदर्शन में कलश यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मां कॉलोनी निवासी विकास श्रीवास्तव, पंकज शर्मा, मौनी नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा वाचक पंडित मनोज शास्त्री महाराज जी ने प्रथम दिन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि महावीर कॉलोनीवासी बड़े ही जागरूक हैं एवं धर्म के कार्य में हमेशा आगे रहते हैं।

### पुरुषोत्तम नप के अध्यक्ष पद के उभरते दावेदार

**औबेदुल्लागंज।** स्वच्छता अभियान के एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा नगर में सक्रिय हैं। उन्होंने नगर में स्वच्छता कायम रखने के लिए आवाज उठाई और कई वार्डों का भ्रमण किया। पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया के साथ बस स्टैंड पर विकास कार्य के लिए आवाज उठाई है। वे नगर परिषद के अध्यक्ष के दावेदार के रूप में उभरे हैं, उनका सहयोग मनोज चौरसिया कर रहे हैं।



### व्यापार महासंघ के सफल मिलन समारोह पर अभार

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ मिलन समारोह सफल होने एवं सभी के सहयोग मिलने पर आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, महामंत्री रतन मेघानी, सहसचिव राजू भाई पटेल, सह कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मित्तल, मीडिया प्रभारी दिनेश सेन आदि ने कार्यक्रम को सफल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। सभी ने कहा कि नगर की समस्याओं के समाधान के लिए व्यापार महासंघ को मजबूत करना है।

### निगम पर 8.94 लाख का जुर्माना बरकरार

**भोपाल।** मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भोपाल नगर निगम पर लगाए गए 8.94 लाख रुपए का जुर्माना एनजीटी ने बरकरार रखा है। कचरा प्रबंधन में लापरवाही और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट न लगाने जैसी खामियों के चलते मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भोपाल नगर निगम पर जुर्माना लगाया था। निगम को यह राशि तीस दिन के अंदर पीसीबी को जमा कराना होगी। यह आदेश शुक्रवार को न्यायमूर्ति शियो कुमार सिंह, विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने पारित किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3850 | | |
| दिन: | 146 | 12 | 778 |
| रात: | 679 | 26 | 880 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 660 | 22 | 147 |
| रात: | 456 | 55 | 366 |

शेयर मार्केट में निवेश के नाम लोगों से करते थे ठगी

# साइबर ठगों को 25 हजार रुपए में खाता बेचने वाले जालसाज गिरफ्तार

*साइबर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को मंदसौर से किया गिरफ्तार, मुख्य आरोपियों की तलाश*

*ठगी के हर ट्रांजक्शन में अकाउंट होल्डर को मिलता था 5 फीसदी कमीशन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 9 लाख 91 हजार 900 रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह को अपना अकाउंट बेचने वाले दो आरोपियों को साइबर क्राइम ब्रांच ने मंदसौर से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में एक दलाल है, जबकि दूसरा अकाउंट धारक है। दलाल ने 25 हजार रुपए में उसका अकाउंट खरीदकर जयपुर के साइबर फ्रॉड को दिया था। इसके साथ ही हर ट्रांजक्शन पर 5 फीसदी कमीशन मिलता था। आरोपियों द्वारा दिए गए बैंक अकाउंट का उपयोग देश के विभिन्न राज्यों में की जा रही साइबर ठगी की वारदातों में किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, मिसरोद में रहने वाले एक व्यक्ति ने 4 सितंबर 2024 को साइबर क्राइम को शिकायत की थी। आवेदन में बताया गया कि उसे एम स्टॉक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा दिया गया।

इसी लालच में आकर फरियादी ने उन्होंने अलग-अलग दिन 9,91,900 रुपए जालसाजों के संबंधित बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए, जिसके बाद उसे किसी प्रकार का लाभ नहीं मिला और संपर्क बंद कर दिया गया। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल ने जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान शिकायत में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी संबंधित बैंकों से एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी टेलीकॉम कंपनियों से प्राप्त की गई। साथ ही तकनीकी विश्लेषण के आधार पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी स्वयं के एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों के बैंक खाते नौकरी दिलाने, व्यवसाय में लाभ दिलाने का लालच देकर खुलवाते थे। इसके बाद इन खातों को अन्य साइबर ठगों को बेच दिया जाता था।



### साइबर क्राइम ब्रांच ने जारी की एडवाइजरी

- सोशल मीडिया पर अधिक कमाई का लालच देने वाले टास्क से सावधान रहें।
- यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब, इंस्टाग्राम पेज लाइक करने के बदले पैसे देने वाली योजनाएं धोखाधड़ी हो सकती हैं।
- पहले 50-100 ट्रांसफर कर विश्वास में लेने के बाद बड़ी राशि की ठगी की जाती है।
- किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक खाता, क्रेडिट कार्ड, की जानकारी न दें।
- किसी भी अनजान लिंक या वेबसाइट से ऐप डाउनलोड न करें।
- बैंक के नाम पर आने वाले कॉल्स की पुष्टि संबंधित बैंक शाखा से करें।
- साइबर अपराध की सूचना भोपाल साइबर क्राइम हेल्पलाइन- 9479990636, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर- 1930 पर दें।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

गुलशेर खान पिता शेरू खान (27) ग्राम भावगढ़, जिला- मंदसौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी महज 8वीं तक पढ़ा है और मजदूरी करता है। पूर्व में वह थाना भावगढ़ में एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार हो चुका है। 25 हजार रुपए उसने अपना बैंक अकाउंट बेचा था। ठगी की रकम के हर ट्रांजेक्शन में 5 फीसदी कमीशन लेता था। रजनीश बारेठ पिता भैरूलाल बारेठ (19) मंदसौर का है। आरोपी 12वीं पास है और गुलशेर से बैंक खाता खरीदकर जयपुर के साइबर ठग को उसने बेचा था। इसमें उसे भी कमीशन मिलता था। पुलिस को आशंका है कि उसने पहले भी इस तरह के खाते बेचे होंगे।

प्रदर्शन से पहले राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो घंटे तक दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देश पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पुरे प्रदेश में आज महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर धरना दिया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी के शहादत के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद धरने का नेतृत्व करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी का अपमान है। केन्द्र में भाजपा सरकार द्वारा गरिबों से रोजगार छिनने का काम किया जा रहा है। चुंकी कांग्रेस ने इस मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति को 100 दिनों का रोजगार का अधिकार दिया था, पर भाजपा सरकार योजना का नाम बदलकर इस योजना को खत्म करना चाहतीं हैं।



महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### भाजपा सरकार गरीबों से छीन रही रोजगार

प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि भगवान श्री राम के नाम की आड़ में भाजपा सरकार गरीबों से रोजगार छीनकर चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। तुलसी जोतवानी ने कहा कि मोदी सरकार जब से केन्द्र में आई है तब से नए नए कानून बनाकर लोकतंत्र के तहत जनता को दिए हुए अधिकारों को खत्म करने का काम कर रही है। राम भरोसे भगवानिया ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस के समय की सभी योजनाओं का नाम बदलकर अपना श्रेय लेना चा रही है।




### नागर ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने ग्राम सुराज से राम राज्य की परिकल्पना करने वाले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को नगर के शासकीय कॉलेज में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर, राजू मेहरा, परवेज खान, नावेद खान साहिल मनीष नागर उपस्थित रहे।

अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों से किया संवाद

# रायसेन जिला चिकित्सा अधिकारी मांडरे ने सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के सिविल अस्पताल में शुक्रवार सुबह जिला चिकित्सा अधिकारी एचएस मांडरे ने औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में प्रतिदिन के ओपीडी की जानकारी ली। वहीं, अलग-अलग विभाग में जाकर मरीजों से संवाद किया, जिसमें मरीजों से मिलकर हॉस्पिटल से मिल रही सुविधाओं को लेकर चर्चा की। एनआरसी में नवजात बच्चों के भी स्वास्थ सुविधाओं को जाना। इसके साथ ही प्रसूति महिलाओं से भी उच्च स्वास्थ्य के लिए डॉक्टरों को आदेशित किया। वर्धमान ग्रुप द्वारा सीएसआर फंड से निर्माणाधीन तीन ओपीडी बिल्डिंग की भी जानकारी ली।

**बेहतर व्यवस्था एवं मरीजों को समय पर इलाज मिले इसके लिए डॉक्टर दिए निर्देश**



मरीजों से चर्चा करते जिला चिकत्सा अधिकारी एचएस मांडरे।

### जीजा के हत्यारे सालों को आजीवन कारावास

**भोपाल।** आपसी विवाद के कारण पति से अलग रह रही पत्नी को मनाने ससुराल पहुंचे पति की लोहे के पाइप और डंडे से प्रणाघातक हमला कर हत्या करने वाले आरोपी साले अमर विश्वकर्मा एवं सुरेश विश्वकर्मा पुत्र आशाराम विश्वकर्मा निवासी प्रीत नगर कॉलोनी छोला भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारोवास एवं 1000-1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अनिल शुक्ला द्वारा पैरवी की। अपर सत्र न्यायाधीश ने मृतक की पत्नी संतोषी शिल्पकार और सास रूक्मिणी विश्वकर्मा को प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया।

कांग्रेस सेवादल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

# सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर करें काम, तभी बूथ होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। भार्गव ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर बूथ पर काम करना होगा, तभी हमारा बूथ मजबूत होगा। किसान मित्रों की पहल पर भी जोर दिया। संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। भार्गव ने कहा कांग्रेस सेवा दल के सदस्यों को गांव-गांव में प्रभात फेरी निकाले। सेवादल की बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने कहा कि सभी कांग्रेसी मिलकर संगठन को मजबूत करें एवं पुराने कांग्रेसियों को साथ ले कर कार्य करें।



कांग्रेस सेवादल की बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता।

### कांग्रेस का भविष्य उज्जवल...

पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास ने कहा कि कांग्रेस का भविष्य उज्जवल है। बस हम संगठित होकर काम करें। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरवार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, महेश जैन, नगर प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष युद्धवीर पटेल, सेवादल जिला अध्यक्ष मेघराज चौहान, सेवालाल ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खटीक, सेवादल ब्लॉक महासचिव पंकज शर्मा, मांगीलाल उइके, कमलेश नागर, डॉ सुनील गुप्ता, संतोष सेन, पूर्व ब्लॉक नगर उपाध्यक्ष तुलाराम साहू आदि लोग बैठक में मौजूद रहे।

राजधानी के भेल दशहरा मैदान में शुरू हुआ मातृभाषा समारोह

# मातृभाषा समारोह में सिंधी समाज की सहभागिता, सिंधी पकवान के स्टॉल, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय मातृभाषा समारोह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 18 भाषायी परिवारों की सहभागिता देखने को मिली। इसके साथ ही विभिन्न भाषायी समाजों की प्रदर्शनियां, प्रस्तुतियां एवं स्टॉल उनकी गौरवशाली संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।

साथ ही इस समारोह की विशेषता यह रही कि इसमें भोपाल में निवासरत लगभग 18 भाषायी परिवार अपनी-अपनी मातृभाषाओं की सांस्कृतिक झलक भेल दशहरा मैदान के विशाल प्रांगण में प्रस्तुत की। समारोह के अंतर्गत सिंधी समाज के समावेश को भी पूर्ण रूप से इस कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया, जिसमें जहान्वी मितेश (मोटू) किशनानी द्वारा दाल पकवान, कड़ी चावल, साई भाजी, दही कोकी का स्टॉल लगाया, जिसे उपस्थित लोगों ने ने काफी पसंद किया। इसके साथ ही सिंधी सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनियां भी दर्शकों के लिए पहले दिन पूरी तरह आकर्षण का केंद्र रही। समारोह के दूसरे दिन शनिवार को मंच के माध्यम से सिंधी समाज की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ भगवान झूलेलाल जी को समर्पित एवं विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।



मातृभाषा समारोह में जहान्वी मितेश किशनानी ने लगाया सिंधी पकवानों का स्टॉल।

### समारोह में गाथा प्रभु श्री राम की दी विशेष प्रस्तुति

*इसके अलावा मोहित शेवानी एवं साथियों द्वारा गाथा प्रभु श्री राम की विशेष प्रस्तुति इस मातृभाषा समारोह में प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरम्मय में सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने समाज के सभी लोगों से इस महोत्सव में सक्रिय सहभागिता की अपील की है, ताकि भारत की भाषायी विविधता और सांस्कृतिक एकता को और अधिक मजबूती मिल सके।*

पुलिस विभाग ने 103 पुलिसकर्मियों के किए तबादले

# मंडीदीप-सतलापुर थानों में 8 पुलिसकर्मियों के तबादले, 11 को मिली नई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिले में पुलिस विभाग द्वारा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने आदेश जारी कर कुल 103 पुलिसकर्मियों के तबादले किए हैं। इनमें सब-इंस्पेक्टर, एएसआई, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक शामिल हैं।

इसी क्रम में मंडीदीप एवं सतलापुर थानों में पदस्थ 8 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। मोहन कमरे, शिवकिशोर उइके, सोन सिंह बाथम, रवि रैकवार एवं शिशुपाल सिंह को कोतवाली, तेजबहादुर चंदेल को उदयपुरा, नितिन जामलिया को सलामतपुर तथा मोहर सिंह को सुल्तानपुर चौकी भेजा गया है। वहीं मंडीदीप एवं सतलापुर थानों में 11 पुलिसकर्मियों की नई पदस्थापना की गई है।

यशवंत शर्मा, दिलीप भाटी, दुर्गेश मंसौरिया, नीलेश मीणा, प्रकाश चिडार, कृष्णपाल जादौन, सुरेन्द्र सिंह, संदीप राजपूत को मंडीदीप थाना तथा कृष्णपाल राजपूत, विमल बहादुर सिंह एवं आकाश सेन को सतलापुर थाना में पदस्थ किया गया है। आदेश जारी होते ही संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से रिलीव कर दिया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार इस फेरबदल से जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

# लाल चावल की खेती को पुनर्जीवित करने किसानों को वर्कशाप देकर बताई तकनीक

## मानव संग्रहालय में आयोजित 'श्री अन्नः राष्ट्रीय श्री अन्न महोत्सव-2026' में देशभर के जनजातीय किसानों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तरकाशी के नौगांव की स्वतंत्री बंधानी (श्वेता बधानी), जिन्हें 'रेड राइस लेडी' के नाम से जाना जाता है, हिंसर संस्था की सचिव हैं। मुख्यमंत्री से अवार्ड प्राप्त स्वतंत्री ने सतत कृषि, खाद्य सुरक्षा और लाल चावल के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य किया और हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनके कार्यों की सराहना की। रवाई घाटी के पुरोला और नौगांव में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वतंत्री स्थानीय कृषि को बढ़ावा दे रही हैं.... कई दशकों से लाल चावल की खेती को बढ़ावा देने के साथ स्वतंत्री ने स्थानीय किसानों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करने, विशेष रूप से कृषि में महिलाओं का समर्थन करने, पारंपरिक, सूखा प्रतिरोधी लाल चावल की खेती को पुनर्जीवित किया है। देश की रेड राइज लेडी कहलाने वाली स्वतंत्री ने अपना स्टॉल मानव संग्रहालय में आयोजित 'श्री अन्नः राष्ट्रीय श्री अन्न महोत्सव-2026' में लगाया और हरिभूमि से बातचीत में कृषि क्षेत्र में सुधार पर चर्चा की। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में सिक्किम, उत्तराखंड, मप्र, महाराष्ट्र, तेलंगाना, अरुणाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों से10 लोक एवं जनजातीय समुदायों ने सहभागिता कर अपने अपने अंचल के मिलेट्स फूड के स्टाल लगाए।

### देहरादून में चार एकड़ में भी लगाया, लेकिन सिर्फ हमारे ही क्षेत्र में लगता है



स्वतंत्री ने कहा कि मैंने देखा कि लाल चावल की खेती केवल हमारे ही क्षेत्र में होती है। ऐसे में मैंने हमारे क्षेत्र के किसानों को लाल चावल की खेती की तकनीक बताई, अपने आस-पास के गांवों में कार्यशालाएं ली और आज हमारा क्षेत्र लाल चावल के लिए एक जिला एक उत्पाद की श्रेणी में है और यह चावल भारतभर में ऑनलाइन डिलीवर किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब मेरे प्रयास देश के बाहर विदेशों में इस चावल की किस्म को उचित मूल्य पर पहुंचाना है। हमने इस लाल चावल को देहरादून में चार एकड़ में भी लगाया था, लेकिन बिल्कुल भी उत्पादन नहीं हुआ। यह चावल हमारे क्षेत्र में 140 रुपए प्रति किलो मिलता है और उत्तरकाशी के अलावा अन्य स्थानों पर दो से तीन गुनी दर पर मिलता है। उन्होंने बताया कि लाल चावल उच्च गुणवत्ता वाली चावल की एक किस्म है, जो अपने अनूठे स्वाद और अनेक स्वास्थ्य लाभों के लिए जानी जाती है, इसे सीढ़ीनुमा पद्धति से लगाया जाता है जो अपने आप में ही मुश्किल काम है।

### डिंडोरी के अमरसिंह बना रहे कोदो कुटकी का दलिया और राई भाजी



डिंडोरी अंचल की जनजातीय खाद्य परंपरा में स्थानीय अनाजों का विशेष स्थान है। अंजलि और अमरसिंह टोटडिया द्वारा प्रस्तुत बांस तिहरी, टूटकी की भात, कोदो का भात, मक्के की रोटी एवं राहर दाल इस क्षेत्र की आत्मनिर्भर और प्रकृति-आधारित खानपान संस्कृति को दर्शाते हैं। ये व्यंजन पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ स्थानीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

### प्रथम दिन श्री जानकी बैंड ऑफ विमेन की प्रस्तुति

श्री अन्न के प्रथम दिन का समापन जबलपुर द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित विशिष्ट प्रस्तुति श्री जानकी बैंड ऑफ विमेन के द्वारा हुआ जिसमें नर्मदा मैया ऐसी तो मिली रे-बम्बुलिया (बुन्देली), शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले-जगदंबा प्रसाद मिश्र (कविता), मत्थे ते चमकन वाल — पंजाबी लोकगीत, घुमा के मारूं मोरे सैयां- ददरिया (छत्तीसगढ़ी लोकगीत), सुभान बाई बो पानी-नाचा (छत्तीसगढ़ी लोकगीत), झांसी की रानी-सुभद्रा कुमारी चौहान (कविता),



सैला लोकगीत-आदिवासी लोकगीत, बलम नैया फागुन में -लोकगीत, नदिया धीरे-धीरे बहना -प्रमोद कुमार की कविता की प्रस्तुति ने समा को आनंद से परिपूर्ण कर दिया।



### कोदो की पेज, चरोड़ा भाजी, पान रोटी

अनूपपुर, मध्य प्रदेश प्रतिभागीः रजनी बाई ने अनूपपुर क्षेत्र से कोदो की पेज (खिचड़ी), चरोड़ा भाजी तथा पान रोटी प्रस्तुत की गई। यह पारंपरिक भोजन सादा, सुपाच्य एवं ऊर्जा प्रदान करने वाला माना जाता है, जो ग्रामीण एवं श्रमप्रधान जीवनशैली के अनुकूल है और मिलेट आधारित आहार परंपरा की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है।

---

## गुलाब उद्यान में 'राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी' में पहुंचे दो हजार किसान



# हर रंग, हर खुशबू में बसी प्रकृति की सुंदरता, फूलों की बहार ने मोहा मन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुलाब उद्यान में आयोजित पुष्प महोत्सव प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रही। शुक्रवार को आयोजित इस प्रदर्शनी में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग परिवार और मित्रों के साथ प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचते रहे, जहां रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट ने हर किसी का मन मोह लिया। कृषक कल्याण वर्ष-2026 के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्मंत्री डॉ मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के अनेकों जिलों से आए करीब दो हजार किसानों ने शिरकत की।

### गार्डन प्रेमियों ने भी परिवार के साथ पुष्प गार्डन की सैर की



प्रदर्शनी में सजे विभिन्न प्रजातियों के पुष्प। इनसेट : फूलों को करीब से देखती युवती



### फैली गुलाब, डहेलिया, ऑर्किड, पेटुनिया की सुगंध

प्रदर्शनी परिसर में प्रवेश करते ही चारों ओर फैली फूलों की सुगंध और मनमोहक सजावट ने आगंतुकों का स्वागत किया। गुलाब, डहेलिया, ऑर्किड, पेटुनिया, गेंदा और कई दुर्लभ प्रजातियों के फूलों को कलात्मक ढंग से सजाया गया, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। फूलों से निर्मित कलात्मक आकृतियां और थीम आधारित सजावट लोगों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय रही। युवा और बच्चे जहां रंग-बिरंगे फूलों के बीच तस्वीरें और सेल्फी लेते नजर आए तो वहीं बागवानी के शौकीनों ने पौधों की देखभाल और नई प्रजातियों की जानकारी लेने में खास रुचि दिखाई।

### इस अवसर पर प्रदेश के कई किसानों को बागवानी और फूलों की खेती के लिए पुरस्कार राशि भी दी गई

#### एक एकड़ में करते पुष्पों की खेती, कई टन पहुंचा उत्पादन



पुरस्कार राशि के चेक के साथ इंदौर के राकेश पाठक और उनकी पत्नी

साढ़े बारह लाख सब्सिडी प्राप्त करने वाले इंदौर जिले के राकेश पाठक और उनकी पत्नी का कहना है कि हम करीब सात साल से पुष्पों की खेती कर रहे हैं, और एक एकड़ में हमारे द्वारा पुष्पों का उत्पादन किया जाता है, जिसमें रोजाना कई क्विंटल पुष्प हम दूसरे क्षेत्रों में सप्लाई करते हैं और हमारे प्रयासों से दिन ब दिन पुष्प की खेती बढ़ती जा रही है।

#### 12 एकड़ में 6 डोम लगाए, फूलों-सब्जियों का उत्पादन



अपनी पत्नी रुपकुंवर के साथ गजराज कुशवाहा।

वहीं साढ़े चौदह लाख की सब्सिडी प्राप्त करने वाले धर्मेंद्र कौशल और गजराज कुशवाह ने कहा कि हमारे बारह एकड़ के खेत में हमनें सब्जियों के उत्पादन के साथ साथ पुष्पों का भी उत्पादन किया है। जिसमें हमनें ग्रीन हाउस इफेक्ट के लिए छः डोम भी लगाए हैं, साथ ही पूरा जीवन अपने इस फूलों ओर सब्जियों की खेती करने और उनको बढ़ावा देने में लगा दिया।

---

## साउंड को रीजेनरेट कर और मॉडर्न इंस्ट्रूमेंट के प्रयोग से युवाओं को करती भजनों की ओर आकर्षित

रविंद्र भवन में पीर पराई जाणे रे भक्ति संध्या में प्रस्तुति देने आईं प्रसिद्ध भजन गायिका स्वस्ति मेहुल से हरिभूमि की खास बातचीत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं अपने गीत खुद लिखती हूं और मेरी कोशिश होती है कि जो भी लिखूं सरल लिखूं, मैं हमेशा से ही ऐसे गीतों को बनाना पसंद करती हूं जो जेनजी को कनेक्ट कर पाएं क्योंकि हमारे समय के गीत तो बुजुर्ग सुनते ही थे, लेकिन आज यदि आपको युवाओं को कनेक्ट करना है तो आपको म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट में थोड़ा बदलाव लाना होगा, साउंड को रीजेनरेट करना होगा जैसे बांसुरी तो हमेशा ही फॉरएवर है, लेकिन इसके अलावा भी मैं मॉडर्न इंस्ट्रूमेंट का प्रयोग अपने गीतों में करती हूं जिससे युवा भी भजन संध्या को आनंद ले सकें और भजनों की ओर मुड़ें। यह कहना है राम आएंगे, आएंगे राम आएंगे... गीत से सुर्खियां बंटोरने वाली गायिका स्वस्ति मेहुल जैन का, जो रविंद्र भवन में आयोजित पीर पराई जाणे रे भक्ति संध्या में प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए।

**पीएम मोदी ने कहा-राम आएंगे गीत सुन मन भाव विभोर हो उठता है**

राम आएंगे, आएंगे राम आएंगे... गीत से करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करने वाली सिंगर स्वस्ति ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मेरे गाए इस भजन को जब पीएम मोदी ने शेयर किया तब इसकी रीच 1.5 मिलियन तक पहुंची और मैं एक छोटे से शहर शिवपुरी की गायिका करोड़ों लोगों द्वारा पसंद की जाने लगी। मुझे आज भी याद है पीएम मोदी ने यह लिखा था कि राम आएंगे, आएंगे राम आएंगे.. गीत दिन में एक बार भी सुन लिया जाए तो मन भगवान की भक्ति में भाव विभोर हो उठता है।

**भजन संध्या आयोजित कराने के लिए मप्र के मुख्यमंत्री की हूं आभारी**

वहीं मप्र के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वो आए दिन इस तरह की भजन संध्या का आयोजन करते रहते हैं और इससे एक ओर युवा भजनों की ओर जुड़ रहे हैं तो वहीं बुजुर्ग भी इसे इंजॉय कर पाते हैं।

**जुबिन नौटियाल से नहीं है कॉम्पिटीशन**

उन्होंने कहा कि इसके बाद जुबिन नौटियाल ने भी इसी तरह का एक गीत प्रस्तुत किया, लेकिन मैं उसे कभी भी कॉम्पटीशन नहीं कहूंगी बल्कि वह उनके प्रभु की भक्ति है और यह मेरे प्रभु की भक्ति थी।

### कर्णप्रिय भजनों से गूंज उठा मुक्ताकाश मंच

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित पीर पराई जाणे रे भक्ति संध्या में स्वस्ति रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर एक से बढ़कर एक गीतों की झड़ी लगा दी और श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरीं। जिसमें उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में राम आएंगे से प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाकर दर्शकों की भक्ति गंगा में बहाते हुए श्याम आन बसो वृंदावन में..., ऐ द्वारपालों..., हैं मेरे गीत तेरे लिए राधा...., तुम प्रेम तुम प्रीत...., वैष्णव जण ते तेने कहिए...., मीठे रस से भरयो...., सिया राम जानकी... जैसे अनेक भजनों की कर्णप्रिय प्रस्तुति दीं।

---

## अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच की ओर से सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह 2026 का हुआ आयोजन



# शब्दों के शौर्य से भोपाल में रचा गया सैन्य विश्व रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब हाथों में अस्त्र नहीं, बल्कि हृदय में ओज और वाणी में शौर्य हो, तब सैनिक केवल रणभूमि के योद्धा नहीं रहते, वे साहित्य के भी सेनापति बन जाते हैं। ऐसा ही अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच की ओर से आयोजित सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह 2026 का समापन वीर रस के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ। दो दिवसीय यह आयोजन सैनिक विश्राम गृह में हुआ, जिसमें देश की तीनों सेनाओं के साथ-साथ पैरामिलिट्री एवं पुलिस बल के जांबाजों ने अपनी काव्य प्रतिभा का पराक्रम दिखाया। सबसे बड़ी उपलब्धि रही लगातार 25 घंटे वीर रस की कविताओं का निर्बाध पाठ, जिसने द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्वर्णिम स्थान दर्ज कराया।

### 5,227 नागरिकों के हस्ताक्षरों से निर्मित सैनिक श्रद्धांजलि बैनर

शुक्रवार दोपहर 12 बजे जैसे ही कविता पाठ का यह क्रम पूर्ण हुआ, तभी सभागार भारत माता की जय और ओजस्वी तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा तीन महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता दी गई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए 50 से अधिक सैनिक कवियों की रचनाओं का संकलन, 5,227 नागरिकों के हस्ताक्षरों से निर्मित सैनिक श्रद्धांजलि बैनर और 25 घंटे का निरंतर कविता पाठ तीनों को विश्व रिकॉर्ड घोषित किया गया।

## कला-वृंद सर्व कल्याण समिति का आयोजन हम किसी से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संगीत गुरु और लता मंगेशकर के शास्त्रीय गीतों पर लघु शोधकर्ता डॉ. अश्विना रांगणेकर द्वारा कला-वृंद सर्व कल्याण समिति के माध्यम से शौकिया कलाकारों को मंच देते हुए हम किसी से कम नहीं कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लता मंगेशकर, शमशाद बेगम, आशा भोंसले, रफी, किशोर, मुकेश, महेंद्र कपूर, हेमंत कुमार, भूपेंद्र आदि गायकों के गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गईं। टाइटल सॉन्ग हम किसी से कम नहीं संदीप निगम और सुनयना तिवारी ने गाया, तो वहीं सुष्मिता अय्यर ने तेरी आंखों के सिवा, अर्चना सिंह भदौरिया ने सुन सुन दीदी, रेखा बंसल ने आंखों से जो उतरी है दिल में पर गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## हास्य रस से सराबोर रही 'आ सखी चुगली करें' काव्यगोष्ठी

# आओ मेरी सखियां, पच नहीं रही बात, पड़ोसन की बहू ने मारी सासू को लात...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरिणी साहित्यिक समूह द्वारा 'आ सखी चुगली करें' एक अत्यंत अनूठी, हास्य रस से सराबोर काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसने साहित्य को हल्के-फुल्के, व्यंग्यात्मक और आत्मीय रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी कवयित्रियों द्वारा सामूहिक रूप से शिवतांडव स्तोत्र से किया। इसके पश्चात कार्यक्रम का आगाज एक अनोखी चुगल-वंदना से हुआ, जिसने श्रोताओं को आरंभ से ही हंसी और ठहाकों की दुनिया में पहुंचा दिया।



इस अवसर पर हास्य से परिपूर्ण कुछ कविताओं की चुनिंदा पंक्तियां है....आओ मेरी सखियां, पच नहीं रही बात, पड़ोसन की बहू ने मारी सासू को लात.... कीर्ति श्रीवास्तव, चुगली तुम करते रहो, सब ठीक रहता है। चुगली यदि ना करो तो, वदन दर्द करता है। घुन तो पिसता है सखी, पर गेंहू भी तो पिसता है। चुगली के कारण ही हमारा तुम्हारा रिश्ता है..... डॉ. रंजना शर्मा ने सुनाया।

इसके साथ ही चुगली के लिए ढूंढ रहे थे पनघट, मीनू जी ने बुला लिया घर पर, पेट में हो रही थी पीड़, छोड़ छाड़ के कामधाम, हम भागे झटपट....शालिनी खरे, चुगली पर चुगली करें चुगलें मन की बात। चुगली से हल्के करें हम अपने जज्बात.... प्रेक्षा सक्सेना, चुगली की मीनू ने सजाई दुकान आज, नरेला का सुरभि परिसर बना हंसी का समाज। एक-एक सखी ने सुनाई चटपटी-सी बात, मिर्च-नमक में लिपटी हर छोटी-सी सौगात.... शशि बंसल।

---

### 'सहर होने को है' से चर्चा में आए एक्टर पार्थ समथान से हरिभूमि की खास बातचीत

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता

▶▶ मुंबई से पूजा पुजारा

कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के करियर पर हरिभूमि से खुलकर बात की।

पार्थ ने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है।




एक्टर पार्थ के साथ बातचीत करतीं पूजा।

### अब तक का सफर कैसा रहा?

शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है।

### अगर एक्टर नहीं होते तो?

इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि उन्होंने मज़ाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मज़ाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर' कहता था।




अभिनेत्री रिशिता का साक्षात्कार लेतीं पूजा।

### रिशिता कोठारी का पहला कदम

शो में सहर का किरदार निभा रहीं रिशिता कोठारी के लिए यह एक्टिंग की दुनिया में पहला मौका है। रिशिता ने बताया कि शुरुआत में वह काफी नर्वस थीं, लेकिन हर दिन कुछ नया सीखने को मिल रहा है।

# आईएफएस मीट 2026: सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिकारियों ने बिखेरा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय वन सेवा संघ मप्र द्वारा आईएफएस मीट 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में चित्रकला प्रतियोगिता, वानिकी सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

शहर के आईएफएम परिसर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से की गई। इसके पश्चात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के रूप में अधिकारियों ने अपनी प्रतिभा गायन, चित्रकारी डांस आदि से मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित अफसरों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां


आईएफएस मीट 2026 में गीत की प्रस्तुति देते अधिकारी।

## आईएफएस अधिकारियों ने परिवार के साथ लिया हिस्सा


रैंप वॉक में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा।

## गायन, नृत्य, रैंप वॉक, भारतीय परिधान पर हुई प्रतियोगिताएं


गीत गाते आईएफएस अधिकारी।

### गीत और नाट्य मंचन के जरिए मनोरंजन के साथ दिया सामाजिक संदेश

कार्यक्रम में एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुति हितिका भारती ने दी। अनोखी कुमार के एकल नृत्य ने दर्शकों की खूब तालिया बटोरीं। निशा जैन एवं एके जैन द्वारा प्रस्तुत युगल नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। संगीत की श्रृंखला में चंद्रशेखर सिंह ने एकल गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सौम्या द्वारा एकल अभिनय क्लेम कविता की प्रस्तुति दी गई। विभाष कुमार ठाकुर ने अपने एकल गीत से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन ने सामाजिक संदेश के साथ मनोरंजन भी प्रदान किया। विक्रम सिंह परिहार द्वारा प्रस्तुत एकल गीत को भी सराहना मिली। एकल नृत्य की प्रस्तुति दिव्यांशी ठाकरे द्वारा दी गई। इसके पश्चात डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, रजनी कोरी, शशांक भारद्वाज, बिंदु शरोना तथा मंजुला अरोसा द्वारा प्रस्तुत एकल गीतों और नृत्यों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक संध्या ने आपसी सौहार्द और कला के प्रति प्रेम को और अधिक सशक्त किया।

## खबर संक्षेप

### सरकारी डोमेन से जारी होंगे यूडीआईडी कार्ड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यूडीआईडी) जारी करने के लिए अब निजी अफसरों के नामों से बने ईमेल और डोमेन का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब इसके लिए केवल शासकीय ईमेल और डोमेन का उपयोग ही किया जा सकेगा। हॉस्पिटल के लॉगइन आईडी को हैंकिंग और दुरुपयोग को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग ने यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए नए निर्देशों का पालन करने को कहा है। प्रदेश के सभी कलेक्टरों को सामाजिक न्याय विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर कहा है कि यूडीआईडी पोर्टल की गतिविधियों के संचालन के लिए सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एडवाइजरी का पालन किया जाए।

### ट्रेन से गिरकर अघोरी साधु की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सलैया अंडर ब्रिज पर शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे अघोरी साधु की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। साधू की जेब में पुलिस को केवल रूद्राक्ष और जाप करने वाली माला मिली है। इसके अलावा ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने साधु का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी कि सलैया अंडर ब्रिज पर रेलवे ट्रैक पर किसी साधू की लाश पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साधु काला कुर्ता और लंगोट पहने हुए था। उसकी उम्र करीब 45 साल के आसपास होगी। अनुमान है कि साधु होशंगाबाद की तरफ से आने वाली ट्रेन से गिट्टियों पर गिरे थे। उनके सिर में चोट होने के कारण गंभीर चोट थी और काफी खून बह चुका था।

## बीएचईएल दशहरा मैदान में तीन दिवसीय मातृभाषा समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ

# देश में अभिवादन की भाषाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उसकी पद्धति एक ही है : हेमंत सेठिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


देश में अभिवादन की भाषाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उसकी पद्धति एक ही है। विश्व में वर्तमान में केवल तीन प्राचीन सभ्यताएं जीवित हैं चीन, इजराइल और भारत, जिनमें भारतीय संस्कृति कालजयी है। अनेक आक्रमणों के बावजूद भारतीय संस्कृति का अडिग रहना भारतीयता के स्व-बोध का परिणाम है। यह बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्यभारत प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने मातृभाषा और भारतीय संस्कृति के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कही।

राजधानी स्थित बीएचईएल दशहरा मैदान शुक्रवार को भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के रंग में सराबोर नजर आया। मातृभाषा मंच की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मातृभाषा समारोह का शुभारंभ हुआ।

विविध भाषाओं और संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोने वाला यह आयोजन भाषाई समरसता और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उदाहरण बना। समारोह के शुभारंभ अवसर पर सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर अग्रवाल, भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर तथा मध्यभारत प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया मंचासीन रहे।




मातृभाषा समारोह का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।



### नृत्य प्रस्तुतियों से दिया एकता का संदेश

कार्यक्रम में उड़िया समाज द्वारा प्रस्तुत मनमोहक उड़िया नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न भाषाओं के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। समारोह में फूड और हस्तशिल्प से जुड़े स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भारतीय ऋषि परंपरा की अतुलनीय परंपरा, 100 वर्ष की संघ यात्रा, चारों धाम के साक्षात और मनमोहक दृश्य, बारह ज्योतिर्लिंग को देख जन समूह भाव विभोर हो गया।

### अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी रही खास

समारोह के सुबह सत्र की शुरुआत देशभक्ति के भावों से ओतप्रोत वातावरण में हुई। मंच पर उपस्थित कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं के मन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगा दी। स्वर, ताल और भावों के सुंदर संगम ने पूरे परिसर को भावनात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके उपरांत वंदे मातरम पर केंद्रित नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नृत्य की हर मुद्रा में मातृभूमि के प्रति समर्पण और गौरव झलक रहा था, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। समारोह में अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर केंद्रित भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए और कई लोगों ने इसे भारतीय आस्था, संस्कृति और गौरव का जीवंत प्रतीक बताया।



समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते कलाकार और बच्चे। इंसेट में सांसद आलोक शर्मा और भोपाल जिलाध्यक्ष रविंद यति।

### स्वदेशी उत्पाद अपनाने पर जोर

सामाजिक समरसता, नागरिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता


समारोह में स्टॉल पर स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित करतीं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत की महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज और पदाधिकारी।

## *स्वदेशी अपनाकर ही राष्ट्र को बनाया जा सकता है सशक्त : सीमा*

*स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत की महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि हमें अपनी शक्तियों को सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि असीमित सोच के साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक ऐसे परिवार के रूप में कार्य करता है, जो संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि देश या दुनिया में कहीं भी आपदा आती है, स्वयंसेवक सेवा कार्य के लिए तत्पर दिखाई देते हैं। भारत की पहचान उसकी संस्कृति और परंपराओं से है, जिसने उसे विश्व में एक विशिष्ठ स्थान दिलाया है। संघ का मूल लक्ष्य देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। सीमा भारद्वाज ने स्वदेशी को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें खान-पान, वेशभूषा, जीवनशैली, भजन और भोजन सभी शामिल हैं। यदि हमारे आसपास स्वदेशी उत्पाद बन रहे हैं, तो उनका उपयोग करना हम सभी का दायित्व है। इससे देश की सांस्कृतिक चेतना सुदृढ़ होगी। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि मातृशक्ति को सीमित नहीं होना है, बल्कि घर संभालने के साथ, परिवार और समाज में संस्कार देना और स्वदेशी को बढ़ावा देते हुए असीमित होना है। वे प्रत्येक माह यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को संस्कारों से पोषित करें। साथ ही सामाजिक समरसता, नागरिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है, इसलिए उसका संरक्षण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देने की दिशा में की गई छोटी-छोटी पहल भी भविष्य में व्यापक प्रभाव डालती हैं और इसकी गूंज अनंत तक जाती है।*

### अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रेक बनवाने कलेक्टर से मिले उत्तर विधायक

# सिंधी कॉलोनी से डीआईजी चौराहे तक टूटेंगे दुकान और मकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर से एम्स तक के प्रोयोरिटी कॉरीडोर पर मेट्रो शुरु करने के बाद बोगदा पुल से करोंद के रूट का काम तेज कर दिया गया है। जिसके तहत सिंधी कॉलोनी से डीआईजी बंगला चौराहे तक संकरी सड़क किनारे बनी दुकानें और मकानों को हटाया जाना है। जिसके लिए बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने भू-अर्जन का काम शुरु कर दिया है। यहां पर दो सौ से अधिक दुकानें और मकान हटाए जाने हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को उत्तर विधायक आतिफ अकील इस रूट को अंडरग्राउंड कराने की मांग को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मिले। विधायक ने बताया कि पुराने शहर के भोपाल टॉकीज, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला क्षेत्र में घनी आबादी होने के साथ ट्रैफिक का दवाब अधिक होता है। ऐसे में मेट्रो के एलिवेटेड पिलर की वजह से इस सड़क किनारे बनी दो सौ से अधिक दुकान और मकानों को हटाया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों के कारोबार पर असर पड़ेगा।

### एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने की मांग

अकील ने कहा कि इस रूट पर मेट्रो को अंडरग्राउंड करने के साथ एलिवेटेड फ्लाईओवर भी बनाया जाना चाहिए, जिससे ट्रैफिक के दवाब को कम किया जा सके। पिलर पर मेट्रो रूट बनाने से भविष्य में फ्लाईओवर की संभावना भी मुश्किल हो जाएगी। जब इस एरिया में शहर आबादी और वाहनों का दवाब बढ़ता जा रहा है। कलेक्टर ने इस मामले को वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रखने का आश्वासन भी दिया।

# बैंक अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर देखा क्रेडिट कार्ड, खाते से निकाले 2 लाख 61 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी से साइबर जालसाज ने 2 लाख 60 हजार 958 रुपए की ठगी कर ली। दरअसल, जालसाज ने किराना व्यापारी को कॉल कर कहा था कि आपके पास एसबीआई का क्रेडिट कार्ड है। कार्ड का आपके द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। किराना व्यापारी ने कहा कि उन्हें क्रेडिट कार्ड की जरूरत नहीं है। इसके बाद जासलाज ने वीडियो कॉल कर क्रेडिट कार्ड देखने की बात कही। किराना व्यापारी ने वीडियो कॉल अटेंड कर लिया। इस दौरान आरोपी ने क्रेडिट कार्ड देखकर उनके कार्ड से और उनके खाते से 2 लाख 60 हजार 958 रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया।

पुलिस के अनुसार कमल भारती (52) गांव मुगालिया हाट, परवलिया सड़क में रहते हैं और किराने की दुकान का संचालन करते हैं। 13 अक्टूबर 2025 की दोपहर करीब 12 बजे उनके पास नए नंबर से कॉल आया। कॉलर ने उन्हें खुद को एसबीआई अधिकारी बताया।

### तीन महीने बाद रिकवरी निकली

20 जनवरी 2026 को एसबीआई बैंक एजेंट उनके घर पहुंचा। उसने कहा कि आपने अपने क्रेडिट कार्ड का पैमेंट जमा नहीं किया है। कमल भारती ने कहा कि उन्होंने क्रेडिट कार्ड से कोई पैमेंट नहीं निकाला। एजेंट उन्हें एमपी नगर जोन टूट स्थित एसबीआई बैंक लेकर पहुंचा। वहां बताया कि आपके क्रेडिट कार्ड नंबर से 14 अक्टूबर 2025 में अलग अलग 2 लाख 60 हजार 958 रुपए के पांच पैमेंट हुए है। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की।

### मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को

# कलियासोत और भोज वेटलैंड क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर एनजीटी का कड़ा रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्थित राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ ने कलियासोत जलाशय और भोज वेटलैंड क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को लेकर राज्य प्रशासन की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है।

ओए संख्या 07/2022 (सीजेड) एवं 12/2022 (सीजेड) में पारित आदेश में अधिकरण ने कहा कि भोपाल मास्टर प्लान 2005 का उल्लंघन करते हुए जलाशय भूमि, हरित पट्टी, बॉटनिकल गार्डन एवं क्षेत्रीय उद्यान की भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किए गए हैं, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है और मगरमच्छ, घड़ियाल व कछुओं जैसे जलीय जीवों के प्राकृतिक आवास पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकरण ने यह भी दर्ज किया कि वर्ष 2023 से लगातार निर्देश दिए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सरकारी अभिलेखों के अनुसार कलियासोत क्षेत्र में कम से कम 97 अतिक्रमण चिन्हित हैं, जिनमें अधिकांश शासकीय भूमि पर हैं। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा करना राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है और अधिकारियों की निष्क्रियता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अधिकरण ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि यह आदेश मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव तक पहुंचाया जाए।

### मंगलवार-बुधवार रात करीब पौने 1 बजे सवारी आटो और स्विफ्ट डिजायर कार में मारी थी टक्कर

# *नशे में धुत बलेनो कार की टक्कर से ऑटो में बैठे प्रिंसिपल के 11 साल के बच्चे की मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित भारत टाकीज ओवर ब्रिज पर 27-28 जनवरी की रात करीब पौने एक बजे तेज रफ्तार बलेनो कार की टक्कर से आटो में परिवार के साथ सफर कर रहे 11 साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि पिता और बहन निजी अस्पताल में भर्ती है। उनका इलाज चल रहा है।

मां की तबीयत में सुधार होने के कारण उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। नशे में धुत बलेनो कार के ड्राइवर ने आटो के अलावा एक स्विफ्ट डिजायर कार को भी टक्कर मारी थी। हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार के ड्राइवर को भी चोट थी। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार फैजान खान (32) कच्ची सराय, स्टेशन बजरिया भोपाल में रहते हैं और सवारी आटो चलाते हैं। फैजान खान बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन एक नंबर की तरफ से मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात पौने एक बजे हरियाणा के एक परिवार को लेकर नादरा बस स्टैंड जाने के लिए निकले। वे भारत टॉकीज ओवरब्रिज पर जीबी कान्मेंट स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि मंडी की तरफ से आ रही बलेनो कार ने गलत दिशा से ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में उनके दाये पैर और बांई आंख में गंभीर चोट आई है।



### हादसे में घायल परिवार, बच्चे की मौत


आटो में टक्कर लगने से हरदीप (39) हरियाणा, उनकी पत्नी रेणु बाला और बेटा अंशु सिंह (11) और 13 साल की बेटी साक्षी को भी गंभीर चोट आई थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। परिवार को बाद में भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान अंशु सिंह शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे मौत हो गई।

### इंदौर जाने के लिए निकला था परिवार

मंगलवार 27 जनवरी को परिवार जिंद, हरियाणा से भोपाल आया था। दरसअल, इंदौर के एकलव्य स्कूल में हरदीप की पत्नी रेणु बाला प्रिंसिपल है। उन्हें इंदौर जाना था। इंदौर के लिए भोपाल से सीधे कोई गाड़ी नहीं थी। लिहाजा परिजन ने एक नंबर स्टेशन के बाहर से सवारी आटो किया और नादरा बस स्टैंड जाने के लिए निकले थे। आटो भारत टॉकीज ब्रिज पर जीबी कान्वेंट स्कूल के सामने पहुंचते ही हादसा हो गया।

### अनियंत्रित होकर स्विफ्ट डिजायर कार में मारी थी टक्कर

ऑटो को टक्कर मारने के बाद कार ने स्विफ्ट डिजायर कार को बांई ओर से टायर की तरफ टक्कर मारी थी। जिससे डिजायर कार का टायर टूट गया और चालक राजू मंसुरी घायल हो गया। थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार शाजापुर पासिंग की है और उसमें सवार युवक की पहचान सौरभ कालोनी निवासी मोहित पाटीदार के रूप में की गई है।




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।




## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न





समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

# पांचवां टी20 : सैमसन की फॉर्म में वापसी और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 7 बजे से मुकाबला

### ईशान के रूप में सैमसन का मजबूत विकल्प

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



### न्यूजीलैंड टीम में तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन शामिल

न्यूजीलैंड की टीम हालांकि गेंदबाजी में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन टीम में शामिल है लेकिन वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं या नहीं, यह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

### भारत कर सकता है गेंदबाजी में फेरबदल

जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में चोटरानी और अनाहत

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटी को हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके हमवतन वेलवन सेंथिलकुमार मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को 11-6, 7-11, 8-11, 11-1, 11-9 से हराया। इस पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेक्लान जेम्स से होगा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने दूसरे दौर में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 11-5, 11-8, 12-14, 11-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम से भिड़ेंगी।

### भुवनेश्वर में आज से अस्मिता रग्बी लीग



**भुवनेश्वर।** भारत के 24 टीमों के 300 से अधिक खिलाड़ी शनिवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय अस्मिता रग्बी महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट साइ की 'अस्मिता' पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो महिला खेलों के लिए 'खेलो इंडिया' योजना का एक प्रमुख कार्यक्रम है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ, ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग और ओडिशा रग्बी फुटबॉल संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। साइ ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 24 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 336 खिलाड़ी और टीम अधिकारी शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने कार्लोस

# अल्काराज ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, 5 सेटों में एलेक्जेंडर को हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा। अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।




### फाइनल में मुकाबला जोकोविच से

स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा।

### दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।

### तीसरे सेट में लंगड़ाने लगे अल्काराज

अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज़्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी, जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

### दिल्ली पर मुंबई का पलड़ा भारी सिद्धेश का पांचवां शतक

**मुंबई।** संकटमोचक सिद्धेश लाड के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढ़त बना ली। तैंतीस वर्ष के लाड ने 178 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका लगातार चौथा शतक है, जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिए हैं।

### दक्षिण अफ्रीका ने इंडीज से जीती सीरीज

**सेंचुरियन।** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली।

## टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। फाइनल सेट के टाईब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इससे पहले जिम पुघ और याना नोवोत्ना ने 1988 और 1989 में लगातार खिताब जीते थे।

---

**IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**
(Jurisdiction-Madhya Pradesh & Chhattisgarh)
2nd & 3rd Floor, BSNL Building, Near Head Post Office, Civil Lines, Jabalpur (MP)- 482001

**Summons**

(Under sub-section (4) of Section 19 of the Act read with sub-rule 2A of Rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules 1993

**Original Application No. 1260 of 2025**

**BANK OF BARODA** — Applicant

**Vs**

**M/s Teaffee Café & others** — Defendants

**1.M/s Teaffee Café Through its Proprietor Mr. Mohammad Salim**
House No.31/3, Gali No.2, Kumharpura, Jinsi, Jehengirabad, Bhopal 462008

**2.Mr. Mohammad Salim s/o Mujibur Rehman**
House No.31/3, Gali No.2, Kumharpura, Jinsi, Jehengirabad, Bhopal 462008
Mobile 7000650045 PAN: GSRPS3050P Mdsaleem7575@gmail.com

Whereas OA No.**1260 of 2025** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **11/09/2025.**

Whereas the Hon'ble Tribunal is pleased to issue Summons/Notice on the said Application under Section 19(4) of the Act. OA filed against you for recovery of debts of **Rs. 25,71,149.00 (Rs. Twenty-Five Lakhs, Seventy-One Thousand, One Hundred Forty-Nine Rupees Only),** due in the aforesaid facilities as on **12.04.2025** plus Interest at contractual rates, penal interest & charges w.e.f. **13.04.2025** onwards till the date of actual realisation in full., is annexed along with documents etc.

**In accordance with the Sub-Section 4 of Section 19 of the Act, you Defendants are directed as under:**

**i) To show cause within 30 days (thirty) of service of Summons as to why relief prayed for should not be granted.**

**ii) To disclose particulars of Properties or Assets other than the Properties and Assets specified by the Applicant under Serial No. 3A of Original Application.**

**iii) You are restrained** from dealing with or disposing of Secured Assets or such other Assets and properties disclosed under Serial No.3A of the original application, pending hearing and disposal of the Application for attachment of Properties.

**iv) You shall not transfer** by way of Sale, Lease or otherwise, except in the ordinary course of business any of the Assets under which Security Interest is created and/or other Assets and Properties specified or disclosed under Serial No. 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.

v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by Sale of Secured Assets or OTHER ASSETS AND PROPERTIES in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with Bank holding security interest over such assets.

vi) You are also directed to file the Written Statement with the copy thereof furnished to the Applicant and to appear before the Hon'ble Tribunal at Jabalpur on **11.02.2026 at 10.30 AM,** failing which the Application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and Seal of this Tribunal on **12th Dec. 2025.**

Seal

Authorised Officer
DRT, Jabalpur

---

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**सं०– एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–03–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। प्रोविजन ऑफ ऑटोमैटिक फ्यूज चेंजओवर एंड अलार्म सिस्टम एट 15 स्टेशन्स ऑफ जीसी एंड। एंड जीस॥ सेक्शन ईन डीडीयू डीविजन। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ फ्यूज ऑटो चेंजओवर सिस्टम विथ सेल्फ रिस्टोरिंग/ऑटो रिस्टोरिंग/ऑटो चेंजओवर सिस्टम एट बैलेंस स्टेशन्स ऑफ डीडीयू डीविजन।, **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू० 3,80,37,535.30/–(तीन करोड़ अस्सी लाख सैंतीस हजार पॉच सौ पैंतीस रूपये एवं तीस पैसे मात्र)।, **3. धरोहर राशि :** रू० 3,40,200/– (तीन लाख चालीस हजार दो सौ रूपये मात्र)।, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 20/02/2026 को 12:30 तक।, **5. बेवसाईट का पता जहॉं से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: www.ireps.gov.in**

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०

पीआर/1717/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25-26/32

---




---

**कार्यालय नगर पालिक, निगम भोपाल**

यांत्रिकी विभाग
जोन क्रं - 21
निविदा आमंत्रण घोषणा - पत्र

क्रमांक 35 यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 29/01/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेंज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी पी डब्ल्यू डी पंजीकरण | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_478994_1 | Construction of CC road and drain at internal streets of ganga nagar ward 24 Zone 21 | 13,22,000/- | 9915/- | 2000/- | C class asper centralized registraion system of mppwd | MPUADD Road and Bridgrs and Building SOR ISSR 2021 | 02 माह |
| 2 | 2026_UAD_479012_1 | Balance work for varishth sabha grah bhawan at professor colony ward 24 Zone 21 | 11,03,131/- | 8274/- | 2000/- | C class asper centralized registraion system of mppwd | MPUADD Building SOR ISSR 2021 | 02 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in/. The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (29.01.2026) to 17:30 P.M. (02.03.2026) Amendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं-21, नगर निगम, भोपाल

नि. क्रं. 3061/025/026

---

**Directorate of Urban Administration & Development, M.P.**

Notice Inviting Tender (NIT)
Palika Bhawan, 6 No. Locality, Shivaji Nagar, Bhopal, Pin-462016
Tel: 0755-2575491, E-mail: firecell@mpurban.gov.in

No. 1456-1459 — Dated: 19/01/2026

**e-Tender Notice**

Tenders are invited by The Commissioner, Directorate of Urban Administration & Development, M.P., Bhopal for the following items: -

| No | Tender ID | Item Name | Quantity | Required EMD | Tender Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_476890_1 | RFP for Procurement of Advance Multi-Purpose Fire Tenders | 22 | INR 52,00,000/- | INR 30,000/- |
| 2 | 2026_UAD_476901_1 | RFP for Procurement of Mini Water Tender with Mist Technology | 111 | INR 53,30,000/- | INR 30,000/- |
| 3 | 2026_UAD_476906_1 | RFP for Procurement of Fire Tender | 127 | INR 1,08,50,000/- | INR 50,000/- |
| 4 | 2026_UAD_476907_1 | RFP for Procurement of Water Bowser | 21 | INR 53,60,000/- | INR 30,000/- |

a. Cost of tender document (Tender fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Tender fee should be deposited online on the MP Tenders website.

b. The tender should be submitted online on MP Tenders website https://mptenders.gov.in in favour of the Commissioner, Directorate of Urban Administration & Development, M.P. Bhopal within scheduled date and time.

c. Schedule:

| No | Event | Date &Time |
|---|---|---|
| 1 | Bid Document Download / Sale Start Date | 20/01/2026 from 10:00 Hrs. |
| 2 | Pre-Bid Queries Submission Start Date | 20/01/2026 from 11:00 Hrs. |
| 3 | Pre-Bid Queries Submission End Date | 25/01/2026 till 17:00 Hrs. |
| 4 | Pre-Bid Meeting-1 Date | 27/01/2026 at 12:00 Hrs. |
| 5 | Pre-Bid Meeting-2 Date | 09/02/2026 at 12:00 Hrs. |
| 6 | Pre-Bid Queries Response Date | 13/02/2026 up to 17:00 Hrs. |
| 7 | Bid Submission Start Date | 13/02/2026 from 18:00 Hrs. |
| 8 | Bid Submission End Date | 09/03/2026 till 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid (P.Q.) Opening Date | 10/03/2026 at 17:30 Hrs. |
| 10 | Financial Bid Opening Date | To be declared later. |

G-25031/25 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

Addl. Commissioner
Directorate, UAD, M.P.

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा**
**राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग**
**ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल फोन-0755 2463894**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | सिस्टम टेन्डर नं. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ सी.पी.ए._ 477641 | 93/25-26 दि. 22.11.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधानसभा भवन में विभिन्न सेक्शन ऑफिसों में विद्युतीकरण कार्य। | रू 12,52,627.00 | रू 25053.00 | रू 2000.00 | 1.5 माह | लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकार |
| 2 | 2025_ सी.पी.ए._ 477643 | 94/25-26 दि. 22.11.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधानसभा भवन में विभिन्न सेक्शन ऑफिसों में वातानूकूलन कार्य। | रू 18,55,875.00 | रू 37118.00 | रू 2000.00 | 1.5 माह | तदैव |
| 3 | 2025_ सी.पी.ए._ 477644 | 95/25-26 दि. 22.11.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह खण्ड अ, ब, एवं स में स्थापित एलीवेटर का वार्षिक संधारण कार्य। | रू 23,08,428.00 | रू 46169.00 | रू 5000.00 | 04 माह | तदैव |
| 4 | 2025_ सी.पी.ए._ 477645 | 96/25-26 दि. 22.11.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधानसभा भवन में वॉटर कूलर एवं वॉटर फिल्टर प्रदाय एवं स्थपना कार्य। | रू 8,31,720.00 | रू 16634.00 | रू 2000.00 | 15 दिवस | तदैव |
| 5 | 2025_ सी.पी.ए._ 477795 | 97/25-26 दि. 22.11.2026 | विधानसभा भवन, परिसर, रोड, पार्किंग एरिया एवं अन्य सहयोगी भवनों की साफ-सफाई एवं सामान्य संधारण कार्य। | रू 55,21,836.00 | रू 55218.00 | रू 10000.00 | 12 माह | तदैव |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 28.1.2026 से दि. 09.2.2026 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। (3) विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता है। (4) निविदा से संबंधित आवश्यक अभिलेख केवल ऑन लाईन ही प्राप्त किये जा सकेगें। यदि आवश्यक हो तो केवल निविदाकार स्वयं कार्यालय में जाकर स्थल का अवलोकन कर सकता है।

कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग
ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल फोन-0755 2463894

G-25069/25 — " स्वच्छता ही सेवा "




### कयाकिंग-कैनोइंग के सी1 में भोपाल की प्रगति शर्मा ने जीता गोल्ड

# अंडर-19 बॉयज क्रिकेट में भोपाल डिवीजन की टीम बनी चैंपियन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स में प्रदेशभर की प्रतिभाएं अपने कौशल का प्रदर्शन कर रही हैं। शुक्रवार को महोत्सव के तीसरे दिन राजधानी में क्रिकेट, कयाकिंग एवं कैनोइंग, मुक्केबाजी समेत अनेक खेलों की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। अंडर-19 बॉयस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में भोपाल डिवीजन ने ग्वालियर को 159 रन से परास्त कर चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपए का पुरस्कार जीता। जबकि ग्वालियर को रनरअप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर सागर डिवीजन की टीम रही। वहीं लोअर लेक में कयाकिंग एवं कैनोइंग की आयोजित स्पर्धाओं में बालिका एवं बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने जल पर संतुलन, गति और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया।

**सी1 गर्ल्स 200 मीटर फाइनल-** बालिका वर्ग की इस स्पर्धा में भोपाल की प्रगति शर्मा ने 50.476 सेकेंड का समय लेते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया।

टीकमगढ़ की माही शाऊ को रजत तथा हरदा की वेदिका बिश्नोई ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**सी2 गर्ल्स 500 मीटर फाइनल-** इस स्पर्धा में भोपाल की दिव्यानी दुगर ने 2:18.388 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता।


टीकमगढ़ की कानुप्रिया राजपूत को रजत तथा सागर की अनाया फैज ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

**के4 गर्ल्स 500 मीटर फाइनल-** टीम स्पर्धा में भोपाल की रुखमणि डांगी, मानवी जाट, ऋषिका वर्मा एवं नीलू वर्मा की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

### प्रदेश के युवा मुक्केबाज़ों का दमदार प्रदर्शन

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने तकनीकी दक्षता, रणनीतिक कौशल और दमदार पंच के साथ उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में 44–46 किग्रा में आर्यन शर्मा, 46–48 किग्रा में अमृत गुप्ता, 48–50 किग्रा में खुशदीप बिश्नोई, 50–52 किग्रा में अभिषेक बघेल, 57–60 किग्रा में प्रियांश कीर एवं 75–80 किग्रा में प्रज्वल पुरोहित ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 52–54 किग्रा में अब्दुल्ला खान और 54–57 किग्रा में धीर भरद्वाज ने रजत, जबकि 65–70 किग्रा में ओम भोई ने कांस्य पदक अर्जित किया।

### भोपाल के तैराकों ने 2 स्वर्ण सहित 9 पदक प्राप्त किए



खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत इंदौर के शिशुकुंज स्विमिंग अकादमी के तरणताल में 27-31 जनवरी तक खेली जा रही तैराकी प्रतियोगिता के चौथे दिन भोपाल के तैराकों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। भोपाल के अर्थ जैन ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक बालक ग्रुप - 1 में स्वर्ण और अन्वी खंडूरी ने बटर फ्लाई 50 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अन्वी ने 200 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत पदक भी प्राप्त किया। वहीं मनवा पाबले, वाणी जैन ने भी रजत और ऋषभ कौशिक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 2 रजत और 1 कांस्य रिले इवेंट में आया। पदक तालिका इंदौर 52 स्वर्ण, 21 रजत, 13 कांस्य, भोपाल 8 स्वर्ण, 9 रजत और 15 कांस्य, जबलपुर 3 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक हैं।

### राज्यपाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में खेलो एमपी यूथ गेम्स का समापन आज

**खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य समापन समारोह शनिवार 31 जनवरी को शाम 5 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह की तैयारियों को लेकर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को तात्या टोपे स्टेडियम स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।**

### सीपीएल-6 का तीसरा दिन भी काफी रोमांचक रहा

# शिव साईं ग्रुप, जेनेरिक सुपर किंग, शमशाबाद केमिस्ट क्लब, रॉयल केमिस्ट की टीमें जीतीं

**मुख्य अतिथि सांसद चौधरी बोले- केमिस्टों का यह टूर्नामेंट समाज को फिट रहने का देता है संदेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रातीबड़ स्थित फेथ मैदान पर चल रहे केमिस्ट प्रीमियर लीग-6(सीपीएल-6) में तीसरे दिन की शुरुआत राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहे, उन्होंने कहा, केमिस्टों का यह कार्यक्रम काफी अच्छा है, वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि खेलेगा इंडिया तभी खिलेगा इंडिया। केमिस्टों का यह टूर्नामेंट समाज के लिए संदेश है कि हर व्यक्ति को फिट रहना चाहिए और मैं देख रहा हूं कि इस टूर्नामेंट में 22 ,23 साल से लेकर 55 साल तक के खिलाड़ी खेल रहे हैं तो खेल कितना जरूरी है जो हमें जोड़ने का काम करता है हमें स्वस्थ रखने का काम करता है और उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ और पूरी टीम को शानदार आयोजन की बधाई दी।

#### तीसरे दिन कुल छह मुकाबले खेले गए

पहले मैच में फार्मा वॉरियर्स ने 8 ओवर में 86 रन 2 विकेट खोकर बनाए। जवाब में शिव साईं ग्रुप 5 ओवर 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रिजवान रहे, जिन्होंने 18 गेंदों में 52 रन बनाए। दूसरे मैच में मध्य प्रदेश केमिस्ट लीजेंड्स 8 ओवर में 29 रन 7 विकेट खोकर बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जेनेरिक सुपर किंग ने 2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच समर खान रहे, जिन्होंने 4 गेंदों पर 16 रन बनाए। तीसरे मैच मे फार्मा वारियर ने 8 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए। जवाब में शमशाबाद केमिस्ट क्लब ने 7.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच जितेंद्र सिंह रहे, जिन्होंने 26 गेंदों में 37 रन बनाए। चौथे मुकाबले में जेनेरिक सुपर किंग ने 8 ओवर में 97 रन बनाए 4 विकेट के नुकसान पर। जबाव में रॉयल केमिस्ट भोपाल की टीम ने मात्र 6.1 ओवर ने लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच साद अली रहे, जिन्होंने 25 गेंदों पर शानदार 75 रन बनाए। पांचवें मैच में शमशाबाद केमिस्ट क्लब ने 63 रन बनाए। जवाब में शिव साईं ग्रुप ने 4.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया 1 विकेट के नुकसान पर। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विश्वेश विश्वकर्मा, जिन्होंने 2 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट लिए। छठवें




मैच में मप्र केमिस्ट लीजेंड्स ने 64 रन बनाए। रॉयल केमिस्ट भोपाल की टीम ने 2.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच एक बार फिर साद अली रहे, जिन्होंने 10 गेंदों पर शानदार 50 रन की पारी खेली। सीपीएल सीजन-6 में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग (पुरुष/महिला वर्ग) चैंपियनशिप

# पदक लक्ष्य के साथ आरएनटीयू की पुरुष-महिला टीम मैदान में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग (पुरुष/महिला वर्ग) चैंपियनशिप 2025–26 में भाग लेने रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल की पुरुष एवं महिला शूटिंग टीम (10 मीटर एयर राइफल एवं एयर पिस्टल) स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ (उत्तर प्रदेश) पहुंचकर खिताबी दावेदारी पेश कर रही है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 27 से 31 जनवरी तक स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ में आयोजित की जा रही है।

टीम मैनेजर लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला शूटिंग टीम पूरी एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में उतर रही है। पुरुष वर्ग में अमित सिंगरौली, सचिन खंडारे, ध्रुव सिंह, निखिल पुंडीर, इमैन्युअल मैथ्यू जैकब, जतिन , सिद्धार्थ परिहार विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं महिला वर्ग में हर्षिता चौकसे, श्रीवल्ली श्रीवास्तव, प्रकृति पाटीदार, अर्चना दमहेऔर निकिता गुप्तापदक जीतने के लक्ष्य के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।

### वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता

# एलएनसीटी की जीत से शुरुआत, अजिंक्या डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी को 67 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के तत्वावधान में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी,राजकोट में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (पुरुष वर्ग) के सुपर नॉकआउट मुकाबले में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजिंक्या डी.वाई. पाटिल यूनिवर्सिटी, पुणे को 67 रनों से पराजित किया।

मैच में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। इनमें सक्षम शर्मा ने 21 गेंदों पर 36 रन, जबकि सौरभ मेवाड़ा ने 16 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली। इसके अलावा सहज निगम (30) और सिद्धार्थ चौहान (19) ने भी टीम के स्कोर को मज़बूती दी। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजिंक्या डी.वाई. पाटिल यूनिवर्सिटी की टीम 15.3 ओवरों में 97 रनों पर ऑलआउट हो गई। इनमें अंशु यादव ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। गेंदबाजी में एलएनसीटी के नीलेश मीणा ने 4 ओवर में 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। वहीं कप्तान आशुतोष सिंह ने 2 विकेट झटके। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए नीलेश मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट में अगले दौर में प्रवेश किया।

### भोपाल ट्राफी टेनिस बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# शाहपुरा केमिस्ट, बुचके कंसट्रक्शंस, कार्पोरेट और अल्फा इलेवन ने अपने-अपने मैच जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर खेले जा रहे भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार शाम 4 मैच खेले गए। पहला मैच ओल्ड कैम्पियन और अल्फा इलेवन के बीच खेला गया। ओल्ड कैम्पियन फाइटर ने निर्धारित 8 ओवर में 72 रन बनाये। अल्फा इलेवन ने 3 विकेट खोकर 73 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच डीबी इलेवन और शाहपुरा केमिस्ट के बीच खेला गया। डीबी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 87 रन बनाए। शाहपुरा केमिस्ट ने 92 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। तीसरा मैच विक्की चौहान इलेवन और बुचके कन्स्ट्रक्शन के बीच खेला गया। विक्की चौहान इलेवन ने 6 विकेट के नुकसान पर 8 ओवर में 42 रन बनाये। बुचके कन्स्ट्रक्शन की टीम ने 4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। चौथा मैच कैमरामेन और कार्पोरेट इलेवन के बीच खेला गया। कैमरामेन इलेवन ने निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 69 रन बनाये। कार्पोरेट इलेवन की टीम ने 7 ओवर में 71 बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। इस मौके पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार वितरित किए।

### लोनावला में बैठक व कई स्पर्धाएं आयोजित

# बिटोआ के वार्षिक अधिवेशन में मप्र के धर्मेश यशलहा हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन बिटोआ का वार्षिक अधिवेशन महाराष्ट्र के लोनावला में सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय अधिवेशन में बिटोआ बैठक, कार्यशाला, बैडमिंटन और टेबल टेनिस स्पर्धा हुईं। लोनावला के खेलबाडा में बीजेके स्पोर्ट्स सेंटर में नवनिर्मित 20 कोर्ट्स के बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में पहला आयोजन था। पुरस्कार वितरण समारोह बीजेके के दुनिल धुलेकर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी और जेके स्पोर्ट्स सेंटर के इंचार्ज केके चीमा, पद्मश्री और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बैडमिंटन प्रशिक्षक गौरव खन्ना, महाराष्ट्र बैडमिंटन संगठन के पूर्व सचिव और भारतीय बैडमिंटन संगठन सीओसी कन्वेनर सुंदर शेट्टी और बिटोआ अध्यक्ष दिल्ली के राजीव मेहता के आतिथ्य में हुआ। मुख्य पैरा बैडमिंटन प्रशिक्षक, रैफरी और मैच नियंत्रक गौरव खन्ना बिटोआ उपाध्यक्ष भी हैं। बिटोआ उपाध्यक्ष महाराष्ट्र के उदय साने ने संचालन किया। सभी बिटोआ सदस्यों को उपहार दिए गए, बिटोआ उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा को भी सम्मानित किया गया, वे बिटोआ में मप्र से अकेले पदाधिकारी हैं।

### सागर और भोपाल डिवीज़न के लिए आज निर्णायक दिन

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट फेथ क्रिकेट मैदान पर चार दिवसीय मैच सागर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य खेला जा रहा है। सागर ने तीसरे दिन कल के स्कोर 1/234 रन से आगे खेलते हुए 144.4 ओवर में 489 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसमें अरमान वाधवा ने 140 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं सहजदीप बत्रा 97 रन पर आउट हो गए। गगन दीप ने नाबाद 91 और अवधेश राजपूत नें 58 रन बनाए । भोपाल से प्रारब्ध ने हैट्रिक सहित 4 विकेट, पृथ्वीराज तोमर और सार्थक सोनी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 23 ओवर में 105 रन बना लिए हैं, जिसमें पृथ्वीराज 70 और अरहम 28 रन पर खेल रहे हैं । कल चौथा व अंतिम दिन का खेल खेला जाएगा ।

### हॉकी इंडिया लीग में किया कमाल

# साई-एनसीओई के अमनदीप बने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साई एनसीओई भोपाल के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ी अमनदीप लकरा ने हाल ही में संपन्न हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय हॉकी में एक उल्लेखनीय अध्याय जोड़ा है। हैदराबाद तूफ़ान का प्रतिनिधित्व करते हुए अमनदीप लकरा ने 9 गोल दागकर अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया। ओडिशा के सुंदरगढ़ में जन्मे अमनदीप लकरा हॉकी से गहराई से जुड़े परिवार से आते हैं। उनका सफर समर्पण, अनुशासन और त्याग से प्रेरित रहा है। उनके पिता विजय के. लकरा, स्वयं एक हॉकी कोच हैं, जो खिलाड़ी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना पूरा नहीं कर सके। इसी अधूरे सपने को साकार करने के संकल्प के साथ अमनदीप ने भारत के लिए खेलने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अमनदीप लकरा ने वर्ष 2013 में हॉकी खेलना शुरू किया और उन्हें पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं पद्म सम्मानित दिलीप तिर्की से प्रेरणा मिली।

### फरहान ने दागे डबल गोल, एलजीएस मप्र बना चैम्पियन



**भोपाल।** फरहान अंसारी के डबल गोल की मदद से एलजीएस मप्र ने वेटरन हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया है। पुणे में आयोजित इस टूर्नामेंट के फाइनल में शुक्रवार को एलजीएस ने तेलंगाना को 5-0 से हराया। इसमें फरहान के अलावा आमिर दुर्रानी, जफर हसन और सिराज सरजू ने एक–एक गोल किए। पूरे टूर्नामेंट में एजीएस के खिलाड़ी छाए रहे। सबसे ज्यादा आठ गोल फरहान के नाम रहे। एलजीएस ने अपने पहले मुकाबले में हिमाचल को, फिर तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और आखिर में तेलंगाना को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

### वार्षिक साधारण सभा विदिशा में हुए चुनाव

# एमपीबीएः केमकर-चौघुले की टीम पुनः निर्विरोध निर्वाचित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन (एमपीबीए) की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बीती 25 जनवरी को विदिशा में किया गया, जिसमें एसपीबीए के संविधान के अनुसार चुनाव अधिकारी एपी एस कुशवाह व बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक मजूर पारीक की उपस्थिति में संपन्न चुनाव प्रक्रिया में एमपीबीए के पदाधिकारी एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में केमकर-अनिल चौघुले की टीम को पुनः निविरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव में गिरीश केमकर को अध्यक्ष एवं अनिल कृष्णराव चौघुले को सचिव युना गया। नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। एसपीबीए के पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव विदिशा स्थित अमोल रिसोर्ट में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में मध्यप्रदेश की विभिन्न जिला बैडमिंटन संघों के अध्यक्ष एवं संचित उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930